✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 352 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 22 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



सड़क हादसों में मृत पुलिसकर्मियों के परिवारों को बीमा का चेक देते सीएम सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### सुधा दूध की कीमतों में वृद्धि

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में महंगाई के बीच आम लोगों को एक और बड़ा झटका लगा है। सुधा डेयरी ने दूध की कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान कर दिया है। नई दरें आज 22 मई यानी शुक्रवार से लागू होंगी। अब उपभोक्ताओं को सुधा दूध खरीदने के लिए पहले से दो रुपये ज्यादा खर्च करने होंगे। कीमत बढ़ने का सीधा असर रोजाना दूध खरीदने वाले लाखों परिवारों पर पड़ेगा।

### वज्रपात से दो की मौत

**मधेपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** बिहारीगंज थाना अंतर्गत लक्ष्मीपुर लालचंद पंचायत में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से दो युवकों की मौत हो गई जबकि चार-पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान वार्ड एक निवासी पिंटू राम तथा रंजीत राम के रूप में हुई है। वहीं घायलों में किशोर राम, सुमन कुमार, अरविंद कुमार और साजन कुमार शामिल हैं।

### महानंदा नदी में नहाने के दौरान डूबे चार बच्चे

**पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)।** बायसी थाना क्षेत्र के गांगर पंचायत स्थित गोहास गांव में गुरुवार की दोपहर महानंदा नदी में स्नान करने गए चार बच्चे नदी की तेज धारा में बह गए। नहाने के दौरान एक बच्चा गहरे पानी में डूबने लगा और उसे बचाने के प्रयास में अन्य तीन बच्चे भी डूब गए। ग्रामीणों ने तुरंत नदी में बच्चों की तलाश शुरू कर दी। काफी मशक्कत के बाद एक बच्चे का शव नदी से बरामद किया गया जबकि अन्य तीन बच्चों की खोज ग्रामीणों व एसडीआरएफ टीम द्वारा देर शाम की गई लेकिन कोई अता-पता नहीं चला।

मुख्यमंत्री ने सड़क हादसों में मृत पुलिसकर्मियों के परिवारों को सौंपा बीमा का चेक

# आप ड्यूटी कीजिए, आपका परिवार हमारा : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को सड़क हादसों में मारे गए पुलिसकर्मियों के परिवारों को बीमा का चेक सौंपा। इस दौरान पुलिस परिवारों से मिलकर वे भावुक हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार पुलिस पर जितना भी इन्वेस्टमेंट किया जाए कम है। पुलिस बल जितना बड़ा होगा तभी सुशासन स्थापित होगा। नीतीश जी बिहार को सुशासन के रास्ते पर लेकर आए हैं। बिहार की समृद्धि का रास्ता ही सुशासन है। कुछ लोगों को अपनी चिंता होती है। कुछ लोग ये भी कह रहे हैं कि पुलिस एनकाउंटर कर रही है तो उसमें जाति भी पूछनी चाहिए। मैं तो पुलिस वालों से कहूंगा कि जाति पूछकर ही गोली चलाइए। ऐसे मत चलाइए। लोग क्या-क्या कॉमन सेंस यूज करते हैं। पुलिस वाले घर



परिवार छोड़कर ड्यूटी करते हैं। उन्होंने कहा कि सूबे के 534 प्रखंडों में मॉडल स्कूल की कल्पना के लिए सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल बनाने का संकल्प लिया है। ये स्कूल ऐसे होंगे की बड़े अधिकारी चाहें कि हमारे बच्चों का एडमिशन हो जाए। हमें स्कूल भी चाहिए और मेडिकल फ़ेसिलिटी भी चाहिए। अधिकारियों ने कहा था कि बिहार की पुलिस के लिए कैशलेस व्यवस्था के लिए 150 करोड़ रुपए लगेंगे। मैंने कहा 200 करोड़ लगे तो भी इसे लागू कर दीजिए। पुलिस वालों को लेकर कोई समझौता नहीं। सरकार पुलिस के दम पर ही सुशासन ला रही है। 40 पुलिस लाइनों में हम अच्छे स्कूल खोलने जा रहे हैं। मैं इसे अगली कैबिनेट में ही ले आऊंगा। आप इसे मेरे पास लेकर आइए। बिहार अब सड़क, बिजली, पानी इन सब से ऊपर उठ चुका है। हमें उद्योग धंधे भी चाहिए। इसके बाद सीएम ने मुख्यमंत्री (शेष पृष्ठ 10 पर)

# बिहार के 16 जिलों में बनेंगे छह मंजिला बस स्टैंड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य के कई जिलों में यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। सरकार अब पटना समेत 9 प्रमंडलीय जिलों को छोड़कर बाकी जिलों में आधुनिक बस स्टैंड बनाएगी। इसके लिए पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप यानी पीपीपी मॉडल अपनाया जाएगा। पहले चरण में 16 जिलों का चयन किया गया है। यहां जल्द निर्माण काम शुरू किया जाएगा। सरकार की योजना के मुताबिक नए मॉडल बस स्टैंड जी प्लस फाइव यानी छह मंजिला इमारत के रूप में तैयार किए जाएंगे। पूरे परिसर को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा ताकि यात्रियों को आरामदायक सफर का अनुभव मिल सके। यात्रियों के इंतजार के लिए दो फ्लोर पूरी तरह एयर कंडीशंड वेटिंग हॉल के रूप में विकसित किए जाएंगे। यहां बैठने की बेहतर व्यवस्था होगी। बुजुर्गों, महिलाओं और परिवार के साथ सफर करने वाले लोगों के लिए अलग आराम कक्ष भी बनाए जाएंगे ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो। बस स्टैंड परिसर में मेडिकल इमरजेंसी की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। यहां डॉक्टरों की टीम और एम्बुलेंस की व्यवस्था की जाएगी। किसी यात्री की तबीयत खराब होने पर उसे मुफ्त में उसकी पसंद के अस्पताल तक पहुंचाने की सुविधा भी मिलेगी। सरकार का लक्ष्य है कि बिहार के बस स्टैंड को रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट की तरह विकसित किया जाए। यात्रियों को साफ-सफाई, सुरक्षा, आरामदायक बैठने की व्यवस्था और आधुनिक सुविधाएं एक ही जगह पर मिलें। इससे राज्य की परिवहन व्यवस्था मजबूत होगी और यात्रियों को बेहतर अनुभव मिलेगा।

# विद्यालय से बाहर नहीं रहेंगे छह से 14 वर्ष के तक के बच्चे, नामांकन अभियान 31 तक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में छह से 14 वर्ष तक के बच्चे विद्यालय से बाहर नहीं रहेंगे। राज्य सरकार इनका दाखिला सरकारी विद्यालयों में कराएगी। शिक्षा विभाग इसके लिए 31 मई तक अभियान चलाएगा। इसको लेकर प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम विरकर ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के पास पत्र भेजा है। कहा गया है कि विद्यालय से बाहर के शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन कराएं। इसके लिए गृह वार सर्वेक्षण से बच्चों का नामांकन कराया जाए। दरअसल नये अकादमिक सत्र 2026-27 में प्रत्येक 6 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों का उसके पोषक क्षेत्र में आने वाले विद्यालयों में अनिवार्य रूप से नामांकन सुनिश्चित करने के लिए पिछले माह 30 दिनों का अभियान चलाया गया था। इस दौरान कक्षा एक, कक्षा छह और कक्षा नौ में बच्चों का नामांकन कराया गया। समीक्षा में पता चला कि अभियान के बावजूद काफी बच्चे नामांकन से वंचित रह गए हैं। इसको देखते हुए शिक्षा विभाग ने अभियान की तिथि बढ़ाई है। विभाग कम नामांकन वाले विद्यालयों से जवाब मांगेगा। इसके तहत जिन विद्यालयों में वर्ष 2025-26 की तुलना में इस वर्ष कम नामांकन हुआ है उन विद्यालयों से जवाब तलब किया जाएगा। संतोषजनक जबाव नहीं मिलने पर कार्रवाई भी होगी।

# ग्रामीण पुलों के निर्माण के लिए 73 करोड़ आवंटित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के अंतर्गत पुलों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए 73 करोड़ 53 लाख रुपये आवंटित किया गया है। साथ ही इस अतिरिक्त राशि की निकासी की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। इस तरह वित्तीय वर्ष 2026-27 में निकासी सीमा बढ़कर 278 करोड़ 75 लाख रुपये हो गई है। इसको लेकर ग्रामीण कार्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि आवंटित राशि का किसी अन्य मद में खर्च पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस राशि से पटना, सारण के सोनपुर, नवादा और अररिया जिले में पुल निर्माण कार्यों को विशेष गति मिलेगी। इसके अतिरिक्त मोतिहारी, त्रिवेणीगंज, सहरसा आदि जगहों पर पुल निर्माण कार्यों के लिए संवेदकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित (शेष पृष्ठ 10 पर)




योजना के बारे में

**झारखंड के छात्रों के लिए प्रमुख इंटर्नशिप कार्यक्रम**
यह 2 माह की, क्रेडिट-आधारित सशुल्क इंटर्नशिप है, जिसका उद्देश्य झारखंड के गांवों में पारंपरिक ज्ञान एवं नवाचारों की पहचान और दस्तावेजीकरण करना है।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अनुरूप**
यह योजना छात्रों को अनुभवात्मक अधिगम प्रदान करने के लिए तैयार की गई है, जो NEP 2020 का एक प्रमुख घटक है।

**यह कार्यक्रम झारखंड के उच्च शिक्षण संस्थानों (HEIs) के 17,000 से अधिक**
छात्रों को जोड़ने तथा पूरे राज्य के सभी 4,345 पंचायतों को कवर करने का लक्ष्य रखता है।

छात्रों के लिए इसमें क्या है

**सीखते हुए कमाएँ**
इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर ₹10,000 तक का स्टाइपेंड प्राप्त

**शैक्षणिक क्रेडिट प्राप्त करें**
इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर, आपकी विश्वविद्यालयीय पाठ्यक्रम संरचना के अनुसार शैक्षणिक क्रेडिट प्रदान किए जाएंगे

**विशेष मार्गदर्शन एवं मेंटरशिप**
आपको संस्था के समर्पित फैकल्टी मेंटर तथा एक मेंटर-फॉर्मर-मेंटॉर्स के मार्गदर्शन में सीखने का अवसर

**पुरस्कारों के लिए प्रतिस्पर्धा**
श्रेष्ठ इंटर्नशिप प्रोजेक्ट्स को मान्यता दी जाएगी और छात्रों को जिला एवं राज्य स्तर पर आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे

कार्यक्रम की समय-रेखा

**सप्ताह 1: ओरिएंटेशन एवं प्रशिक्षण**
कार्यक्रम की शुरुआत एक सप्ताह के ओरिएंटेशन और प्रशिक्षण सत्र से होगी, जिससे छात्रों को फील्डवर्क के लिए तैयार किया जाएगा

**सप्ताह 2-सप्ताह 4: पंचायतों में फील्डवर्क**
फील्ड विजिट, स्थानीय अपूर्ण आवश्यकताओं की पहचान, कम उपयोग/अप्रयुक्त संसाधनों, जमीनी स्तर के नवाचारों एवं पारंपरिक ज्ञान धारकों की पहचान

**सप्ताह 5-सप्ताह 8: रिपोर्ट तैयारी एवं प्रस्तुति**
पारंपरिक ज्ञान एवं जमीनी स्तर के नवाचारों की पहचान व दस्तावेजीकरण, विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट जमा करना तथा पंचायतों में निष्कर्षों की प्रस्तुति

शीर्ष इंटर्नशिप टीमों के लिए पुरस्कार

1 राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ इंटर्नशिप टीम ₹1,25,000

2 राज्य स्तरीय उपविजेता इंटर्नशिप टीम ₹1,00,000

3 प्रत्येक जिले की शीर्ष 1 टीम ₹75,000

पात्रता एवं सहभागिता कैसे करें

**कौन पात्र है**
झारखंड के किसी भी राज्य या निजी विश्वविद्यालय (तथा उनके घटक और संबद्ध महाविद्यालय) के सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र

**टीम बनाएं**
छात्र 4 सदस्यों के समूह में भाग लेते हैं

नॉलेज पार्टनर

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान – भारत National Innovation Foundation - India | Honey Bee Network | Gian

और जानें

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग झारखण्ड

PR-380447 (Higher Education,Technical Education and Skill Development Department) 26-27

बिहार सरकार



अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस
(22 मई 2026)

मुख्यमंत्री
बिहार

संदेश

वनों, पहाड़ों, नदियों एवं झीलों में वनस्पति और जीव–जन्तुओं की विविधता ही उन्हें जीवंत बनाती हैं। खेती–बाड़ी एवं पशुधन की विविधता से ग्रामीण क्षेत्रों में हरीतिमा बसती है। शहरों में भांति–भांति के पेड़–पौधों, बाग–बगीचों, तालाबों से इनमें प्रकृति की छटा बनी रहती है। जैव विविधता स्वस्थ पर्यावरण एवं सुरक्षित प्रकृति का आधार है। बिहार की पारम्परिक संस्कृति जैव विविधता के संरक्षण से जुड़ी है।

विगत सदी की मानवीय विकास प्रक्रियाओं में हुई चूक से जैव विविधता तेजी से घटने लगी है। आज पूरी दुनिया की चिंता जैव विविधता को संरक्षित करने के लिये है। इसके वास्ते अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।

पिछले दो दशकों से बिहार में जल जीवन हरियाली मिशन, वन्यजीव संरक्षण, जैविक खेती और देशी नस्लों के पशुधन का विकास सदृश कई योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जो जैव विविधता के संरक्षण में सहयोगी हैं। इनके साथ–साथ सभी विकास प्रक्रियाओं तथा आम–जनों की जीवन शैली में प्राकृतिक और स्थानिक जैव विविधता के संरक्षण हेतु व्यावहारिक प्रयास करना वांछित है।

**अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस** के अवसर पर समाज का हर वर्ग सरकार के साथ मिल–जुलकर बिहार में जैव विविधता को समृद्ध करने हेतु कृत–संकल्प हों।

(सम्राट चौधरी)

PR No.- 003934 ( Envir. & Forest )D. 2026-27

बिहार सरकार

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2026
स्थानीय प्रयासों से वैश्विक प्रभाव

मंत्री,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु
परिवर्तन विभाग

संदेश

जैव विविधता, प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण की सबसे मजबूत कड़ी है।

भांति–भांति के प्राकृतिक स्थल, पेड़–पौधे एवं जीव–जन्तुओं से धरती की पर्यावरणीय तंत्र स्वस्थ, लचीली और टिकाऊ होती है।

मानव सभ्यता द्वारा सदियों से पारम्परिक खेती–बाड़ी, पालतू पशुओं, मछली एवं जलीय वनस्पति से सम्बन्धित क्रिया–कलापों में विविधता तथा स्थानीय जलवायु से सुसंगत फसलों एवं नस्लों का विकास एवं संरक्षण किया जाता रहा है।

विगत सदी में औद्योगिक तथा शहरी विकास एवं आधुनिक विज्ञान और टेक्नोलॉजी के उपयोग में कुछ ऐसी चूक हुई कि जैव विविधता तेजी से घटने लगी। जैव विविधता के ह्रास से पारिस्थितिकीय असंतुलन बढ़ रहा है, जिसके गम्भीर दुष्परिणाम जलवायु परिवर्तन एवं प्रदूषण के रूप में परिलक्षित हो रहा है।

राज्य सरकार द्वारा विगत दो दशकों से हरित आवरण का विस्तार, वन्यजीव संरक्षण तथा कृषि सम्बन्धित प्रक्षेत्रों में कई ऐसे कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, जो जैव विविधता के संरक्षण हेतु काफी कारगर हैं।

इन सभी कार्यक्रमों तथा अन्य विकास प्रक्रियाओं में जैव विविधता संरक्षण को व्यावहारिक रूप से ज्यादा–से–ज्यादा प्रभावी बनाना समय की मांग है, जिसके लिये राज्य सरकार कृत–संकल्प है। इन प्रयासों में सरकार के साथ समाज की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

**अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस** के अवसर पर राज्य, देश और दुनिया के लिये हितकर जैव विविधता संरक्षण के लिये व्यावहारिक प्रयास का हम संकल्प लें।

(डॉ० रामचन्द्र प्रसाद)

PR No.- 003933 (Envir. & Forest)D. 2026-27

# दाखिल-खारिज में गड़बड़ी पर तुरंत होगी कार्रवाई, विभाग में तैनात हुई इओयू टीम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में व्यवस्था सुधारने के साथ ही भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के निर्देश पर विभाग में आर्थिक अपराध इकाई का विशेष सेल गठित किया गया है। विभाग में लगातार मिल रही भ्रष्टाचार, अवैध वसूली तथा राजस्व कार्यों में अनियमितता की शिकायतों के बाद यह निर्णय लिया गया है। आर्थिक अपराध इकाई, बिहार पटना द्वारा जारी पत्र के अनुसार राजस्व एवं



भूमि सुधार विभाग में विशेष टीम की प्रतिनियुक्ति की गई है। यह टीम भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों की जांच और कार्रवाई में सहयोग करेगी। प्रतिनियुक्त अधिकारियों में पुलिस उपाधीक्षक राकेश कुमार, पुलिस निरीक्षक हरि ओझा तथा पुलिस अवर निरीक्षक श्री चर्तुवेदी सुधीर कुमार शामिल हैं। इन अधिकारियों को विभाग में विशेष दायित्व सौंपा गया है। राजस्व मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम जनता को पारदर्शी, जवाबदेह और भ्रष्टाचारमुक्त राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भूमि मापी, भू लगान समेत अन्य ऑनलाइन सेवाओं व राजस्व कार्यों में भ्रष्टाचार और अनियमितता की लगातार शिकायतें मिल रही थीं जिससे आम लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि आर्थिक अपराध इकाई के विशेष सेल के गठन से विभागीय कार्यों की निगरानी मजबूत होगी और भ्रष्टाचार में संलिप्त कर्मियों एवं अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि जनता से जुड़े मामलों का निष्पादन समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए।

## सिसवा में मंत्री श्रवण कुमार का भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्वी चम्पारण जिले के सिसवा में आयोजित 'बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव' में जाने के क्रम में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, ग्रामीण विकास विभाग सह जदयू विधायक दल के नेता और पूर्वी चम्पारण जिला के प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार, वाल्मीकि नगर के सांसद सुनील कुमार और सिकटा के विधायक समृद्ध वर्मा का भव्य और उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। केसरिया मोड़ और अरेराज चौक पर जदयू कार्यकर्ताओं व स्थानीय नागरिकों ने मंत्री के पहुंचते ही उनके नाम का नारा लगाया जिससे पूरा क्षेत्र जयघोष से गूंज उठा। मंत्री श्रवण कुमार ने कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जनता का यह स्नेह और समर्थन हमें समाज और बिहार के विकास के लिए निरन्तर काम करने की प्रेरणा देता है।

## सत्तारूढ़ दल के नव नियुक्त मुख्य उप सचेतक सुधांशु शेखर ने मंत्री श्रवण कुमार से की शिष्टाचार मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के नव नियुक्त सत्तारूढ़ दल के मुख्य उप सचेतक मंजीत सिंह, सचेतक सुधांशु शेखर, अरूण मांझी, राम विलास कामत तथा विनय कुमार चौधरी ने मंत्री, ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग-सह-जनता दल यू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर विधान सभा के सदस्यों ने विधान सभा की कार्यवाही, जनहित के मुद्दे तथा सरकार के नीतियों को प्रभावी ढंग से सदन में रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की। नव नियुक्त सचेतकों एवं मुख्य उप सचेतक ने उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन के साथ निभाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना तथा सदन की गरिमा बनाएं रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। नेता विधायक दल, जद यू श्रवण कुमार ने सभी जन प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकानाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व एवं सक्रिय योगदान से विधान सभा की कार्यवाही और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनेगा।

## नई दिल्ली में नितिन नवीन से मिले बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय, नई दिल्ली में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नितिन नवीन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रो. रणबीर नंदन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत शॉल एवं गुलदस्ता भेंट कर किया। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों को लेकर भी सकारात्मक चर्चा हुई। प्रो. रणबीर नंदन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन के नेतृत्व, कार्यशैली और संगठन के प्रति उनकी सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा, आत्मीयता और स्नेहपूर्ण व्यवहार हर कार्यकर्ता को प्रेरित



करने वाला है। प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नीतिन नवीन का मार्गदर्शन पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष का आत्मीय स्नेह एवं प्रेरणादायक शब्द उन्हें सदैव जनसेवा और सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि नीतिन नवीन का व्यक्तित्व, कार्य के प्रति समर्पण तथा सभी के प्रति अपनापन विशेष रूप से प्रभावित करता है। गुरु महाराज की कृपा उन पर सदैव बनी रहे और उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे। इस अवसर पर प्रो. रणबीर नंदन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वस्थ, सफल एवं दीर्घ राजनीतिक जीवन की कामना भी की।

## टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता अभियान की तीसरी कड़ी का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** केन्द्रीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, पटना में ओपीडी परिसर में भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे 'सघन 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत उन्मूलन' के अंतर्गत जनजागरूकता अभियान की तीसरी कड़ी का आयोजन चिकित्सा निदेशक डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रेक्षी श्रीवास्तव, पोषण आहार विशेषज्ञ द्वारा टीबी रोगियों में उचित पोषण के महत्व, संतुलित आहार, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में पोषण की भूमिका तथा विभिन्न खाद्य पदार्थों के लाभ की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही टीबी की रोकथाम एवं शीघ्र सुधार के लिए संतुलित खानपान की आवश्यकता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। डॉ गोविन्द प्रसाद, एसीएचडी/शिशु विशेषज्ञ के द्वारा टीबी के मरीजों में पोषण की आवश्यकता के महत्व पर महत्वपपूर्ण जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के अंत में चिकित्सा निदेशक डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा ने उचित पोषण एवं सामुदायिक सहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किये।

## भारत में आतिथ्य उद्योग तेजी से हो रहा विकसित, लगातार बढ़ रही पर्यटकों की संख्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्थान होटल प्रबंधन संस्थान, हाजीपुर 12वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए विभिन्न प्रकार के डिग्री एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करता है। ये पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उत्कृष्ट रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराते हैं। प्राचार्य पुलक मंडल आईएचएम हाजीपुर ने बताया कि होटल प्रबंधन संस्थान, हाजीपुर राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं केटरिंग टेक्नोलॉजी परिषद, नोएडा से संबद्ध है। यह संस्थान आतिथ्य उद्योग में सफल करियर बनाने के इच्छुक इंटरमीडिएट उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए होटल प्रबंधन शिक्षा का सुनहरा अवसर प्रदान करता है।



आईएचएम हाजीपुर में एनसीएचएमसीटी, नोएडा द्वारा प्रस्तावित एवं जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त तीन वर्षीय बी.एससी. इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है। पुलक मंडल ने आगे बताया कि तीन वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के साथ-साथ आईएचएम हाजीपुर में विभिन्न प्रकार के रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा कोर्स भी संचालित किए जाते हैं। डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर नामांकन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जा रहा है। सुमित चटर्जी, विभागाध्यक्ष ने बताया कि भारत में आतिथ्य उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है तथा पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उनके अनुसार युवाओं के लिए होटल उद्योग से जुड़ने का यह उपयुक्त समय है, क्योंकि यह क्षेत्र सुरक्षित रोजगार एवं आकर्षक करियर के अवसर प्रदान करता है। हॉस्पिटैलिटी एवं होटल एडमिनिस्ट्रेशन के विद्यार्थियों के लिए रिटेल सेक्टर, क्रूज लाइन, एयरलाइंस, भारतीय रेलवे, सशस्त्र बलों के खानपान प्रतिष्ठान, सरकारी आतिथ्य सेवाएं, बहुराष्ट्रीय कंपनियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं।

## भारतीय व्यवसायियों के लिए वैश्विक विकास मंच के रूप में दुबई की भूमिका मजबूत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दुबई चैंबर्स के तहत संचालित 'दुबई चैंबर ऑफ कॉमर्स' ने घोषणा की है कि वर्ष 2026 की पहली तिमाही के दौरान 3,995 नई भारतीय कंपनियां चैंबर में शामिल हुई है। मार्च 2026 के अंत तक दुबई चैंबर ऑफ कॉमर्स में पंजीकृत भारतीय सदस्य कंपनियों की कुल संख्या बढ़कर 84,088 हो गई है जिससे भारतीय कंपनियां दुबई का सबसे बड़ा विदेशी व्यापारिक समुदाय बन गई है। दुबई चैंबर्स के प्रेसिडेंट एवं सीईओ मोहम्मद अली राशिद लूटा ने कहा कि भारतीय कंपनियों की लगातार बढ़ती मौजूदगी इस बात का प्रमाण है कि वे दीर्घकालिक सफलता और वैश्विक विस्तार के लिए दुबई पर भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि दुबई विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, अनुकूल कारोबारी माहौल और वैश्विक कनेक्टिविटी उपलब्ध कराता है। जॉयलुक्कास ग्रुप के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. जॉय अलुक्कास ने कहा कि यूएई ने हमेशा व्यापार समुदाय को स्थिरता, सुरक्षा और निरंतर सहयोग प्रदान किया है जिससे व्यवसायों को आगे बढ़ने का भरोसा मिला है। इंडियन बिजनेस एंड प्रोफेशनल काउंसिल के चेयरमैन सिद्धार्थ बालचंद्रन ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बीच दुबई स्थिरता और दूरदर्शी नीतियों का प्रतीक बनकर उभरा है। वहीं ऐपकॉर्प होल्डिंग के चेयरमैन एवं अपैरल ग्रुप के मालिक नीलेश वेद ने कहा कि दुबई भारतीय व्यवसायों को वैश्विक जुड़ाव, स्थिरता और विस्तार के लिए मजबूत कारोबारी वातावरण प्रदान करता है। दुबई का कारोबारी माहौल स्पष्ट नीतियों, मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे पर आधारित है। दुबई इंटरनेशनल चैंबर मुंबई और बेंगलुरु स्थित अपने कार्यालयों के माध्यम से भारतीय कंपनियों को दुबई में कारोबार स्थापित करने और विस्तार करने में सहयोग प्रदान कर रहा है।

## ग्रामीण सड़कों-पुलों की गुणवत्ता से समझौता नहीं : सुनील कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि उनका विभाग सीधे तौर पर आम-जनजीवन से जुड़ा विभाग है और ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की विकासात्मक प्रतिबद्धता का सबसे महत्वपूर्ण आधार भी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़कों और पुलों के निर्माण की गुणवत्ता के साथ किसी भी स्तर पर कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिन योजनाओं के लिए विभागीय कोष उपलब्ध हैं उन्हें हर हाल में निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार बुधवार को विभागीय मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं प्रगति यात्रा से संबंधित परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति, निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता नियंत्रण तथा समयबद्ध निष्पादन की समीक्षा कर रहे थे।

## कौशल विकास केन्द्रों पर संकट, जवाब देने के बाद भी नवीकरण लंबित : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जंदाहा/वैशाली।** विशाल युवा केंद्र के प्रोपराइटर डॉ. आनंद रंजन झा ने बिहार कौशल विकास मिशन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि विभाग को शो-कॉज नोटिस का विस्तृत एवं तथ्यात्मक जवाब दिए जाने के बावजूद केंद्र के नवीकरण की प्रक्रिया अब तक लंबित रखी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग मूल मुद्दे पर निर्णय लेने के बजाय अलग-अलग मामलों का हवाला देकर नवीकरण प्रक्रिया को प्रभावित कर रहा है। डॉ. झा ने बताया कि विभाग द्वारा जारी शो-कॉज नोटिस के जवाब में सभी आवश्यक दस्तावेज, न्यायालय में लंबित मामलों की जानकारी तथा केंद्र संचालन की वास्तविक स्थिति स्पष्ट रूप से प्रस्तुत कर दी गई थी। इसके बावजूद अब तक कोई



अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि विशाल युवा केंद्र वर्ष 2017 से लगातार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है तथा केंद्र की संपूर्ण आधारभूत संरचना–कंप्यूटर लैब, सर्वर, हाई-स्पीड इंटरनेट, सी.सी.टी.वी, बायोमेट्रिक सिस्टम एवं प्रशिक्षित स्टाफ सहित सभी व्यवस्थाएं आज भी सुचारू रूप से उपलब्ध हैं। डॉ. आनंद रंजन झा ने यह भी आरोप लगाया कि विभाग द्वारा 40 प्रतिशत से कम नामांकन का हवाला देकर बिहार के लगभग 500 कुशल युवा कार्यक्रम केंद्रों को बंद करने की तैयारी की जा चुकी है जबकि नामांकन से संबंधित कार्य जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र का तथा केवाईपी केंद्रों की मुख्य जिम्मेदारी केवल प्रशिक्षण प्रदान करना था। उन्होंने कहा कि यदि नामांकन प्रक्रिया में कमी रही है तो उसके लिए सीधे केंद्र संचालकों को जिम्मेदार ठहराना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक एवं आत्मनिर्भर बनाना है, लेकिन विभागीय विलंब एवं प्रशासनिक नीतियों के कारण कार्यशील केंद्रों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगभग 21 लाख की वैध राशि रोकी गई तथा 5-5 लाख के दो चेक दिए गए, जो बैंक से बाउंस हो गए।

## एलआइसी का समाप्त वर्ष पर कुल प्रीमियम आय 5,35,984 करोड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंबई।** भारतीय जीवन बीमा निगम के निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए स्टैंडअलोन तथा समेकित वित्तीय परिणामों को अनुमोदित किया एवं स्वीकृति प्रदान की। 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए कर पश्चात लाभ 57,419 करोड़ रहा जबकि 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष में यह 48,151 करोड़ था जिससे 19.25% की वृद्धि दर्ज हुई। निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 10 अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 10 प्रति शेयर अंतिम लाभांश की सिफारिश की है (जो बोनस इश्यू से पहले के आधार पर 20 प्रति इक्विटी शेयर के बराबर है)। यह लाभांश निगम की 5वीं वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की स्वीकृति के अधीन होगा। प्रथम वर्ष प्रीमियम आय के आधार पर बाजार हिस्सेदारी के संदर्भ मे भारतीय जीवन बीमा व्यवसाय में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए हुए है, एफवाइ 26 में इसकी कुल बाजार हिस्सेदारी 56.66% रही जबकि एफवाइ 25 में यह 57.05% थी। 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए व्यक्तिगत व्यवसाय में बाजार हिस्सेदारी 36.60% तथा समूह व्यवसाय में 70.11% रही। 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए कुल प्रीमियम आय 5,35,984 करोड़ रही जबकि 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष में यह 4,88,148 करोड़ थी जिससे 9.80% की वृद्धि दर्ज हुई। व्यक्तिगत नवीन व्यवसाय प्रीमियम 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए 67,676 करोड़ रहा जबकि तुलनीय पिछले वर्ष की अवधि में यह 62,495 करोड़ था जिससे 8.29% की वृद्धि दर्ज हुई।

## भारतीय भाषा समिति की योजना के अंतर्गत कार्यशाला संपन्न, देश भर से जुटे भाषा विशेषज्ञ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की 'भारत भाषाओं में पुस्तक लेखन योजना' के अंतर्गत एकदिवसीय शैक्षणिक कार्यशाला स्थानीय रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय, पटना में आयोजित की गई। इस अवसर पर पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय कुमार सिंह, जे पी विश्वविद्यालय, छपरा के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार वाजपेयी, बिहार लोक सेवा आयोग के सदस्य व केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के प्रो. अरुण कुमार भगत, कॉलेज के प्राचार्य डॉ दिवाकर प्रसाद, कार्यक्रम समन्वयक एवं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के वरीयतम प्रो. अरुण कुमार सिंह,



मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र, मुजफ्फरपुर विश्वविद्यालय के सह समन्वयक डॉ राजेश्वर कुमार तथा भारतीय भाषा समिति के शैक्षिक पदाधिकारी डॉ चंदन श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अपने स्वागत भाषण में प्रो. अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सभी भाषाओं के शिक्षकों को इस आह्वान में सहयोग देना होगा तभी अपनी भाषाओं का स्तर मजबूत हो सकेगा। उन्होंने बताया कि अगले तीन वर्षों में ढाई लाख किताबें भारतीय भाषाओं में प्रकाशित करने की योजना है। मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र, मुजफ्फरपुर विश्वविद्यालय के सह समन्वयक डॉ राजेश्वर कुमार ने विषय प्रवेश करते हुए कहा कि यह कार्यशाला मात्र एक शुरुआत है और भविष्य में व्यापक स्तर पर औ भी कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। भारतीय भाषा समिति के शैक्षिक पदाधिकारी डॉ चंदन श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में बताया कि विद्यालय और उच्च शिक्षा के कार्यक्रमों के लिए 22 भारतीय भाषाओं में डिजिटल इंटरैक्टिव पुस्तकों के रूप में उत्कृष्ट गुणवत्ता वाली शिक्षण सामग्री तैयार करना, जो छात्रों को वेब पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध हो। पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय कुमार सिंह ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय भाषा समिति संपूर्ण देश में विभिन्न विषयों की पाठ्य पुस्तकों के लेखन हेतु कृत संकल्पित है।

## बिहार में बढ़ी ईंधन मांग के बीच पीएसयू तेल कंपनियों ने सुनिश्चित की निर्बाध आपूर्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो/पसूका**

**पटना।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने बिहार समेत देशभर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था की है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने कहा है कि ईंधन की मांग में अचानक आई तेज बढ़ोतरी के बावजूद आपूर्ति व्यवस्था सामान्य रूप से जारी है। तेल कंपनियों के अनुसार हाल के दिनों में पेट्रोलियम उत्पादों की खपत में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इसकी प्रमुख वजह कई राज्यों में चल रही कृषि गतिविधियां और फसल कटाई का मौसम है। इसके अलावा कम कीमतों के कारण खुदरा उपभोक्ताओं का रुझान सार्वजनिक क्षेत्र के पेट्रोल पंपों की ओर बढ़ा है। संस्थागत और व्यावसायिक उपभोक्ता भी अब रिटेल आउटलेट्स से ईंधन खरीद रहे हैं जिससे मांग पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां अपने विशाल नेटवर्क के माध्यम से आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए हुए हैं। इसमें टर्मिनल, डिपो, पाइपलाइन, एलपीजी बॉटलिंग प्लांट और खुदरा आउटलेट्स शामिल हैं। कंपनियों की आपूर्ति टीमें, परिवहन नेटवर्क और कई खुदरा आउटलेट कार्य कर रहे हैं, ताकि ईंधन की उपलब्धता बनी रहे और समय पर आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। बिहार में वर्तमान समय में कुल 3697 रिटेल आउटलेट्स कार्यरत हैं, जिनमें 3590 सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों और 107 निजी क्षेत्र के आउटलेट शामिल हैं। राज्य में 8 ऑयल डिपो एवं टर्मिनल केंद्र भी संचालित हैं। यहां प्रतिदिन लगभग 5700 किलोलीटर पेट्रोल तथा 9000 किलोलीटर डीजल की आपूर्ति की जा रही है। एलपीजी आपूर्ति को लेकर भी कंपनियों ने स्थिति सामान्य बताई है। राज्य में लगभग 2000 एलपीजी वितरकों के माध्यम से घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। हालांकि वर्तमान में लगभग 4.5 दिनों का बैकलॉग बताया गया है। कंपनियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे 30 जून 2026 तक अपना इकेवाईसी अवश्य पूरा कर लें, ताकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं पहल योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी निर्बाध रूप से जारी रह सके। तेल उद्योग ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है कि देशभर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा आपूर्ति बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## मातृ-मृत्यु दर में ऐतिहासिक कमी, राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की बड़ी उपलब्धि : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने कहा कि सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम की ताजा रिपोर्ट के अनुसार बिहार में मातृ मृत्यु अनुपात में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। जो प्रशंसनीय है। यह स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों व पदाधिकारियों की अथक मेहनत का प्रतिफल है जो इस बात को प्रमाणित करता है कि पूर्व की सरकार की तुलना में एनडीए सरकार ने बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में अतुलीय योगदान दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने जो विकास की नींव रखी है उसे मौजूदा एनडीए सरकार मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में कायम रखेगी यही मंगल कामना है जिससे प्रदेश के लोग स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ ले सकेंगे। श्री पांडेय ने कहा कि ताजा आंकड़ा बिहार के लिए गर्व का विषय है और राज्य की सुदृढ़ होती स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष प्रमाण है। बिहार में मातृ मृत्यु दर अब प्रति 1 लाख प्रसव पर घटकर 96 हो गई है जो पहले 104 थी।

## सरकार को हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर और काम के बेहतर माहौल पर ध्यान देना चाहिए : एसोसिएशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सरकारी डॉक्टरों ने बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को लागू करने और प्राइवेट मेडिकल प्रैक्टिस पर रोक लगाने के प्रस्ताव पर गहरी चिंता जताई है। उनका कहना है कि ऐसे कदमों से उनके मनोबल और पेशेवर आजादी पर बुरा असर पड़ सकता है। सरकारी अस्पतालों में काम करने वाले डॉक्टरों ने कहा कि वे अपने काम के घंटों के दौरान अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी से निभाते हैं, लेकिन ड्यूटी खत्म होने के बाद उनमें से कई अपनी आमदनी बढ़ाने और अपने पेशेवर कौशल को बनाए रखने के लिए प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि प्राइवेट प्रैक्टिस पर पूरी तरह से रोक लगाने से मेडिकल प्रोफेशनल्स में असंतोष पैदा होगा।

डॉक्टरों के अनुसार बायोमेट्रिक अटेंडेंस से प्रशासनिक दबाव बढ़ सकता है और हेल्थकेयर सिस्टम के अंदर अविश्वास का माहौल बन सकता है। उनका कहना है कि डॉक्टर पहले से ही तनावपूर्ण माहौल में लंबे समय तक ड्यूटी करके और सीमित संसाधनों के साथ काम करते हैं। बिहार हेल्थ सर्विसेज एसोसिएशन के अनुसार अस्पताल के काम के घंटों के बाद प्राइवेट प्रैक्टिस करने से डॉक्टरों की सरकारी जिम्मेदारियों में कोई रुकावट नहीं आती है। एसोसिएशन ने कहा कि पाबंदियां लगाने के बजाय, सरकार को हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर और काम करने के माहौल को बेहतर बनाने पर ध्यान देना चाहिए। संघ ने इस बात पर भी चिंता जताई है कि कड़े नियमों के कारण काबिल प्रोफेशनल्स सरकारी नौकरी में आने या उसमें बने रहने से हतोत्साहित हो सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे फैसलों का असर आखिरकार हेल्थकेयर सेवाओं पर पड़ सकता है, खासकर ग्रामीण और उन इलाकों में जहां डॉक्टरों की पहले से ही कमी है। एसोसिएशन ने 17 मई को पटना में हुई एक बैठक में मांग की है कि इस आदेश को लागू करने से पहले, सरकार के प्रतिनिधियों को डॉक्टरों के साथ चर्चा करनी चाहिए। ताकि कोई हल निकाला जा सके।

## 'हमारा बिहार हमारी सड़क' ऐप से 96 फीसदी शिकायतों का समाधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्रामीण कार्य विभाग बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में बारहमासी सड़क संपर्कता सुनिश्चित करने के साथ-साथ ग्रामीण सड़कों से जुड़ी शिकायतों के निष्पादन को लेकर बेहद गंभीर है। विभाग के स्तर से संचालित 'हमारा बिहार हमारी सड़क' ऐप अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहा है। इस डिजिटल पहल के माध्यम से ग्रामीण जनता अब सीधे तौर पर अपने क्षेत्र की ग्रामीण सड़कों से संबंधित समस्याओं की जानकारी विभाग को उपलब्ध करा रही है। इन शिकायतों का विभाग द्वारा त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्यभर में ऐप के माध्यम से विभाग को कुल 3,213 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से विभाग के स्तर से त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 3,102 शिकायतों का सफलता पूर्वक निष्पादन किया जा चुका है। इस प्रकार 96 प्रतिशत से भी अधिक मामलों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा चुका है। प्राप्त शिकायतों में से 2,476 मामलों में आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जा चुकी है। इन शिकायतों के तहत संबंधित ग्रामीण सड़कों की मरम्मत, सतह सुधार, गड्ढा भराई तथा अन्य अनुरक्षण कार्य सुनिश्चित किये गए हैं। इसके अतिरिक्त 626 शिकायतों की विस्तृत जांच एवं सत्यापन के बाद उन्हें विधिवत बंद किया गया है। इन त्वरित प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्तमान में राज्यभर में मात्र 111 शिकायतें ही लंबित हैं जो कुल शिकायतों का महज 3.45 प्रतिशत है। प्रमंडलवार शिकायतों के निष्पादन के मामले में गयाजी जोन का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा है जहां सबसे कम 2.11 प्रतिशत शिकायतें फिलहाल लंबित हैं। यहां प्राप्त कुल 426 शिकायतों में से 417 का समाधान किया जा चुका है।

# बिहार की पंचायतों के लिए प्रेरणा बनी तेलकप पंचायत, मंत्री ने किया सम्मानित

## तेलकप पंचायत की मुखिया अनीता टोप्पो से मिले पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम/पटना।** राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बिहार का गौरव बढ़ाने वाली रोहतास जिले की तेलकप पंचायत की मुखिया अनीता टोप्पो से पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने गुरुवार को मुलाकात की। उन्होंने मुखिया को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य की अन्य पंचायतों को तेलकप से प्रेरणा लेकर जनहित की दिशा में काम करना चाहिए। आगे कहा कि वे जल्द ही तेलकप पंचायत का दौरा कर वहां चल रहे उत्कृष्ट कार्यों से अवगत होंगे। मंत्री ने पंचायतों को आय के स्वयं के स्रोत विकसित



करने की दिशा में काम करने पर बल देते हुए कहा कि पंचायतों की आत्मनिर्भरता से ग्रामीण विकास को नई मजबूती मिलेगी और पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप अधिक प्रभावी ढंग से काम कर सकेंगी। विदित हो कि मुखिया अनीता को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार (राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार) श्रेणी में द्वितीय स्थान मिला है। मंत्री ने पंचायत में संचालित विकास कार्यों और स्थानीय चुनौतियों की जानकारी ली। विशेष रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्धता व साफ-सफाई जैसे विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि तेलकप पंचायत के कुछ वार्डों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता अभी भी एक प्रमुख चुनौती है जिसे दूर करने के लिए विभाग हरसंभव सहयोग कर रहा है। उन्होंने पंचायत को जनहित व सतत विकास के कार्यों को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

**क्षमता संवर्धन में प्रशिक्षण कार्यक्रम सहायक**

मौके पर विभाग के निदेशक ने भी मुखिया को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनकी उपलब्धि की सराहना की। निदेशक ने पंचायत सचिव के कार्यों की सराहना करते हुए संचालित विकास कार्यों व योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को इस उपलब्धि का महत्वपूर्ण आधार बताया। वहीं मुखिया अनीता टोप्पो ने कहा कि यह सम्मान पंचायत के जनप्रतिनिधियों, पंचायत कर्मियों और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इस पुरस्कार राशि का उपयोग पंचायत के विकासात्मक कार्यों में किया जाएगा। आगे कहा कि जिला पंचायत संसाधन केंद्र की ओर से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने उनके क्षमता संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में काफी सहायता मिली।

# 29 को डिहरी-डालमियानगर नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति का चुनाव

## चुनाव की तारीख घोषित होते ही तेज हुई राजनीतिक सरगर्मी, संभावित प्रत्याशी बहुमत जुटाने में जुटे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी-डालमियानगर नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति के चुनाव को लेकर एक बार फिर नगर की राजनीति गर्मा गई है। भीषण गर्मी और तपती धूप के बावजूद संभावित प्रत्याशी अपने पक्ष में बहुमत जुटाने के लिए लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। नगर परिषद के भीतर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है और विभिन्न गुटों के बीच खींचतान भी शुरू हो गई है। गौरतलब है कि पूर्व में सशक्त स्थायी समिति के चुनाव की प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए इसे अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया था। अब नगर विकास एवं आवास विभाग ने पुनः चुनाव की तिथि घोषित कर दी है। विभाग के अपर सचिव मनोज कुमार द्वारा जारी आदेश के अनुसार 26 मई से 31 मई 2026 के बीच चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसी क्रम में डिहरी-डालमियानगर नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति का चुनाव 29 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा। चुनाव सुबह 8 बजे से डीएवी कैंपस स्थित सम्राट अशोक सभागार में जिलाधिकारी की देखरेख एवं निर्देश के तहत पूर्ण पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा। बताया जा रहा है कि पूर्व में गठित सशक्त स्थायी समिति संवैधानिक रूप से भंग हो चुकी है। ऐसे में अब नगर परिषद से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय नवगठित सशक्त स्थायी समिति द्वारा लिए जाएंगे। चुनाव को लेकर पूर्व समिति के सदस्यों और संभावित उम्मीदवारों के बीच अंदरखाने राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। हालांकि इस चुनावी प्रक्रिया से नगर परिषद के सभापति एवं उपसभापति को अलग रखा गया है। नगर परिषद की राजनीति में सशक्त स्थायी समिति को काफी महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि विकास योजनाओं, वित्तीय स्वीकृतियों और प्रशासनिक निर्णयों में इसकी अहम भूमिका होती है। ऐसे में 29 मई का चुनाव नगर परिषद की भावी दिशा तय करने वाला माना जा रहा है।

# बिक्रमगंज में काव नदी के किनारे दिनदहाड़े फायरिंग, दहशत का माहौल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज शहर के कासी घाट स्थित काव नदी इलाके में बुधवार दोपहर अचानक हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से अफरा-तफरी मच गई। नदी के दोनों किनारों से कई राउंड गोलियां चलने की आवाज सुनकर आसपास के गांवों में दहशत फैल गई। लोग जान बचाने के लिए अपने घरों में दुबक गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोपहर में लगातार फायरिंग हुई जिसकी गूंज दूर तक सुनाई दी। सूचना मिलते ही बिक्रमगंज पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और पूरे इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू की, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही हमलावर फरार हो चुके थे। पुलिस ने जब घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की तो किसी ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। ग्रामीणों का दावा है कि उन्होंने कुछ नहीं देखा जबकि पूरे इलाके में खौफ का माहौल साफ देखा जा सकता था। पुलिस इस गोलीबारी को आपसी वर्चस्व, पुरानी रंजिश या अवैध गतिविधियों से जोड़कर देख रही है। कासी घाट और काव नदी का यह इलाका पहले भी कई बार विवादों और तनाव को लेकर सुर्खियों में रह चुका है। ताजा घटना ने स्थानीय प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। बिक्रमगंज के एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। पुलिस आसपास के गांवों में छानबीन कर संदिग्धों की पहचान में जुटी है। अभी इस पर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। फिलहाल इलाके में तनावपूर्ण शांति है। किसी अनहोनी को रोकने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन दिनदहाड़े हुई फायरिंग से लोग सहमे हुए हैं।

# आरटीआई से खुला 33 लाख का खेल

## बिना एनओसी नगर सीमा से पहले लगा दिया 8 लाख का वेलकम बोर्ड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सूचना के अधिकार के जरिए डिहरी-डालमियानगर नगर परिषद में करोड़ों नहीं, लेकिन लाखों रुपये के सरकारी खर्च में गंभीर अनियमितता उजागर हुई है। आरटीआई से सामने आया कि नगर परिषद ने डिहरी-नासरीगंज पथ पर मकराईन में करीब 8 लाख 20 हजार रुपये की लागत से भव्य वेलकम बोर्ड नगर सीमा से लगभग आधा किलोमीटर पहले ही स्थापित कर दिया। चौंकाने वाली बात यह रही कि पथ निर्माण विभाग की जमीन पर बने इस बोर्ड के लिए विभाग से कोई एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) भी नहीं लिया गया था। करीब दो वर्षों तक चली कानूनी लड़ाई के बाद जिलाधिकारी रोहतास ने 2 मई 2026 को आदेश जारी करते हुए नगर परिषद को गलत स्थान पर लगे बोर्ड को हटाकर वास्तविक नगर सीमा पर स्थापित करने का निर्देश दिया। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी डिहरी को पूरे कार्य की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि आदेश में सरकारी धन की बर्बादी और बिना एनओसी निर्माण कराने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय करने या जांच के संबंध में कोई उल्लेख नहीं किया गया है। न्यू एरिया, डालमियानगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता रविकेश उपाध्याय ने नगर परिषद से सूचना मांगते हुए पूछा था कि मकराईन स्थित वेलकम बोर्ड नगर सीमा पर है या नहीं। जवाब में नगर परिषद ने स्वीकार किया कि बोर्ड वास्तविक सीमा से लगभग आधा किलोमीटर पहले लगाया गया है तथा इसके लिए पथ निर्माण विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। दस्तावेजों के अनुसार एक बोर्ड पर लगभग 8.20 लाख रुपये खर्च हुए जबकि शहर के चार प्रवेश मार्गों पर लगे कुल चार बोर्डों पर 32 लाख 73 हजार 715 रुपये खर्च किए गए। आरटीआई के बाद रविकेश उपाध्याय ने अनुमंडल लोक शिकायत निवारण कार्यालय में परिवाद दायर करते हुए कहा कि गलत स्थान पर बोर्ड लगाए जाने से आम लोगों में भ्रम की स्थिति बन रही है। इस पर नगर परिषद की ओर से जवाब दिया गया कि 'वेलकम बोर्ड से नगर सीमा तय नहीं होती।' इसी आधार पर परिवाद को बंद कर दिया गया। परिवाद खारिज होने के बाद रविकेश उपाध्याय ने प्रथम अपील अपर समाहर्ता के समक्ष दायर की। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि वेलकम बोर्ड से सीमा निर्धारित नहीं होती, तो बिना एनओसी लाखों रुपये खर्च करने का औचित्य क्या था। प्रथम अपीलीय प्राधिकार ने अपीलकर्ता के तर्क को उचित मानते हुए नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि विभागीय निर्देश प्राप्त कर बोर्ड को सही स्थान पर स्थापित किया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी के समक्ष द्वितीय अपील दायर की गई। 2 मई 2026 को पारित आदेश में डीएम ने माना कि बोर्ड गलत स्थान पर स्थापित है और उसे सीमांकित क्षेत्र के निकट स्थानांतरित करने का निर्देश दिया।

# अलग-अलग मामलों में चार फरार अभियुक्त गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढी गोला(रोहतास)।** स्थानीय पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को अकोढी गोला थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि कांड संख्या 138/26 और 39/26 में अवैध शराब बेचने के आरोपी धकेलु भुईयां, पिता नागेश्वर भुईयां को गोवर्धनपुर गांव से गिरफ्तार किया गया। वह गोवर्धनपुर का ही रहने वाला है। इसके अलावा थाना क्षेत्र के बगेन गांव से नागेंद्र कुमार को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। वहीं अजमानती वारंटी धीरेंद्र कुमार को शंकरपुर गांव से पकड़ा गया। लड़की भगाने के मामले में कांड संख्या 47/26 के मुख्य अभियुक्त अनीश कुमार को कोलहाई वरुणा से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि सभी चारों अभियुक्तों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# बिक्रमगंज में जैव विविधता संरक्षण का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 22 मई के उपलक्ष्य में गुरुवार को बिक्रमगंज के लक्ष्मणपुर प्राथमिक विद्यालय परिसर स्थित बगीचे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां स्कूली बच्चों ने जैव विविधता में हो रहे ह्रास को रोकने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बच्चों को व्यावहारिक अनुभव के जरिए बताया गया कि बगीचे और पेड़ों के नीचे गर्मी का प्रभाव कम रहता है। जैव विविधता बाल क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ अफरीदी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जैव विविधता का ह्रास मानव सहित सभी जीव-जंतुओं के लिए घातक है, इसलिए पौधे लगाने, पेड़ों का संरक्षण करने और पंछियों



के लिए छतों पर दाना-पानी रखने की अपील की गई। जैव विविधता प्रबंधन समिति मानी के अध्यक्ष मृत्युंजय मानी ने बच्चों से इको फ्रेंडली बनने का आह्वान करते हुए कहा कि जैव विविधता के ह्रास से प्रकृति असंतुलित हो रही है और इसे बचाने के लिए सभी को आगे आना होगा ताकि अगली पीढ़ी को हरा-भरा व स्वस्थ पृथ्वी मिल सके। उन्होंने जोर दिया कि पृथ्वी केवल मनुष्यों के लिए नहीं, बल्कि कीड़े-मकोड़े और वनस्पतियों सहित सभी के लिए समान है और इको सिस्टम बना रहने से ही पर्यावरण संतुलित रहेगा। इस दौरान बच्चों को पेड़-पंछियों की जैव विविधता, पेड़ों का जीवन में महत्व और उनके संरक्षण के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। स्कूल परिसर के बगीचे में ही कार्यक्रम करने का उद्देश्य बच्चों को ठंडे वातावरण का एहसास दिलाना था जिसे उन्होंने स्वयं महसूस किया।

# इंटरनेशनल टैलेंट सर्च परीक्षा में अव्वल प्रदर्शन करने वाले भैया-बहन पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू के स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को इंटरनेशनल टैलेंट सर्च परीक्षा का परिणाम जारी किया गया जिसका आयोजन दिसम्बर 2025 में किया गया था। बताते चलें कि प्रतिभागियों में एक खुशी की लहर देखी गई। विद्यालय स्तर पर आयोजित एक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर के भैया बहनों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया था। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा ने पुरस्कार वितरण किये जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में पांच सौ रूपए के बैंक चेक, स्वर्ण पदक के साथ प्रमाण पत्र सम्मिलित विजेता के नाम है कनक कुमारी, जेशिका कुमारी और देवेंद्र राज को प्राप्त हुआ जिससे काफी हर्ष व्याप्त है। दूसरी पुरस्कार स्वर्ण पदक, कैलकुलेटर और प्रमाण पत्र पाने वाले भैया, बहनों में ऋतूल कुमार, साक्षी गुप्ता, आलोक कुमार, अभितेज देव, विवेक कुमार ने हासिल किया। स्वर्ण पदक और प्रमाण पत्र प्राप्त करने वालों में मंजू कुमारी, वर्षा कुमारी, अनुराग कुमार और आयुष राज ने प्राप्त किया। रजत पदक और प्रमाण पत्र पाने वालों में नैतिक पटेल, स्नेहा कुमारी, आयुष कुमार, प्रशांत कुमार, प्रिंस कुमार, अंश कुमार और शुभम कुमार को प्राप्त हुआ। कांस्य पदक के साथ प्रमाण पत्र लेने वालों में प्रत्युष कुमार, अमित कुमार, आर्यन चौधरी, मुन्ना कुमार, रूचि कुमारी और रजनीश कुमार को मिला जिसमें सभी प्रतिभागियों में खुशी की लहर देखी गई। प्रधानाचार्य ने सम्मिलित भैया बहनों को उज्ज्वल भविष्य की कामना किये और प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उत्साहित भी किये। बतायें कि जीवन एक परीक्षा है, सामना करना, अगर सकारात्मक विचार और ऊर्जा बनाकर ही हासिल किया जाता है और अंत में बधाई दिये। समस्त कार्यक्रम का संचालन प्रतिभा कुमारी ने किया और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए दिशा निर्देश दिया।

# काराकाट में शिक्षकों को मिला विशेष प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के काराकाट के गोड़ारी स्थित लर्निंग सेंटर में मध्य विद्यालयों के विज्ञान और गणित शिक्षकों के लिए परियोजना आधारित अधिगम यानी पीबीएल पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में चले इस प्रशिक्षण का मकसद था किताबी ज्ञान को बच्चों के असल जीवन से जोड़ना। बीईओ मनोज कुमार ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि पीबीएल कोई नई पद्धति नहीं बल्कि सीखने का सबसे स्वाभाविक तरीका है। इसमें गणित के फॉर्मूले और विज्ञान के सिद्धांतों को प्रोजेक्ट, प्रयोग और स्थानीय उदाहरणों से समझाया जाता है। ताकि बच्चा रटने के बजाय करके सीखे। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब छात्र अपने आसपास की समस्याओं को गणित-विज्ञान से हल करना सीखेंगे तो विषय बोझ नहीं लगेगा, बल्कि रुचि का साधन बनेगा। इससे बच्चों में तार्किक क्षमता, आपसी सहयोग और नए विचार गढ़ने की आदत विकसित होगी। कार्यशाला में मध्य विद्यालय चांदी के प्रधानाध्यापक संजय कुमार और मध्य विद्यालय अमौना के प्रधानाध्यापक सुशील कुमार गुप्ता ने भी अपने अनुभव साझा किए। तकनीकी सहयोग के लिए दानिश, अभिषेक और उदय की टीम मौजूद रही। प्रशिक्षण सत्र में पीबीएल की योजना बनाने, छात्रों को समूह में बांटने, प्रोजेक्ट मूल्यांकन और कक्षा में इसके क्रियान्वयन पर व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। मौजूद सभी प्रशिक्षु शिक्षकों ने माना कि यह तरीका बच्चों को कक्षा से जोड़कर रखेगा और ड्रॉपआउट घटाने में मददगार होगा। शिक्षकों ने भरोसा दिलाया कि वे अब से हर टॉपिक को छोटे-छोटे प्रोजेक्ट में बदलकर पढ़ाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुभवात्मक शिक्षा के लक्ष्य को जमीन पर उतारने की यह पहल काराकाट में बदलाव की नई शुरुआत मानी जा रही है।

# जर्जर भवन में चल रहा गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय, नए भवन के लिए डीएम से मांगी जमीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार गृह रक्षा वाहिनी के वरिष्ठ जिला समादेष्टा अनिल कुमार वर्मा ने जिला पदाधिकारी उदिता सिंह को पत्र लिखकर नए कार्यालय भवन, बैरक और प्रशिक्षण केंद्र के निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण की मांग की है। उन्होंने डिहरी अनुमंडल कार्यालय स्थित वर्तमान परिसर की भूमि को गृह रक्षा वाहिनी विभाग के नाम अंतर-विभागीय हस्तांतरण करने का अनुरोध किया है। वरिष्ठ जिला समादेष्टा द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि पूर्व में चकिया मौजा में गृह रक्षा वाहिनी के लिए 0.80 एकड़ भूमि आवंटित की गई थी, लेकिन उस जमीन के ऊपर एवं आसपास से पावर ग्रिड की हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजरने के कारण बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम ने सुरक्षा कारणों से उस स्थल को निर्माण के लिए अनुपयुक्त मानते हुए खारिज कर दिया। इसके अलावा पटना स्थित मुख्यालय द्वारा कार्यालय, बैरक एवं प्रशिक्षण केंद्र के निर्माण के लिए कम से कम 3 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में गृह रक्षा वाहिनी का कार्यालय डिहरी अनुमंडल कार्यालय परिसर के पास एक अत्यंत पुराना और जर्जर खपरैल भवन में संचालित हो रहा है। बरसात के दौरान भवन से पानी टपकने के कारण कई महत्वपूर्ण सरकारी अभिलेख भी नष्ट हो चुके हैं जिससे विभागीय कार्य प्रभावित हो रहा है। वरिष्ठ जिला समादेष्टा ने जिला पदाधिकारी से अनुरोध किया है कि वर्तमान परिसर की भूमि का अविलंब अंतर-विभागीय हस्तांतरण कर दाखिल-खारिज की अनुमति प्रदान की जाए, ताकि नए भवन निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू हो सके और परिसर को अतिक्रमण से भी सुरक्षित रखा जा सके। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि नए कार्यालय भवन, बैरक और प्रशिक्षण केंद्र के निर्माण से गृह रक्षा वाहिनी के कार्य संचालन में सुविधा होगी तथा जवानों के प्रशिक्षण एवं आवास की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी।

# जनजातीय बहुल 19 गांवों में कुल 97 आवेदन प्राप्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के मार्गदर्शन में संचालित 'जन भागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले' अभियान के अंतर्गत रोहतास जिला के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में चेनारी, नौहट्टा, सासाराम, रोहतास एवं तिलौथू प्रखंड अंतर्गत 19 गांवों में कुल 97 आवेदन प्राप्त किया गया और 27 को इंटाइटलमेंट वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दूरस्थ एवं जनजातीय समुदायों तक स्वास्थ्य सेवाओं, शासन की कल्याणकारी योजनाओं तथा जागरूकता गतिविधियों की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना है।

# राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय गांधी स्मारक नगर कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ठाकुर ने की। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने उनके जीवन और देश के लिए किए गए योगदान पर प्रकाश डाला।


## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू

### भारत का सर्वोच्च न्यायालय

**समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026**

न्याय को सरल एवं सुलभ तरीके से घर–घर तक पहुंचाने तथा आपसी सहभागिता और सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन 21 अप्रैल 2026 से आरम्भ किया जा रहा है जिसकी परिणति 21, 22 तथा 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगी।

विशेष लोक अदालत का आयोजन माननीय सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 तथा 23 अगस्त को होगा जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामले शामिल किया जायेगा। विशेष लोक अदालत पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य / जिला / तालुका / उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण / समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जायेगा। इस सुलह वार्ता का आयोजन 21 अप्रैल 2026 को समाधान समारोह के आरम्भ के साथ शुरू हो जायेगा।

इस समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) के आयोजन का लक्ष्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का सुलह एवं आपसी सहमति से निष्पादन करना है।

सभी सम्बंधित पक्षों को आमंत्रण

अधिवक्तागण, वादकारियों तथा अन्य सभी सम्बंधित पक्षों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी के लिए आमंत्रित किया जाता है। 21 अप्रैल 2026 से आरम्भ हो रहे समाधान समारोह में आपसी सहमति एवं वार्ता से समाधान तलाशने का प्रयास किया जायेगा। इन सुलह–बैठकों का आयोजन राज्य / जिला / तालुका / उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण / समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जायेगा जिसमें प्रशिक्षित मध्यस्थ तथा / अथवा सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण / समिति पक्षकारों की मदद करेंगे। पक्षकार इन सुलह–प्रयास हेतु बैठकों / वार्ताओं में सशरीर अथवा आभासी रूप से शामिल हो सकते हैं।

अपने मामले (जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है) को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) में कैसे शामिल करें।

इस वास्ते गूगल फॉर्म तैयार किया गया है। इस गूगल फॉर्म को भरना अत्यंत सरल है। इसे भरकर अपने मामले को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026 में शामिल किया जा सकता है। यह गूगल फॉर्म माननीय सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट https://www.sci.gov.in पर उपलब्ध है।

गूगल फॉम लिंक –
https:@@forms-gle@pRWbif6wAPrcgMsZ8
गूगल फॉम भरने की अंतिम तिथिरू 31 मई, 2026
हर प्रकार की सहायता / जानकारी, के लिए सम्पर्क करें।
समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) हेतु बनाये गये वन स्टॉप सेन्टर (वार रूम) इंचार्ज का सम्पर्क नं.– 011–23115652; 011–23116464
सी.आर.पी. निदेशक का सम्पर्क नं.– 011–23115652, 011–23116465
वन स्टॉप सेन्टर (कक्ष संख्या 806 एवं 808, बी ब्लॉक, अतिरिक्त भवन परिसर, सर्वोच्च न्यायालय)
लैण्डलाइन नं.– 011–23116464
ईमेल – speciallokadalat2026@sci-nic-in
माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जनहित में जारी

निवेदक,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू

PR 380358 (District) 26-27 (D)



## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
## जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू

**–:वितीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत 02/05 दुधारू गाय/भैंस एवं डीप बोरिंग की योजना में चयनित लाभुकों के लिये आवश्यक सूचना:–**

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत गव्य प्रक्षेत्र के वितीय वर्ष 2023–24 में चयनित लाभुकों को सूचित किया जाता है कि 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस एवं डीप बोरिंग की योजना की अनुदान राशि उनके Escrow Account में DBT के माध्यम से 30 मार्च 2024 को ही स्थानांतरित कर दिया गया है, परन्तु 02 वर्ष से अधिक समय होने जाने के बाद भी कुछेक लाभुकों द्वारा अपना लाभुक अंशदान जमा नहीं किये हैं, जिसकी सूची निम्न प्रकार है–

| क्र0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न0 | आधार सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **02 दुधारू गाय की योजना में चयनित अवशेष बचे लाभुकों की सूची, जो अभी तक लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं किए हैं और ना ही इनके द्वारा दुधारू गाय का क्रय किया गया है।** | | | | | | | |
| 1 | उमा कुमारी | स्व0 बालकृष्णा प्रसाद | नरसिंहपुर पथरा | नरसिंहपुर पथरा | चैनपुर | 7903003494 | 835088310022 |
| 2 | पुष्पा देवी | शम्भु सिंह | चपरवार | दलपतपुर | पिपरा | 9934553787 | 730862620041 |
| 3 | नुरैशा खातुन | क्यूम अंसारी | खैरादोहर | खैरादोहर | नौडीहा बाजार | 9693602493 | 848200620924 |
| 4 | सीमा देवी | पवन कुमार राम | मुरमा कला | गुरहा कला | विश्रामपुर | 6207823478 | 206108725580 |
| 5 | सावित्री देवी | रामसागर राम | मुरमा खुर्द | गुरहा कला | विश्रामपुर | 9304150806 | 652930447216 |
| 6 | मनिता देवी | बबलु मोची | रेवारातु | रेवारातु | सतबरवा | 8521914732 | 568571246920 |
| 7 | शैरा बानो | मकसूद खान | बारी | बारी | सतबरवा | 7479584357 | 526036620943 |
| 8 | सवीता देवी | विनोद यादव | माहुर | कादलकुर्मी | मोहम्मदगंज | 9006652662 | 611794882046 |
| 9 | चिन्ता देवी | जयमोहन ठाकुर | झरी | बरडंडा | हैदरनगर | 9570917174 | 817630147387 |
| 10 | सुमित्रा देवी | कंचन राम | झरी | बरडंडा | हैदरनगर | 8840136711 | 690587941231 |
| 11 | प्रभा देवी | चन्द्रदेव मांझी | गणेशपुर | नौडीहा–2 | पांकी | – | 914810349709 |
| 12 | तारो देवी | सुदामा सिंह | बरवारी | कोड़िया | सदर मेदिनीनगर | 9973965151 | 879385140393 |
| **05 दुधारू गाय की योजना में चयनित अवशेष बचे लाभुकों की सूची, जो अभी तक लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं किए हैं और ना ही इनके द्वारा दुधारू गाय का क्रय किया गया हैं।** | | | | | | | |
| 1 | राजेन्द्र महतो | रामपृत महतो | पोंची | पोंची | सतबरवा | 9110111549 | 465139640998 |
| 2 | मो0 जुबेर अंसारी | सेराज अंसारी | फुलवरीया | सकलदीपा | पांकी | | 629540413412 |
| 3 | प्रतिमा कुंवर | जनेश्वर सिंह | सरईडीह | सरईडीह | नौडीहा बाजार | 9319284993 | 868919015199 |
| 4 | सत्यम कुमार सिंह | राज दुलार सिंह | सुआ | सुआ | सदर मेदिनीनगर | 9709811300 | 222950014011 |
| **डीप बोरिंग की योजना में चयनित अवशेष बचे लाभुकों की सूची, जो अभी तक लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं किए हैं और ना ही इनके द्वारा डीप बोरिंग का कार्य किया गया हैं।** | | | | | | | |
| 1 | ललीता देवी | स्व0 बालकृष्णा प्रसाद | नरसिंहपुर पथरा | नरसिंहपुर पथरा | चैनपुर | 7903003494 | 657054546626 |
| 2 | जितेन्द्र कुमार यादव | रामजी यादव | छतरपुर | नौडिहा | छत्तरपुर | 8789617172 | 584756111004 |
| 3 | रितेश कुमार वर्मा | स्व0 कृष्णा राम | ढेला | कुराईनपतरा | निलाम्बरपिताम्बरपुर | 9308531019 | 483468588064 |
| 4 | सुमन महतो | राधेश्याम महतो | बैदाकला | उताकी | पाटन | 6299074369 | 571231464417 |
| 5 | उमेश कुमार सिंह | स्व0 जगदीश्वर सिंह | हिसरा पोखराहा | सरजा | सदर मेदिनीनगर | 9801303650 | 369097201703 |

इस आशय की सूचना पूर्व में भी आपके मोबाईल सं0, आम सूचना का प्रकाशन एवं पत्र के साथ प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के माध्यम से भी उक्त योजना से लाभान्वित होने हेतु आप सभी को समय–समय पर सूचना दी गई है परन्तु कुछेक लाभुकों के द्वारा लाभुक अंशदान की राशि अपने Escrow Account में जमा नहीं की गई है, वे दिनांक– 25.05.2026 तक अपना लाभुक अंशदान की राशि जमा करते हुए दुधारू पशुमेला जिला गव्य विकास कार्यालय परिसर, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज से दुधारू गाय का क्रय करना सुनिश्चित करेंगे ताकि योजना का क्रियान्वयन शीघ्र एवं शत् प्रतिशत पूर्ण हो सके।

डीप बोरिंग की योजना में अवशेष बचे लाभुकों को भी सूचित किया जाता है कि दिनांक– 25.05.2026 तक डीप बोरिंग कराकर लाभुक के साथ बोरिंग का Jio Tag Photo, GST Bill, शपथ पत्र एवं मुखिया/प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से बोरिंग का सत्यापित कराते हुए जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू को समर्पित करेंगे ताकि राशि भुगतान की जा सके। लाभुक अंशदान की राशि की जमा पर्ची संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, पलामू में जमा करना सुनिश्चित करेंगे

उक्त के आलोक में शत् प्रतिशत योजना पूर्ण करने हेतु इस कार्यालय द्वारा पत्र, आम सूचना का प्रकाशन एवं दूरभाष के माध्यम से पूर्व में भी सूचित किया गया है परन्तु आपके द्वारा अभिरूचि नहीं लिया जा रहा है। यदि किसी कारणवश आपको यह योजना नहीं लेनी है तो प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, पलामू में हस्तलिखित आवेदन देना चाहेंगे ताकि प्रतीक्षा सूची के दूसरे लाभुकों को आपके खाते से अनुदान राशि स्थानांतरित करने हुए नये लाभुकों को योजना से लाभान्वित किया जा सके।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू।

PR 380385 District(26-27)#D

## एक नजर

### ट्रेन चढ़ने के दौरान महिला की दोनों पैर कटे, मौत

**हिलसा (नालंदा)/नबिटा सं.** हिलसा-एकंगरसराय स्टेशन पर गुरुवार को ट्रेन पर चढ़ने के दौरान संतुलन बिगड़ने से महिला चलती ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उसके दोनों पैर कट गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को तत्काल एकंगरसराय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें पावापुरी रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका की पहचान एकंगरसराय निवासी ललन गुप्ता की 45 वर्षीया पत्नी रेखा देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद मृतका के पति ललन गुप्ता ने रेलवे प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि एकंगरसराय रेलवे स्टेशन का प्लेटफॉर्म काफी नीचा है, जिससे आए दिन इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले भी कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। घटना की सूचना मिलने पर नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार पावापुरी पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

### भीषण गर्मी में स्कूल में बेहोश हुई शिक्षिका

**नगरनौसा (नालंदा)/नबिटा सं.** नगरनौसा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय भदरू के शिक्षिका स्वीटी पटेल भीषण गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर गई। उनकी तबियत प्राथना सभा के दौरान ही खराब हो रही थी। प्राथना खत्म होते ही बेहोश होकर विद्यालय में ही गिर गई। जिससे विद्यालय में अफरातफरी का माहौल बन गया। सहयोगी शिक्षकों ने तत्काल शिक्षिका को नगरनौसा के निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया। जहां अब उनका स्वास्थ्य स्थिर बताया जा रहा है। शिक्षिका को जनगणना कार्य में भी लगाया गया है।

### कक्षा-8 तक के विद्यालयों में 11:00 बजे के बाद शैक्षणिक गतिविधियों पर रोक

**नवादा/नबिटा सं.** जिले में बढ़ते तापमान एवं विशेष रूप से दोपहर के समय पड़ रही भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। जिला दण्डाधिकारी रवि प्रकाश, भा०न०सं० द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत आदेश जारी करते हुए जिले के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों में कक्षा-8 तक (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित) पूर्वाह्न 11:00 बजे के बाद सभी शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेश के अनुसार विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि वे उक्त आदेश के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों का पुनर्निर्धारण सुनिश्चित करें, ताकि बच्चों को भीषण गर्मी एवं लू के प्रभाव से सुरक्षित रखा जा सके। यह आदेश 22 मई 2026 से 30 मई 2026 तक प्रभावी रहेगा।

### नगरनौसा डिग्री कॉलेज के स्थान परिवर्तन होने पर एसएफआई का अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

**नगरनौसा (नालंदा)/नबिटा सं.** नगरनौसा डिग्री कॉलेज के स्थान परिवर्तन होने पर एसएफआई का अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार के दिन से शुरू हो गया। बुधवार के दिन नगरनौसा बस स्टैंड के पास नाराज लोगों ने एनएच 431 जाम कर अपना विरोध प्रदर्शन दर्ज किया था। अनिश्चित कालीन हड़ताल का नेतृत्व कर रहे भारत का छात्र फेडरेशन एसएफआई के राज्य अध्यक्ष कांति कुमारी ने कहा कि आज कुछ लोगों के कारण हमलोगों के संघर्ष के बाद नगरनौसा में स्थापित हुई डिग्री कॉलेज को नगरनौसा मुख्यालय से हटाकर कैला पंचायत के लोदीपुर कर दिया गया। जो गलत है। नगरनौसा बालिका उच्च विद्यालय खाली रहने के बाद भी नगरनौसा डिग्री कॉलेज को लोदीपुर स्थानांतरित कर देना समझ ने पड़े हैं। नगरनौसा प्रखंड मुख्यालय के आसपास बहुत सारे सरकारी जमीन है जिसपर कुछ व्यक्तिगत लोगों का अवैध कब्जा है। हमारी मांग है कि डिग्री कॉलेज को तत्काल नगरनौसा बाजार के बालिका उच्च विद्यालय से संचालित किया जाए और जो जमीन पर अवैध कब्जा है उसे खाली करा कर कॉलेज का नया भवन बनाया जाए। जबतक हमारी मांगे पूरी नहीं कि जाति जबतक हमलोगों का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। मौके पर सावित्री कुमारी, मोनी कुमार, धर्मेंद्र कुमार, गयत्री कुमारी, बबलू कुमार, भोला यादव,रिशु कुमार, विश्वानंद सिंह, रविन्द्र सिंह, जनार्दन प्रसाद मौजूद थे।

### जनजाति गरिमा उत्सव के तहत पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कौआकोल/नबिटा सं.** जनजाति गरिमा उत्सव 2026 के अंतर्गत गुरुवार को कौआकोल प्रखंड के सोखोदेवरा पंचायत स्थित गोबरैया बिरहोर टांड़ टोला में शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनजातीय समुदाय की महिलाओं एवं अभिभावकों को शिशु एवं मातृ पोषण, स्तनपान, पूरक आहार तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को बच्चों के समुचित शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए संतुलित आहार एवं नियमित देखभाल के महत्व की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि स्वस्थ बालक ही स्वस्थ समाज की नींव होते हैं और इस प्रकार के कार्यक्रम जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी लोकेश नाथ चौधरी, विकासमित्र जितेंद्र मांझी,आंगनबाड़ी सेविका आशा देवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### करंट की चपेट में आने से एक घायल

**कौआकोल/नबिटा सं.** कौआकोल थाना क्षेत्र के बिझो गांव निवासी एवं पंचायत समिति सदस्य गुरुवार को विद्युत करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों ने बताया कि घायल पंचायत समिति सदस्य की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है। घटना के बाद परिजनों एवं ग्रामीणों में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### गेट्स फाउंडेशन टीम ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण

**हिलसा (नालंदा)/नबिटा सं.** बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन की एक्सपर्ट एडवाइजरी ग्रुप की टीम ने बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल का दौरा किया। टीम ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान टीम ने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, लेबर रूम, लैब, बाथरूम और शौचालय सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जांच की। इस अचानक दौरे से अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई थी। टीम ने रोस्टर के अनुसार डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की उपस्थिति की भी जांच की। सभी कर्मी अपने कार्यस्थल पर मौजूद पाए गए और मरीजों का समुचित इलाज किया जा रहा था। टीम ने स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं और कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।निरीक्षण के बाद, टीम ने अस्पताल उपाधीक्षक और प्रबंधन के साथ बैठक की। इस बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई और टीम ने अस्पताल के कार्यों को संतोषजनक बताया।

### मलमास मेला में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर डीएम ने किया निरीक्षण

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** राजकीय मलमास मेला के अवसर पर जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बुधवार देर रात्रि राजगीर मेला क्षेत्र का भ्रमण कर श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए आवासन स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूरे मेला क्षेत्र में 15 चिन्हित स्थलों पर आवासन की विशेष व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आवासन स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए तथा सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रखी जाए। मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए है।

# बिहार का हो रहा है समुचित विकास : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 47 में मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना एवं सांसद निधि से कराए गए दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सह बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार तथा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत 69 लाख रुपये की लागत से साठोपुर पासवान टोला से वियावानी पुल तक नदी किनारे नवनिर्मित ईंट सोलिंग एवं पीसीसी ढलाई कार्य कराया गया है। वहीं सांसद निधि से पांच लाख रुपये की लागत से विलास महतो के घर से राजू साव के घर तक पीसीसी ढलाई कार्य का निर्माण कराया गया। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का समुचित विकास हो रहा है और सरकार राज्य को देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि '7 निश्चय-3' के संकल्पों के माध्यम से बिहार में विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता की नई तस्वीर उभर रही है। महिलाओं को स्वरोजगार, युवाओं को कौशल एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, वहीं उद्योग, कृषि और टेक हब के क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ कर विकास की नई कहानी लिखी गई है। राज्य में कानून का राज स्थापित हुआ है और युवाओं को नए अवसर मिले हैं, जिससे जनता का विश्वास सरकार के प्रति और मजबूत हुआ है। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार की योजनाओं का व्यापक असर दिखाई दे रहा है। पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, आत्मनिर्भरता को बल मिला है और समाज में उनका सम्मान भी बढ़ा है। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा, दिवाकर प्रसाद, धनंजय मुखिया, युगल किशोर, प्रमोद यादव, वार्ड पार्षद सविता देवी, धनपत पासवान, दिग्विजय नारायण सिंह उर्फ तन्नू सिंह, बिट्टू कुशवाहा, रामजन्म रविदास, भाजपा नेता कृति कुमार, डॉ. अरविंद कुमार, राजू साव, नीतीश पांडेय, संजय राम, रंजीत सिंह, सुधीर पासवान, सुरेंद्र कुशवाहा, इंदू चौहान, शशिभूषण, महेंद्र प्रसाद, अमित कुमार, रिक्की, संजीत पटेल, धर्मेंद्र यादव, ललन कुशवाहा एवं उपेंद्र दिलवाला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सात हजार पर्यटकों ने ककोलत भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश, पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी श्रेष्ठ कृष्णा द्वारा संयुक्त रूप से गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध पर्यटन स्थल ककोलत जलप्रपात का निरीक्षण 20 मई 2026 को किया गया था। निरीक्षण के दौरान पर्यटकों की अत्यधिक भीड़, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, यातायात नियंत्रण एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई थी। निरीक्षण उपरांत भीड़ प्रबंधन, पर्यटकों की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था एवं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए ककोलत जलप्रपात में प्रवेश शुल्क एवं पार्किंग शुल्क की संशोधित दरें 21 मई 2026 से लागू की गई हैं। संशोधित शुल्क लागू होने के उपरांत भी ककोलत जलप्रपात के प्रति पर्यटकों में उत्साह बना रहा। 21 मई 2026 को टिकट काउंटर बंद होने तक 6900 टिकटों की बिक्री दर्ज की गई। ककोलत जलप्रपात क्षेत्र में व्यवस्था सामान्य एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से प्रतिदिन अधिकतम 8000 पर्यटकों के प्रवेश की सीमा निर्धारित की गई थी। इसके विरुद्ध आज लगभग 7000 पर्यटक स्थल पर पहुंचे, जिसके कारण भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा प्रबंधन एवं पर्यटकों की आवाजाही की स्थिति सामान्य एवं नियंत्रित रही। लोगों को भी कुंड में स्नान करने में किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा। प्रशासन द्वारा स्थल पर सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने हेतु विशेष प्रबंध किए गए हैं। कुंड क्षेत्र में सीमित संख्या में ही पर्यटकों को प्रवेश की अनुमति दी जा रही है तथा भीड़ नियंत्रण के उद्देश्य से पर्यटकों के ठहराव की अवधि निर्धारित की गई है।



# 'सबसे दूर, सबसे पहले' अभियान के तहत 62 पशुओं का हुआ इलाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली (नवादा)।** जनजातीय परिवारों को सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए चलाए जा रहे विशेष जनभागीदारी अभियान 'सबसे दूर, सबसे पहले' के तहत बुधवार, 21 मई को सवैयाटांड़ पंचायत के चटकरी टोला के चांद नगर में गुरुवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और पंचायत स्तरीय कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जनजातीय परिवारों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का प्रयास किया। आवास, राशन, पेंशन, बिजली जैसी आधारभूत सुविधाओं की समस्या को लेकर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। स्थानीय धारीराम मुंडा, नरेंद्र हेम्ब्रम और सोहन होलोगा ने बताया कि टोले में पानी पीने की कोई व्यवस्था नहीं है। कार्यक्रम में प्रथम पशु चिकित्सा पदाधिकारी रेणु मुंडा ने 18 पशुपालकों के 62 पशुओं का निःशुल्क इलाज किया और आवश्यक दवा वितरित की। उन्होंने पशुपालन विभाग के अंतर्गत अन्य योजनाओं, मुर्गी पालन, बकरी पालन आदि की जानकारी दी। साथ ही पशुओं के रख-रखाव और रोगों से बचाव के लिए मिनरल मिक्सचर व कुकसाल्ट भी बांटे गए। वहीं सीडीपीओ सीता कुजूर ने गांव के एकमात्र आंगनबाड़ी केंद्र योजना की बात की और महिलाओं एवं बच्चों को स्वास्थ्य व बुनियादी शिक्षा से जोड़ने पर जोर दिया। जीविका सीसी अनुप कुमार ने जीविका के लाभ बताए। एक स्वयं सहायता समूह का गठन कर महिलाओं को जीविका से जोड़ा गया।डुमी देवी, मंगी देवी, नरई मुंडा और सुंदरी देवी का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। सोहन होलोगा और अलबिना हेम्ब्रम का जाति प्रमाण पत्र भी मौके पर बनाया गया। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुरेंद्र चौहान ने सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। जनसुनवाई कार्यक्रम से स्थानीय जनजातीय परिवारों ने खुशी जाहिर की और सरकार के जीवन स्तर में सुधार के प्रयासों की सराहना की।



# बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी का विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय पसिया, प्रखंड अकबरपुर में शनिवार को बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखंड इकाई अकबरपुर का कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। श्री अनिल कुमार की अध्यक्षता एवं रमन राय द्वारा मंच का संचालन किया गया। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान ने कहा कि नियोजित शिक्षकों का बकाया राशि जो वर्षो से लंबित है। विभाग द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है। नियोजित शिक्षकों का 12 वर्षीय एवं विशिष्ट शिक्षकों का 8 वर्षीय प्रोन्नति पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के मनमानेपन के कारण प्रखंड स्तर से जिला शिक्षा कार्यालय, स्थापना शाखा, नवादा को सेवा-पुस्त भेजा नहीं जा रहा है जिस कारण प्रोन्नति देने में विलंब हो रही है। बैठक में शिक्षकों के द्वारा आरोप लगाया गया कि कुछ अनाधिकृत लोगों द्वारा सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत विद्यालय से विद्यालय अभिलेखों एवं शिक्षकों का शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मांग कर शिक्षकों से नाजायज राशि की मांग की जा रही है। इससे शिक्षक काफी रोष में है। इसके अलावा कुछ विद्यालयों में विद्यालय शिक्षा समिति का गठन ग्रामीण जनता की आपसी रंजिश के कारण नहीं हो पा रहा है जिससे वहां विद्यालय में मध्याह्न भोजन नहीं बन पा रहा है। शिक्षक अपनी समस्याएं पदाधिकारीयों के बीच रखने के बावजूद भी पदाधिकारीयों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है इससे शिक्षक काफी निराश है। जिला सचिव अजय कुमार ने कहा कि दो माह से नियोजित शिक्षक और सर्व शिक्षा अभियान के तहत स्नातक ग्रेड के शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं किया हुआ है। विशिष्ट और नियमित शिक्षकों का एरियर भुगतान नहीं किया जा रहा है।

**नयी कार्यकारिणी का विस्तारः-**
प्रखंड अध्यक्ष मो0 अजहरुद्दौला,
प्रखंड सचिव सुबोध कुमार,
उपाध्यक्ष पीयूष कुमार, अजय कुमार, सुलेखा कुमारी,
संयुक्त सचिव निरंजन कुमार, सच्चिदानंद प्रसाद, कंचनमाला,
कोषाध्यक्ष सगीर खान,
अंकेक्षक संतोष कुमार,
कार्यालय सचिव अनिल कुमार की जिम्मेदारी दी गई है।

# राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता : प्रभाकर झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला कांग्रेस कार्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री "भारत रत्न" राजीव गांधी की 35 वी पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा की अध्यक्षता में मनाई गई। श्री झा ने स्व० राजीव गांधी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश के विकाश, युवा शक्ति को शसक्त और आधुनिक भारत की नींव रखने में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। श्री झा ने कहा कि राजीव गांधी ने खून का एक एक कतरा देश को समर्पित किया तथा राजीव गांधी जी के विचार, दूरदर्शिता एवं राष्ट्र सेवा संकल्प हम सभी को निरंतर प्रेरित करता रहेगा। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्व० राजीव गांधी जी की सेवा, संवेदनशीलता और जन भागीदारी की सोच को आगे बढ़ाते हुए युवा कांग्रेस लगातार समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। प्रदेश डेलिगेट बलराम सिंह ने चित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि मानवजाति के सभी वर्गों के बीच शांति , सामाजिक सदभाव तथा सूझ बूझ कायम करने और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की हम सभी को संकल्प लेना चाहिए। जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व महासचिव अरुण कुमार ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में राजीव गांधी जी का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। राजीव गांधी जी के पुण्यतिथि पर प्रदेश डेलिगेट बलराम सिंह, जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व उपाध्यक्ष अरुण कुमार ,गोपाल कुमार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के जिला अध्यक्ष कमलेश पासवान, कृष्ण कुमार प्रभाकर, हिसुआ प्रखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार, कार्यालय प्रभारी गोपेश कुमार, इंटक जिला अध्यक्ष मनीष कुमाऊ, सूरजभान कुमार, सत्येंद्र प्रसाद, मो० फकरुद्दीन, गणेश सिंह , मो० जमाल हैदर, रामजन्म सिंह, संतोष कुमार, मुंद्रिका विश्वकर्मा सहित कई कांग्रेस जनों ने स्व राजीव गांधी जी को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए उनके आदर्शो को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई की संयुक्त पहल से पशुपालकों में उत्साह

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** नालन्दा जिले में पशुपालकों के हित में डेयरी कोऑपरेटिव सोसाइटी एवं मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई नालंदा द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जा रहा विशेष अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में काफी प्रभावी साबित हो रहा है। दोनों संस्थाओं की सहभागिता से गांव-गांव जाकर पशुओं का उपचार, स्वास्थ्य जांच तथा पशुपालकों को बेहतर दुग्ध उत्पादन संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए जा रहे हैं, जिससे किसानों में खुशी और उत्साह का माहौल है। जिले के सभी 20 प्रखंडों में प्रतिदिन मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई द्वारा निर्धारित गांवों में डेयरी कोऑपरेटिव सोसाइटी के सचिवों के माध्यम से विशेष पशु स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में पशुओं के उपचार के साथ-साथ पशुपालकों को यह जानकारी दी जा रही है कि वे अपने पशुओं की देखभाल, संतुलित आहार एवं दुग्ध उत्पादन और उसकी गुणवत्ता को कैसे बेहतर बना सकते हैं। मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई के डॉक्टरों द्वारा किसानों को यह भी बताया जा रहा है कि बेहतर दुग्ध उत्पादन और पशुपालन व्यवसाय को मजबूत बनाने में डेयरी कोऑपरेटिव सोसाइटी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। डीसीएस से जुड़े पशुपालकों को विभिन्न सुविधाएं, तकनीकी जानकारी तथा बेहतर विपणन के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है। नालन्दा जिला समन्वयक सौरभ कुमार ने बताया कि एमवीयू टीम ऐसे पशुपालकों को भी प्रेरित किया जा रहा है जो अभी तक डीसीएस से नहीं जुड़े हैं, ताकि वे भी डेयरी से जुड़कर अपने व्यवसाय को अधिक संगठित एवं लाभकारी बना सकें। ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे इस संयुक्त अभियान को किसानों द्वारा काफी सराहा जा रहा है और इसे पशुपालन क्षेत्र में एक सकारात्मक पहल माना जा रहा है। डेयरी कोऑपरेटिव सोसाइटी एवं मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई की यह सहभागिता न केवल पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य को सुनिश्चित कर रही है, बल्कि जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने एवं पशुपालकों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभा रही है।

# हरनौत में ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर-बख्तियारपुर रेलखंड पर हरनौत रेलवे स्टेशन के समीप गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि ट्रेन की टक्कर के बाद शव दो हिस्सों में बंट गया। मृतक की पहचान मिरदहाचक पोआरी निवासी 76 वर्षीय सियाशरण जमादार के रूप में की गई है। मृतक के भतीजे प्रभाकर कुमार ने बताया कि सियाशरण जमादार ने दो दिन पहले अपनी आंख का ऑपरेशन करवाया था। गुरुवार की सुबह वह अकेले ही घर से बिहारशरीफ आंख की जांच कराने के लिए निकले थे। इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे। इधर, बख्तियारपुर जंक्शन के आरपीएफ इंस्पेक्टर जवाहरलाल ने बताया कि बिहारशरीफ से बख्तियारपुर की ओर जा रही मेमू पैसेंजर ट्रेन संख्या 63339 हरनौत स्टेशन के समीप पहुंची थी। इसी दौरान अचानक बुजुर्ग ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में शरीर दो हिस्सों में बंट गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। यह हादसा है या आत्मघाती कदम, पुलिस इसकी गहराई से पड़ताल कर रही है। परिजनों की ओर से आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है।

# जमुआरा-भूषण बिगहा में 800 मीटर तटबंध का मरम्मत कार्य शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा प्रखंड से गुजरने वाली लोकईन नदी में लगातार बाढ़ आने से कई स्थानों पर तटबंध क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसी क्रम में जमुआरा से भूषण बिगहा के बीच करीब 800 मीटर लंबा तटबंध भी टूट गया था। गुरुवार को स्थानीय विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया ने इस क्षतिग्रस्त तटबंध की चल रही मरम्मत कार्य का जायजा लिया और प्रगति की जानकारी ली। ग्रामीणों के अनुसार, वर्ष 2025 में अब तक चार बार बाढ़ का पानी आने से तटबंध कई जगहों पर टूट चुका है। इससे आगामी बरसात को लेकर किसानों में चिंता थी। ग्रामीणों ने विधायक से तटबंध की मरम्मत कराने की मांग की थी। विधायक कृष्ण मुरारी शरण ने बताया कि तटबंध की मरम्मत के लिए संबंधित विभागों से कई बार आग्रह किया गया था, लेकिन विभागीय स्तर पर नवंबर- दिसंबर में कार्य कराने की बात कही गई थी। विधायक ने कहा कि यदि दोबारा बाढ़ आती तो किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो जातीं। पिछले वर्ष भी बाढ़ के पानी से लगभग 600 बीघा धान की फसल नष्ट हो गई थी। इसी स्थिति को देखते हुए, निजी सहयोग और ग्रामीणों के आर्थिक सहयोग से तटबंध मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य आसपास के गांवों और किसानों की फसलों को सुरक्षित रखना है। इस अवसर पर जुन्नु कुमार, मोनू सिंह, रविंद्र राम, चंद्रशेखर, सुमंत कुमार, परमेंद्र, रमेश और राजकिशोर शर्मा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।



# नालन्दा कॉलेज में रूसा कार्यों का भौतिक सत्यापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के तहत पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई नालन्दा कॉलेज में कराए गए निर्माण एवं उपकरण क्रय कार्यों का भौतिक सत्यापन बुधवार को बिहार राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद, पटना के निर्देश पर गठित टीम ने किया। निरीक्षण पूर्वाह्न 10 बजे शुरू हुआ। निरीक्षण के दौरान बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के कार्यपालक अभियंता और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। जांच दल ने कई घंटे तक कॉलेज परिसर में स्वीकृत योजनाओं की जमीनी हकीकत और दस्तावेज की जांच की। बताया जाता है कि रूसा के अंतर्गत नालन्दा कॉलेज में नए भवन निर्माण, जीर्णोद्धार एवं उपकरण क्रय हेतु 2 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई थी, जिसमें से एक करोड़ रुपये महाविद्यालय को उपलब्ध कराए गए थे। गौरतलब है कि कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर सुनीता सिन्हा ने परिषद को अवगत कराया था कि स्वीकृत कार्यों को डीपीआर के अनुसार पूर्ण नहीं किया गया है। इसी शिकायत के बाद परिषद ने भौतिक सत्यापन का आदेश दिया था। निरीक्षण टीम ने निर्माणाधीन भवन, मरम्मत कार्य और क्रय किए गए उपकरणों का स्थल पर मिलान डीपीआर से किया। कई बिंदुओं पर डीपीआर में वर्णित मानकों और वास्तविक कार्य में अंतर पाए जाने की चर्चा है। टीम ने मेजरमेंट बुक और व्यय के दस्तावेजों की भी गहन जांच की। परिषद अब निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय करेगी।



# आपदा प्रबंधन विभाग के तत्वावधान संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की पूर्व तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** आपदा प्रबंधन विभाग के तत्वाधान संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ 2026 की पूर्व तैयारियां तथा जिले भर में गर्मी के मौसम को देखते हुए हीट वेव से बचाव हेतु सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान संभावित बाढ़ 2026 से संबंधित तैयारियों, संसाधनों की उपलब्धता तथा आपातकालीन परिस्थिति में त्वरित बचाव / राहत कार्य सुनिश्चित करने की विस्तृत उपायों की समीक्षा की गयी। जिला पदाधिकारी द्वारा समीक्षोपरांत बताया गया कि जिले में कुल 15932 पॉलीथीन शीट्स उपलब्ध है। संभावित बाढ़ के मद्देनजर नालंदा जिला के 20 अंचलों में कुल 233 राहत शिविर एवं कुल-294 सामुदायिक रसोई केन्द्र का चयन किया गया है। सभी केन्द्रों पर नोडल पदाधिकारी सहित अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। बिहारशरीफ में एस०डी०आर०एफ० की एक 20 सदस्यीय टीम उपलब्ध है, आवश्यकता पड़ने पर 01 एन०डी०आर०एफ० टीम की प्रतिनियुक्ति बिहटा, पटना द्वारा की जायेगी। आनुग्रहिक राहत की राशि वितरण हेतु आपदा सम्पूर्ति पोर्टल पर संभावित बाढ़ 2026 के मद्देनजर सभी अंचलाधिकारियों नये लाभुकों के प्रविष्टि कार्य एवं मृत लाभुकों के डिलीशन कार्य हेतु निदेशित किया गया है। कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल तथा अनुमंडल पदाधिकारियों को बाँधों का संयुक्त जाaच करते हुए आवश्यकतानुसार दिनांक 31 मई तक तटबंध मरम्मति कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आकस्मिक फसल योजना का सूत्रण कर लिया गया है। साथ ही आकस्मिक फसल योजना खरीफ 2026 अंतर्गत वैकल्पिक फसलों के बीजों का चयन कर लिया गया है। संभावित बाढ़/सुखाड़ वर्ष 2026 के मद्देनजर डीजल अनुदान योजना एवं कृषि इनपुट अनुदान योजना से संबंधित तैयारी आवश्यकतानुसार की जायेगी। बाढ़/सुखाड़ के मद्देनजर नालन्दा जिला अंतर्गत पशुओं के लिए कुल 44 प्रकार की पशु दवा उपलब्ध है। सभी 20 प्रखंडों में मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई संचालित है एवं 21 सोलर कैटल ट्रफ (पशु पेयजल) स्थापित है। नालन्दा जिला अंतर्गत 20 अंचलों में कुल 42 पशु शिविर स्थल का चयन कर लिया गया है। नालन्दा जिला अंतर्गत संभावित बाढ़ 2026 से निपटने हेतु सभी प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं अनुमंडलीय स्वास्थ्य केन्द्र में 19 प्रकार की मानव दवा उपलब्ध है। नालन्दा जिला अंतर्गत सभी पंचायतों का भू-जल स्तर की दैनिक समीक्षा करने का निदेश सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल को दिया गया। 20 मरम्मति दलों द्वारा खराब चापाकलों की मरम्मति का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। कुल 80 टैंकर द्वारा आवश्यकतानुसार जलापूर्ति की जा रही है। साथ ही 153 स्थानों पर प्याउ की व्यवस्था की गयी है। बिहार मौसम सेवा केन्द्र द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार दिनांक-21-26 मई 2026 तक भीषण गर्मी पड़ने की संभावना को देखते हुए राजकीय मलमास मेला-2026 के ब्रहमकुण्ड परिसर क्षेत्र में मिष्ट फैन, कुलर आदि की व्यवस्था की गयी है।



# मांझी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक पर होगी कार्रवाई : आइजी विकास वैभव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा के प्रयोग के मामले में मगध प्रमंडल के आईजी विकास वैभव ने सख्त रुख अपनाया है। मीडिया से बातचीत में आईजी ने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन कानून और मर्यादा का उल्लंघन स्वीकार्य नहीं है। आईजी ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि या व्यक्ति के खिलाफ अपमानजनक और अभद्र टिप्पणी करना गलत है। ऐसे मामलों में पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी। उन्होंने जोर दिया कि यदि किसी को किसी नेता या व्यवस्था से शिकायत है तो उसे लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से अपनी बात रखनी चाहिए। आईजी विकास वैभव ने बताया कि केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के विरोध में युवक की ओर से इस्तेमाल की गई भाषा अनुचित और कानून के खिलाफ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गया शहर के साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस तकनीकी जांच के माध्यम से आरोपी युवक की पहचान और गिरफ्तारी में जुटी है। उन्होंने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर अभद्र भाषा का प्रयोग समाज में गलत संदेश देता है। पुलिस ऐसे मामलों पर लगातार नजर रख रही है और आपत्तिजनक पोस्ट या बयान देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आईजी ने युवाओं से जिम्मेदारी के साथ सोशल मीडिया का उपयोग करने और भड़काऊ टिप्पणी से बचने की अपील की। इस बीच, मगध पुलिस को बच्चा चोरी के एक मामले में सफलता मिली है। अपहृत शिवा पांडे को सकुशल बरामद कर लिया गया है। आईजी विकास वैभव ने बताया कि पुलिस ने अपहृत बच्चे शिवा पांडे को सकुशल बरामद कर लिया है। शिवा पांडे औरंगाबाद के ओबरा थाना क्षेत्र का रहने वाला है जिसका कुछ समय पहले अपहरण कर लिया गया था। पुलिस जांच में यह सामने आया कि एक महिला बच्चे को अपने बेटे के रूप में रखकर उसका पालन-पोषण कर रही थी। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि संबंधित महिला निसंतान थी और इसी कारण उसने बच्चे का अपहरण कर उसे अपने पास रखा था।

# विधानसभा अध्यक्ष ने किया डिजनीलैंड मेले का उद्घाटन, लंदन सिटी थीम बना आकर्षण का केंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** शहर के वार्ड संख्या 53 स्थित भुसुंडा खेल मैदान में गुरुवार को भव्य डिजनीलैंड मेले का शुभारंभ किया गया। मेले का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, बच्चे एवं युवा उपस्थित रहे। मेले के आरंभ होते ही पूरे परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। मेला आयोजक मुकेश गिरी ने बताया कि इस वर्ष मेले को विशेष रूप से 'लंदन सिटी थीम' पर तैयार किया गया है। प्रवेश द्वार पर बनाया गया आकर्षक लंदन सिटी गेट लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। शाम ढलते ही रंग-बिरंगी रोशनी से पूरा मेला परिसर जगमगा उठा जिससे लोगों में खासा उत्साह देखा गया। मेले में मनोरंजन के लिए सुनामी झूला, चांद-तारा झूला, ब्रेक डांस, जलपरी सहित कई आधुनिक झूलों की व्यवस्था की गई है। बच्चों के साथ-साथ युवाओं ने भी झूलों और मनोरंजन के विभिन्न साधनों का भरपूर आनंद लिया। इसके अलावा मेले में खरीदारी के लिए घरेलू उपयोग की वस्तुएं, खिलौने, सजावटी सामान तथा खानपान की कई दुकानें सजाई गई है। स्थानीय लोगों के लिए यह मेला मनोरंजन और खरीदारी का प्रमुख केंद्र बन गया है। आयोजकों ने बताया कि मेले में सुरक्षा एवं साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मेले को लेकर आसपास के इलाकों के लोगों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है।

# स्वीडन सम्मान से बढ़ा भारत का गौरव, प्रधानमंत्री का सम्मान देश के 140 करोड़ लोगों का सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वीडन द्वारा 'रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार-कमांडर ग्रैंड क्रॉस' सम्मान से सम्मानित किए जाने पर भाजपा नेताओं ने खुशी जताई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद तथा अधिवक्ता संतोष ठाकुर ने इसे भारत के 140 करोड़ लोगों के गौरव और बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक बताया। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह सम्मान केवल प्रधानमंत्री का व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि पूरे देश के सम्मान और भारत की मजबूत वैश्विक पहचान का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी अलग और प्रभावशाली पहचान बनाई है तथा दुनिया के अनेक देशों के साथ भारत के संबंध अभूतपूर्व रूप से मजबूत हुए हैं। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर एक मजबूत, आत्मनिर्भर और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में उभर चुका है। भारत की सांस्कृतिक विरासत, आर्थिक शक्ति, तकनीकी प्रगति और लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान पूरी दुनिया कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी कार्यशैली, स्पष्ट दृष्टिकोण और राष्ट्रहित में लिए गए निर्णयों से देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के बड़े-बड़े राष्ट्र भारत और उसके नेतृत्व का सम्मान कर रहे हैं। ऐसे गौरवपूर्ण अवसर पर देशवासियों को एकजुट होकर इसे राष्ट्र के सम्मान के रूप में देखना चाहिए। भाजपा नेताओं ने कुछ पत्रकारों और राजनीतिक विरोधियों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की लोकप्रियता और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा पर सवाल उठाने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत अब केवल विकासशील राष्ट्र नहीं, बल्कि वैश्विक नेतृत्व की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह सम्मान उसी का प्रमाण है। नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपनी राष्ट्रभक्ति, प्रभावशाली नेतृत्व और वैश्विक पहचान के कारण विश्व स्तर पर सम्मानित हो रहे हैं। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे नकारात्मक राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित और भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान प्रत्येक भारतीय का सम्मान है और देश की जनता उनके नेतृत्व में 'नए भारत' के निर्माण के संकल्प के साथ मजबूती से खड़ी है।

# नियोजित शिक्षकों ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ खिजरसराय के बैनर तले प्रखंड मुख्यालय में नियोजित शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला प्रतिनिधि वीर प्रताप सिंह उर्फ भार्गव ने की। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया जिसमें कालवद्ध प्रोन्नति बेसिक ग्रेड से स्नातक कोटि में प्रोन्नति प्रधानाध्यापक प्रोन्नति बकाया राशि का भुगतान मासिक वेतन भुगतान को लेकर काफी चर्चा की गई तथा मांग की गई कि अविलंब वेतन भुगतान किया जाय। नियोजित शिक्षकों से कालबद्ध प्रोन्नति हेतु अविलंब फोल्डर फाइल जमा प्रखंड संसाधन केंद्र में जमा करने की भी अपील की गई।

# बिजली चोरी के आरोप में चार पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संबंध में गुरारू विद्युत विभाग के कनीय अभियंता संजय चौधरी ने बताया कि जांच के दौरान बिजली चोरी करते पकड़े गए लोगों पर विभागीय जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम करमा निवासी विनोद कुमार पर 43,608 रुपये, बिंदेश्वर यादव पर 14,047 रुपये तथा मनीष कुमार पर 32,349 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं ग्राम रौना निवासी मुन्ना पासवान पर 34,062 रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया है।

# मारपीट मामले में नामजद आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गया)।** कोंच थाना पुलिस ने मारपीट मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बथानी टोला, केशरु बिगहा निवासी रंजीत कुमार यादव के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि संजीत कुमार की पत्नी सीमा कुमारी के द्वारा मारपीट की घटना को लेकर कोंच थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। दर्ज कांड संख्या 143/26 के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। आवश्यक पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# विवाहिता के मायके पक्ष से मारपीट, 13 लोगों पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के डबूर पंचायत अंतर्गत केसरु बिगहा गांव में बुधवार की रात घरेलू विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी गुरारू में भर्ती कराया गया। इस मामले में गुरुवार सुबह करीब 8 बजे सीमा कुमारी, पति संजीत कुमार, निवासी केसरु बिगहा द्वारा कोंच थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में कुल 13 लोगों को आरोपी बनाया गया है। पीड़िता ने आवेदन में बताया है कि उसकी शादी वर्ष 2021 में केसरु बिगहा गांव में हुई थी। शादी के बाद कुछ समय तक सब कुछ ठीक रहा, लेकिन पिछले चार माह से उसके साथ लगातार मारपीट एवं प्रताड़ना की जा रही थी। साथ ही घर से निकाल देने की धमकी भी दी जा रही थी। महिला के अनुसार मामले को समझाने-बुझाने के लिए उसके भाई, पिता एवं दादा सहित मायके पक्ष के पांच लोग ससुराल पहुंचे थे। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में महिला के भाई विकास कुमार एवं पिता रामविनय यादव, निवासी अखनपुर थाना अलीपुर, जिला गया घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# चाकंद को 'खेल सह टेक्सटाइल क्लस्टर' बनाने की मांग, मंत्री श्रेयसी सिंह को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ, बिहार के प्रदेश सह संयोजक एवं बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद पटवा ने उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह को ज्ञापन सौंपकर चाकंद को 'खेल सह टेक्सटाइल मॉडल ब्लॉक' के रूप में विकसित करने की मांग की है। ज्ञापन में 'चाकंद मरीन ड्राइव मॉडल वृहद परियोजना' को लागू करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके तहत बौली खेल मैदान के समग्र विकास की मांग की गई है जिसमें बाउंड्री वॉल, मिनी स्टेडियम, सिंथेटिक ट्रैक, तरणताल एवं इंडोर हॉल के निर्माण का सुझाव शामिल है। इसके साथ ही चाकंद क्षेत्र के पोखरों को अतिक्रमण मुक्त कर 'चाकंद मरीन ड्राइव' के रूप में विकसित करने तथा सौंदर्यीकरण कराने की भी मांग की गई है। ज्ञापन में बुनकरों के लिए एकीकृत टेक्सटाइल हब स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया जिसमें कॉमन फैसिलिटी सेंटर, डिजाइन स्टूडियो, स्किल डेवलपमेंट सेंटर एवं बुनकर आवासीय कॉलोनी शामिल है। गोपाल प्रसाद पटवा ने कहा कि चाकंद को 'बिहार का मैनचेस्टर' कहा जाता है, लेकिन यहां युवाओं के लिए समुचित खेल मैदान और बुनकरों के लिए आधुनिक क्लस्टर की कमी है। उन्होंने कहा कि यदि खेल और उद्योग दोनों क्षेत्रों को साथ लेकर विकास किया जाए तो इससे युवाओं को खेल के अवसर, बेरोजगारों को रोजगार, महिलाओं को आत्मनिर्भरता और क्षेत्र को नई पहचान मिल सकती है। उन्होंने कहा कि 'मैदान नहीं होगा तो मेडल नहीं आएगा और क्लस्टर नहीं होगा तो कपड़ा बाजार तक नहीं पहुंचेगा।' उनका दावा है कि प्रस्तावित योजना से बड़ी संख्या में बुनकर परिवारों, खासकर महिलाओं को लाभ मिलेगा और 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को मजबूती मिलेगी। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यदि मंत्री श्रेयसी सिंह के नेतृत्व में यह परियोजना लागू होती है तो चाकंद विकसित बिहार के मॉडल क्षेत्र के रूप में उभर सकता है। ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री को भी भेजी गई है।

# भीषण गर्मी में बिजली की आंख-मिचौली से मानपुर और टाउन क्षेत्र की जनता बेहाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही बिजली की आंख-मिचौली से मानपुर एवं टाउन क्षेत्र के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बार-बार बिजली कटने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है और लोगों को उमस भरी गर्मी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मानपुर वार्ड संख्या 50 के जनकपुर मोहल्ला निवासी युवा समाजसेवी एवं विशाल प्राइवेट आईटीआई बोधगया के ट्रस्टी मेंबर आकाश प्रियदर्शी ने बिजली व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही बिजली कटौती से क्षेत्र के लोग परेशान हैं, खासकर बच्चे, बुजुर्ग और मरीजों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आकाश प्रियदर्शी ने कहा कि भीषण गर्मी में लाइट का बार-बार आना-जाना लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। बिजली कटने के कारण लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है और रात की नींद तक हराम हो गई है। घरों में पंखे और कूलर बंद रहने से लोग उमस भरी गर्मी झेलने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि लगातार पावर कट की वजह से छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है जबकि छोटे व्यवसायों और दुकानदारों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। समाजसेवी आकाश प्रियदर्शी ने बिजली विभाग एवं स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर समस्या पर तत्काल ध्यान दिया जाए और मानपुर व टाउन क्षेत्र में निर्बाध एवं नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

# पर्यटन विभाग ने शुरू किया पर्यटक आंकड़ा सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पर्यटन मंत्रालय की ओर से आयोजित 'पर्यटक आंकड़ा सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम' के अंतर्गत पर्यटन विभाग के सभी पर्यटन सूचना अधिकारियों को गुरुवार को प्रशिक्षण दिया गया। इनमें पर्यटकों के आंकड़ों के संकलन, रिकॉर्डिंग व डाटा प्रबंधन से संबंधित जानकारियां दी गई। पर्यटन निदेशालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विशेष सचिव सह पर्यटन निदेशक उदयन मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि सटीक आंकड़े न सिर्फ पर्यटन विकास की रणनीति तय करने में सहायक होंगे, बल्कि स्थानीय संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करने, योजना निर्माण और उनके क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। प्रशिक्षण सत्र में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की उपनिदेशक सौम्या मिश्रा और सहायक निदेशक सुनील दवे ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने पर्यटक आंकड़ों के संकलन, डिजिटल रिकॉर्डिंग प्रणाली, डाटा प्रमाणिकता, गोपनीयता मानकों, फील्ड सर्वे की चुनौतियों, त्रुटिरहित एंट्री और रिपोर्टिंग फॉर्मेट के मानकीकरण पर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। विभाग के संयुक्त निदेशक राजेश रोशन ने कहा कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त कौशल और मानकीकृत डाटा संग्रहण व्यवस्था बिहार में पर्यटन के सतत एवं संयोजित विकास में निर्णायक साबित होगी।

# छायादार चबूतरा बना शोपीस, गंदगी और बदहाली से ग्रामीण परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**डोभी /गयाजी।** प्रखंड क्षेत्र में लाखों रुपये की लागत से बनाए गए छायादार चबूतरा आज बदहाली का शिकार हो चुके हैं। डोभी प्रखंड के पचरतन पंचायत स्थित अमारूत गढ़ पर स्थित छायादार चबूतरा का हालत काफी जर्जर और गंदगी से भरी हुई है। यात्रियों के बैठने के लिए बनाए गए चबूतरा के अंदर चारों ओर कचरा फैला हुआ है, वहीं जगह-जगह गंदगी जमा है, पूरा फर्स टूटा हुआ है, इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच जहां राहगीरों को राहत मिलनी चाहिए, वहीं गंदगी और उपेक्षा के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत निर्मित इस छायादार चबूतरा में चारों ओर कूड़ा-कचरा फैला हुआ है। बैठने की जगह पर धूल, मिट्टी और गंदगी जमा रहने से लोग यहां बैठने से परहेज कर रहे हैं। गर्मी के दिनों में राहगीरों को छांव और आराम की जरूरत होती है, लेकिन वर्तमान की स्थिति में लोगों के लिए सिरदर्द बन गया है। स्थानीय ग्रामीण गुड्डू चौधरी ने बताया कि यह मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत बनाया गया था, ताकि राहगीरों और यात्रियों को धूप व बारिश से राहत मिल सके, लेकिन देखरेख के अभाव में अब यह शेड उपयोग के बजाय बदहाली की पहचान बन गया है। शेड के अंदर कूड़ा-कचरा, जली हुई लकड़ियां और मिट्टी जमा है जिससे लोगों का बैठना मुश्किल हो गया है।

# महिला कॉलेज डालमियानगर में प्रो. पुष्पा महाराज को भावभीनी विदाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय महिला कॉलेज डालमियानगर के हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. पुष्पा महाराज को सेवानिवृत्ति के अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। समारोह में शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मियों एवं छात्राओं ने उनके लंबे शैक्षणिक योगदान और सौम्य व्यक्तित्व को याद करते हुए सम्मान प्रकट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने डॉ. पुष्पा महाराज के स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह ने कॉलेज की स्थापना से लेकर अब तक उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा अनुशासन, समर्पण और गरिमा के साथ शिक्षण कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरेंद्र कुमार सिन्हा ने किया। इस दौरान महाविद्यालय परिवार की ओर से डॉ. पुष्पा महाराज को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में संगीत विभाग की शिक्षिका कुमारी गिन्नी एवं उनकी छात्रा ऋषभ आर्या द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण गीतों ने पूरे सभागार को भावुक कर दिया। मधुर संगीत से माहौल आत्मीयता और संवेदनाओं से भर उठा। वक्ताओं ने डॉ. पुष्पा महाराज के गरिमामय व्यक्तित्व, निश्छल मुस्कान और सहयोगी व्यवहार की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका योगदान महाविद्यालय परिवार के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा।


## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू

### भारत का सर्वोच्च न्यायालय

### समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026

न्याय को सरल एवं सुलभ तरीके से घर–घर तक पहुंचाने तथा आपसी सहभागिता और सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन 21 अप्रैल 2026 से आरम्भ किया जा रहा है जिसकी परिणति 21, 22 तथा 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगी।

विशेष लोक अदालत का आयोजन माननीय सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 तथा 23 अगस्त को होगा जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामले शामिल किया जायेगा। विशेष लोक अदालत पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य / जिला / तालुका / उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण / समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जायेगा। इस सुलह वार्ता का आयोजन 21 अप्रैल 2026 को समाधान समारोह के आरम्भ के साथ शुरू हो जायेगा।

इस समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) के आयोजन का लक्ष्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का सुलह एवं आपसी सहमति से निष्पादन करना है।

सभी सम्बंधित पक्षों को आमंत्रण

अधिवक्तागण, वादकारियों तथा अन्य सभी सम्बंधित पक्षों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी के लिए आमंत्रित किया जाता है। 21 अप्रैल 2026 से आरम्भ हो रहे समाधान समारोह में आपसी सहमति एवं वार्ता से समाधान तलाशने का प्रयास किया जायेगा। इन सुलह–बैठकों का आयोजन राज्य / जिला / तालुका / उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण / समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जायेगा जिसमें प्रशिक्षित मध्यस्थ तथा / अथवा सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण / समिति पक्षकारों की मदद करेंगे। पक्षकार इन सुलह–प्रयास हेतु बैठकों / वार्ताओं में सशरीर अथवा आभासी रूप से शामिल हो सकते हैं।

अपने मामले (जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है) को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) में कैसे शामिल करें।

इस वास्ते गूगल फॉर्म तैयार किया गया है। इस गूगल फॉर्म को भरना अत्यंत सरल है। इसे भरकर अपने मामले को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026 में शामिल किया जा सकता है। यह गूगल फॉर्म माननीय सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट https://www.sci.gov.in पर उपलब्ध है।

गूगल फॉम लिंक –
https:@@forms-gle@pRWbif6wAPrcgMsZ8
गूगल फॉम भरने की अंतिम तिथिरू 31 मई, 2026
हर प्रकार की सहायता / जानकारी, के लिए सम्पर्क करें।
समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) हेतु बनाये गये वन स्टॉप सेन्टर (वार रूम) इंचार्ज का सम्पर्क
नं.– 011–23115652; 011–23116464
सी.आर.पी. निदेशक का सम्पर्क नं.– 011–23115652, 011–23116465
वन स्टॉप सेन्टर (कक्ष संख्या 806 एवं 808, बी ब्लॉक, अतिरिक्त भवन परिसर, सर्वोच्च न्यायालय)
लैण्डलाइन नं.– 011–23116464
ईमेल – speciallokadalat2026@sci-nic-in
माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जनहित में जारी

निवेदक,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू

PR 380358 (District) 26-27 (D)



## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)

### जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू

–: वितीय वर्ष 2022–23 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस की योजना में द्वितीय चरण के लाभुकों के लिये आवश्यक सूचना :–

वितीय वर्ष 2022–23 में द्वितीय चरण के लाभुकों को सूचित किया जाता है कि 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस की योजना में चयनित लाभुकों जो प्रथम चरण के गाय क्रय के पश्चात द्वितीय चरण की अनुदान की राशि संबंधित लाभुक के Escrow Account में DBT के माध्यम स्थानांतरित कर दिया गया है, परन्तु 03 वर्ष से अंधिक समय होने जाने के बाद भी कुछेक लाभुकों द्वारा अपना लाभुक अंशदान जमा नहीं किये हैं, और ना ही अभी तक द्वितीय चरण का दुधारू गाय का क्रय नही किया है वैसे लाभुकों की सूची निम्न प्रकार है–

| क्र0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न0 | आधार सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 दुधारू गाय की योजना में चयनित अवशेष बचे लाभुकों की सूची, जो अभी तक लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं किए हैं और ना ही इनके द्वारा द्वितीय चरण की दुधारू गाय क्रय किया गया है। | | | | | | | |
| 1 | प्रभा देवी | विश्वनाथ राम | नवगढ़ | नवगढ़ | तरहसी | 8002248346 | 713952778798 |
| 2 | कुन्ती देवी | लक्ष्मण साव | सोनपुरा | सोनपुरा | तरहसी | 6200779013 | 909901455318 |
| 3 | लता देवी | बबन प्रसाद | अरका | अरका | तरहसी | 9631595244 | 773605919765 |
| 4 | अनीता कुमारी | बजेन्द्र कुमार राम | चान्दो | चान्दो | चैनपुर | 7295007555 | 344579625585 |
| 5 | लिलावती देवी | अम्बेद सिंह | चान्दो | चान्दो | चैनपुर | 7644075217 | 221204370654 |
| 6 | उर्मिला देवी | विजय महतो | भैरवा | नरसिंहपुर पथरा | चैनपुर | 7856885603 | 485828068268 |
| 7 | ममता देवी | राहुल कुमार | मनातु | मंझोली– 1 | मनातु | 7368868103 | 949079183058 |
| 8 | सीता देवी | प्रयाग महतो | बिहरा | मंझोली | मनातु | 9264185864 | 938139352846 |
| 9 | बुधनी देवी | बाशुदेव यादव | बिहरा | मंझोली | मनातु | 7061716096 | 822413080811 |
| 10 | सोमरी देवी | कृष्णा भुईयां | बचकोमा | हुटुकदाग | छतरपुर | 8780670923 | 791080656721 |
| 11 | प्रतिमा देवी | सुनील राम | तेतरियाटोला | चियांकी | सदर मेदिनीनगर | 9661949427 | 751436138778 |
| 12 | रिम्भु देवी | दिपनारायण साव | मुरमा खुर्द | गुरहा कला | विश्रामपुर | 9693017173 | 449873597551 |
| 13 | आशा देवी | जय प्रकाश प्रजापति | कजरमा | मझिगांव | पण्डवा | 7091326987 | 330599025416 |
| 14 | रान्ती कुमारी | विनय कुमार सिंह | हरिओमनगर | कोनवाई | पांकी | 7352748417 | 252669796628 |
| 15 | जनकनंदनी देवी | गोपाल प्रसाद | मरहा | पोलडीह | हुसैनाबाद | 8002473751 | 271982298592 |
| 16 | किरण देवी | राजवंश बैठा | नगेशर | केल्हार | पाटन | 8757689289 | 936920021150 |
| 17 | मिना देवी | जितेन्द्र सिंह | फुलांग | जामुनडीह | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 6202181426 | 985463947783 |
| 18 | फुलमनिया कुंवर | स्व0 सीता राम | असनोलिया | पाण्डू | पाण्डू | 7808105652 | 208927985511 |
| 19 | सविता देवी | राजमुनी राम | असनोलिया | पाण्डू | पाण्डू | 9135797651 | 594723268403 |
| 20 | राम कुमारी देवी | निरंजन उरांव | गणके | रेवारातु | सतबरवा | 7260849326 | 944260750647 |
| 21 | ज्ञान्ती देवी | राजदेव भुईयां | बघना | सलैया | हरिहरगंज | 9263245123 | 956426719745 |
| 05 दुधारू गाय की योजना में चयनित अवशेष बचे लाभुकों की सूची, जो अभी तक लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं किए हैं और ना ही इनके द्वारा द्वितीय चरण की दुधारू गाय क्रय किया गया है। | | | | | | | |
| 1 | मुरारी कुमार महतों | बिन्देश्वर कुमार महतो | पण्डवा | पण्डवा | पण्डवा | 9955288200 | 359529554689 |
| 10 दुधारू गाय की योजना में चयनित अवशेष बचे लाभुकों की सूची, जो अभी तक लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं किए हैं और ना ही इनके द्वारा द्वितीय चरण की दुधारू गाय क्रय किया गया है। | | | | | | | |
| 1 | विकास चौरसिया | सुरेश महतो | कटुअल खुर्द | मझिगावां | चैनपुर | 6206303958 | 232484845977 |

इस आषय की सूचना पूर्व में भी आपके मोबाईल सं0, आम सूचना का प्रकाशन एवं पत्र के साथ प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के माध्यम से भी उक्त योजना से लाभान्वित होने हेतु आप सभी को समय–समय पर सूचना दी गई है परन्तु कुछेक लाभुकों के द्वारा लाभुक अंशदान की राशि अपने Escrow Account में जमा नहीं की गई है, वे दिनांक– 25.05.2026 तक अपना लाभुक अंशदान की राशि जमा करते हुए दुधारू पशुमेला जिला गव्य विकास कार्यालय परिसर, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज से दुधारू गाय का क्रय करना सुनिश्चित करेंगे ताकि योजना का क्रियान्वयन शीघ्र एवं शत् प्रतिशत पूर्ण हो सके। लाभुक अंशदान की राशि की जमा पर्ची संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, पलामू में जमा करना सुनिश्चित करेंगे

उक्त के आलोक में शत् प्रतिशत योजना पूर्ण करने हेतु इस कार्यालय द्वारा पत्र, आम सूचना का प्रकाशन एवं दूरभाष के माध्यम से पूर्व में भी सूचित किया गया है परन्तु आपके द्वारा अभिरूचि नहीं लिया जा रहा है। यदि किसी कारणवश आपको यह योजना नहीं लेनी है तो प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, पलामू में हस्तलिखित आवेदन देना चाहेंगे ताकि प्रतीक्षा सूची के दूसरे लाभुकों को आपके खाते से अनुदान राशि स्थानांतरित करने हुए नये लाभुकों को योजना से लाभान्वित किया जा सके।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 380381 District (26-27)_D

संपादकीय

# अडाणी को क्लीनचिट के मायने!

भारतीय उद्योगपति गौतम अडाणी को अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा उन पर लगे आर्थिक घोटालों के आरोपों के बाद हुई 'वित्तीय डील' के पश्चात मिली क्लीन चिट को लेकर नई बहस छिड़ गई है। बताया जाता है कि गौतम अडाणी और उनके भतीजे सागर अडाणी ने अमेरिका में चल रहे मुकदमे को निपटाने के लिए संयुक्त रूप से 1.80 करोड़ डॉलर का जुर्माना देने पर सहमति दी थी। इसके बाद अमेरिकी न्याय विभाग ने सारे अडाणियों पर लगे सारे आपराधिक आरोप वापस ले लिए हैं। साथ ही न्यूयॉर्क में चल रहा हाई-प्रोफ़ाइल सिक्योरिटीज और वायर फ्रॉड मामला पूरी तरह बंद हो गया है। गौरतलब है कि अमेरिका के सिक्योरिटीज रेगुलेटर (नियामक) ने 2024 को दायर मुकदमे में अडाणी परिवार पर निवेशकों को कथित तौर पर गुमराह करने का आरोप लगाया था। इसके मुताबिक अडाणी परिवार ने इस तरीके से अमेरिकी निवेशकों से लगभग 17.5 करोड़ डॉलर समेत 75 करोड़ डॉलर की रकम जुटाई थी। हालांकि अदानी समूह ने इन आरोपों को 'बेबुनियाद' करार दिया। उधर अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने एक बयान में पुष्टि की कि ऑफ़िस ऑफ़ फ़ॉरेन एसेट्स कंट्रोल (ओएफ़एसी) ने अडाणी एंटरप्राइज़ेज़ लि. (एईएल) के साथ 27 करोड़ 50 लाख डॉलर के समझौते की घोषणा की है। इस समझौते पर 14 मई 2026 को हस्ताक्षर हुए थे। एईएल ने, ओएफ़एसी के ईरान प्रतिबंधों के 32 संभावित सिविल उल्लंघनों को लेकर अपनी ज़िम्मेदारी के निपटारे पर सहमति जताई। अदालत में दायर दस्तावेज में अमेरिकी न्याय विभाग ने अदानी परिवार पर आरोपपत्र को स्थायी रूप से ख़ारिज़ करने की मांग की है। यह मामला दोबारा नहीं खोला जा सकेगा। यह फैसला उस मामले में बड़ा मोड़ माना जा रहा है, जिसने अदानी समूह की वैश्विक विस्तार योजनाओं पर असर डालने की आशंका पैदा कर दी थी। इस फैसले के बाद अडाणी समूह का मार्केट कैप एकदम 7 लाख करोड़ रू. बढ़ गया। जहां तक भारत की बात है तो अडाणी को गुजराती होने के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करीबी माना जाता है। यही कारण है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी अडाणी पर लगातार हमले करते रहे हैं। लेकिन अब अडाणी को क्लीनचिट मिलने के बाद उनका यह अस्त्र भी बेकार हो गया लगता है, जैसे कि राफेल डील मामले में लगाए आरोपों के कारण हुआ था। आश्चर्य नहीं कि इस फैसले के बाद अडाणी राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर कर दें। हालांकि जो डील हुई है, उसमें खुद अडाणी ने उन पर लगे आरोपों को खारिज नहीं किया है। वैसे इस डील के बाद राहुल गांधी ने इस मामले में पीएम मोदी को लपेटा है कि उन्हीं के चलते अडाणी की यह डील संभव हुई है। इसका अर्थ यही है कि राहुल को अमेरिकी न्याय व्यवस्था का पूरा ज्ञान नहीं है। क्योंकि सिर्फ मोदी के कहने अथवा दबाव डालने पर ऐसी कोई डील संभव होती तो भारत के बहुत से मसले ऐसे हैं, जिनमें अमेरिका को समझौता कर लेना चाहिए। अर्थात् अडाणी कोई दूध के धुले नहीं हैं, लेकिन राहुल गांधी को ऐसे गंभीर आरोप लगाने से पहले पूरी तैयारी करनी चाहिए। वरना ज्यादातर मामलों में उन्हें कोर्ट में माफी ही मांगनी पड़ी है। इससे उनकी सुधरती राजनीतिक छवि को झटका लगता है। भले ही वो खुद इससे बेफिकर दिखने का संदेश देने की कोशिश करें। इसमें संदेह नहीं कि अडाणी को निशाना बनाने के पीछे राहुल के वामपंथी सलाहकार ज्यादा थे। जबकि राहुल यह काम किसी छोटे नेता से भी करा सकते थे। खुद उनकी पार्टी में अडाणी को टारगेट करने को लेकर एक राय नहीं थी। अलबत्ता अडाणी केस इस बात का प्रमाण है कि अगर आपके पास है तो आप सब कुछ कर सकते हैं।

# वेनेजुएला के बाद क्या क्यूबा की बारी है

**अमेरिका की आँखों में मिर्ची सा लगता है हवाना के सिगार का धुआँ''(लंबी कविता 'बीसवीं सदी इक्कीसवीं सदी से')**

**यह आज की बात नहीं है, बल्कि बीती कई दहाइयों से अमेरिका के लिये बुकनी सा कष्टप्रद यह सिलसिला जारी है। दरअसल यह तकलीफदेह क्रम सन् 1959 में फिदेल कास्त्रो के कू-दे-ता के जरिये सत्ता में आने के ऐन दिन से शुरू हो गया था। फिदेल को अपदस्थ करने अथवा मारने की सीआईए की सारी कोशिशें विफल रहीं। अमेरिका उनकी मुश्कें नहीं कस सका। उलटे फिदेल वैश्विक नेता के तौर पर उभरते गये और उन्होंने दुनिया भर के मुक्तिकामी जनों को आकर्षित किया। श्रीमती इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में भारत और क्यूबा के संबंधों को नयी ऊंचाई और सान्द्रता मिली। शीतयुद्ध की समाप्ति और सोवियत संघ के विघटन के बाद क्यूबा को मुसीबतों से दो-चार होना पड़ा। रही सही कसर अमेरिका की आर्थिक पाबंदियों ने पूरी कर दी।**

**डॉ. सुधीर सक्सेना**

जारी वर्ष के प्रारंभ में वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो के निर्लज्ज अपहरण से अनेक छोटे और निर्बल राष्ट्र सकते में आ गये। यूं तो 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के अभीष्ट की पूर्ति के लिये ही अमेरिका ने इस्रायल के सहयोग से 28 फरवरी को ईरान पर धावा बोला था और उसे अली खामेनेई समेत अनेक बड़े ईरानी नेताओं को मारने में कामयाबी भी मिली, अलबत्ता उसकी मंशा पूरी नहीं हुई। अब यह सवाल सारी दुनिया में खतरे की घंटी की मानिंद घनघना रहा है कि क्या वेनेजुएला और ईरान के बाद अब बारी क्यूबा की है? इस प्रश्न का उत्तर तलाशना कठिन इसलिये नहीं है क्योंकि जिद्दी और अड़ियल डोनाल्ड ट्रंप अपनी खब्त में कुछ भी कर सकते हैं। दूसरे सीआईए के डायरेक्टर जॉन रैटक्लिफ के 14 मई को हवाना की यात्रा और खुलेआम अंतिमेत्थम ने अमेरिका-क्यूबा के कसैले संबंधों मंह इजाफा कर एक करोड़ से कुछ अधिक क्यूबावासियों की रगों में सिहरन पैदा कर दी है।

आज नहीं, अर्से से क्यूबा के नसीब में चैन नहीं है और अमेरिकी धौंस, दबंगई और दादागिरी से उसकी मुसीबतों की गठरी भारी होती जा रही है। राजधानी हवाना समेत पूरा क्यूबा अंधेरे में डूबा हुआ है। क्यूबा अभूतपूर्व ऊर्जा संकट से गुजर रहा है। डीजल और पेट्रोल का भंडार खत्म हो गया है। उसका अपना तेलशोधक संयंत्र फरवरी में आग की भेंट चढ़ गया। तेल की आपूर्ति के लिये उसका मुख्य आलंबन वेनेजुएला था, मगर अब वेनेजुएला अमेरिका का बंधक राष्ट्र है। ऊर्जा संकट का असर, शिक्षा, आहार, चिकित्सा आदि की प्रणालियों पर भी पड़ रहा है। हालत यह है कि राजधानी हवाना में नागरिकों को बाईस-बाईस घंटे ब्लैक आउट का सामना करना पड़ रहा है स्वास्थ्य सेवाएं ठप्प हैं और लोगों को खाना पकाने के लाले पड़ गये हैं। फलतः असंतोष गहरा रहा है और मुसीबतज़दा लोग सड़कों पर उतर रहे हैं। क्यूबा के इतिहास पर दृष्टिपात करें तो बीते करीब पांच शतियों में उसके संघर्ष की




तस्वीर उभरती है। 20 अक्टूबर, सन् 1492 को कोलंबस की खोज के बाद यह कैरेबियन-द्वीप समूह स्पेन का उपनिवेश रहा। सन् 1868 में इसने स्वतंत्रता की घोषणा की और सन् 1895 में आजादी की लड़ाई छेड़ी। सन् 1898 में उसे मान्यता तो मिली, लेकिन वह अमेरिका के चंगुल में फँस गया। इसका अंत अंततः मई, 1902 में हुआ, जब वह गणतंत्र बना। लेकिन यह सौभाग्य भी अधिक दिन टिका नहीं। सन् 1933 में कूदेता से बातिस्ता सत्ता में आये और करीब पाव सदी क्यूबा ने उनकी तानाशाही झेली। इससे उसे आखिरकार सन् 1959 में फिदेल कास्त्रों ने मुक्ति दिलाई। फिदेल अपनी पॉलिसी से अमेरिका की आँखों की सबसे कर्री किरकिरी बनकर उभरे। अमेरिका ने उन्हें हटाने और निपटाने के लाख जतन किये, लेकिन उसकी दाल नहीं गली। फिदेल दशक-दर-दशक उसकी छाती पर मूंग दलते रहे। उन्होंने महाबली अमेरिका की नाक तले कम्युनिस्ट रिजीम खड़ी कर दी। सन् 1962 का मिसाइल प्रसंग दुनिया भूली नहीं है। यह शीत युद्ध का चरम प्रसंग था। बहरहाल, कास्त्रों ने शिक्षा, चिकित्सा और आवास पर खूब ध्यान दिया। मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और सस्ते मकानों से उन्होंने क्यूबा का हुलिया बदल दिया। उन्होंने अफ्रीकी देशों व अन्यत्र डॉक्टरों की टोलियां भेजीं और दुनिया में अमेरिकी शिकंजे को तोड़ने का भरसक प्रयास किया। फलतः विश्व में मुक्ति कामी का जनता का यह लाड़ला नायक अमेरिका के लिये 'मोस्ट वांटेड' और खलनायक हो गया। उसके कृत्यों में सोवियत संघ उसका सरपरस्त और सहयोगी रहा। आज भी रूस और चीन उसके सहयोगी राष्ट्र हैं। रूस ने इसी साल 30 मार्च को एक लाख टन कच्चा तेल भेजा और चीन ने 80 मिलियन डॉलर की मदद और 60 हजार टन चावल देने का ऐलान किया। इसी क्रम में कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने आठ मिलियन और फिर साढ़े पांच मिलियन डॉलर की मदद की घोषणा की।

क्यूबा के खिलाफ वाशिंगटन के दबाव के चलते लातिनी अमेरिकी देशों में क्यूबा से कन्नी काटने का दायरा बढ़ता जा रहा है। मेक्सिको की क्लाडिया शीनबाम क्यूबा समर्थक हैं, लेकिन फरवरी में तेल से लदे दो पोत भेजन के पश्चात उन्होंने ट्रंप की नाराजगी के भय से क्यूबा को मदद से हाथ खींच लिये हैं। अर्जेंटिना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई अमेरिका के समर्थन में हैं, तो ब्राजील के लूला डिसिल्वा असमंजस में। चीले के गैब्रियल बोरिस ने क्यूबा पर पाबंदी को आपराधिक करार दिया था, लेकिन नये राष्ट्राध्यक्ष जोस अंतोनिया ने दो टूक कह दिया है कि क्यूबा को मदद से वहां तानाशाही के पाये मजबूत होंगे। अमेरिकी दबाव का असर अन्यत्र भी हो रहा है। निकारागुआ ने क्यूबनों के लिए वीजा फ्री एंट्री बंद कर दी है, तो ग्वाटेमाला ने क्यूबा की मेडिकल ब्रिगेडों की चरणबद्ध वापसी का कदम उठाया है। इसी क्रम में इक्वेडोर ने क्यूबा के राजदूत वसीलो गुटीरेज को देश निकाला दे दिया है। ट्रिनिडाड-टोबैगो की कमला प्रसाद बिसेसर ने मानवीय सहायता की बात करते हुये पुछल्ला जोड़ दिया है कि वह तानाशाही का समर्थन नहीं कर सकतीं। योरोपीय राष्ट्र पुर्तगाल ने तो दो कदम आगे बढ़कर क्यूबा में टूरिस्ट-ऑपरेशंस बंद कर दिये हैं।

किस्सा कोताह यह है कि क्यूबा की मुसीबतों का अंत नहीं है। कास्त्रो-काल के वैश्विक समीकरण बदल चुके हैं। अमेरिका और क्यूबा के दरम्यां अतीत त्रिभंगी मुद्रा में खड़ा है। अमेरिका निकारागुआ और बोलीविया में विद्रोह को समर्थन और कांगो, इथियोपिया, अंगोला, मोजंबीक, गीनिया बिसाऊ, यमन, अल्जीरिया, इराक और सीरिया के मामलों में क्यूबा के दखल को भूला नहीं है। उसे सन् 1959 का पनामा-प्रसंग भी याद है, जब क्यूबा ने तख्ता पलट के प्रयासों में मुंह की खाई थी। दिलचस्प बात है कि क्यूबा ने तख्ता पलट में मुंह की खाने के बाद भी अमेरिका को मुंह बिराना नहीं छोड़ा।

ये ही वे प्रसंग हैं, जिन्होंने आज नव उपनिवेशवादी अमेरिका की भृकुटि में बल डाल रखे हैं। व्हाइट हाउस आज हवाना से पुराना हिसाब चुकता करने के मूड में है। वह गड़े मुर्दे उखाड़ते हुये सन् 1996 के चार विमानों के शूट आउट प्रसंग में तत्कालीन रक्षा मंत्री रऊल कास्त्रो पर अभियोजन के पक्ष में है। रऊल अब 94 वर्ष के हो चुके हैं, लेकिन अमेरिका उनके खिलाफ मुकदमे पर अड़ा हुआ है। क्यूबा भी अमेरिका की मंशा को भाँप रहा है, लिहाजा उसने अपना लहजा नरम कर दिया है। राष्ट्रपति मिगुएल डाएज कैनेल अमेरिकी कार्रवाई को समाज को व्यथित और बंधक बनाने तथा तख्तापलट की कोशिश मानते हुए 'जीनोसाइड' करार देते हैं, लेकिन अब वह निःशर्त बातचीत के लिए तत्पर दीखते हैं। इसी मार्च में उन्होंने 51 राजनीतिक कैदियों की रिहाई भी की है। उधर रैटक्लिफ ने आर्थिक व सुरक्षा के मुद्दों पर ट्रंप की नीति से हवाना को अवगत कर दिया है। क्यूबन-अमेरिकी मूल के मार्को रूबियो ने कहा है कि क्यूबा ने 100 मिलियन डॉलर की अमेरिका की मानवीय सहायता ठुकरा दी है, तो क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगज परीला ने कहा कि अमेरिका ने ऐसी किसी मदद की पेशकश ही नहीं की।

## अध्यात्म

### ऐसे ही होने चाहिए गुरु



एक बार एक व्यक्ति की उसके बचपन के टीचर से मुलाकात होती है। वह उनके चरण स्पर्श कर अपना परिचय देता है। वे बड़े प्यार से पुछती है, अरे वाह, आप मेरे विद्यार्थी रहे है, अभी क्या करते हो, क्या बन गए हो?

मैं भी एक टीचर बन गया हूँ वह व्यक्ति बोला, और इसकी प्रेरणा मुझे आपसे ही मिली थी जब में 7 वर्ष का था। उस टीचर को बड़ा आश्चर्य हुआ, और वे बोली कि, मुझे तो आपकी शक्ल भी याद नही आ रही है, उस उम्र में मुझसे कैसी प्रेरणा मिली थी? वो व्यक्ति कहने लगा कि, यदि आपको याद हो, जब में चौथी क्लास में पढ़ता था, तब एक दिन सुबह सुबह मेरे सहपाठी ने उस दिन उसकी महंगी घड़ी चोरी होने की आपसे शिकायत की थी।

आपने क्लास का दरवाजा बन्द करवाया और सभी बच्चो को क्लास में पीछे एक साथ लाइन में खड़ा होने को कहा था। फिर आपने सभी बच्चों की जेबें टटोली थी। मेरे जेब से आपको घड़ी मिल गई थी जो मैंने चुराई थी। पर चूंकि आपने सभी बच्चों को अपनी आंखें बंद रखने को कहा था, तो किसी को पता नहीं चला कि घड़ी मैंने चुराई थी।

टीचर उस दिन आपने मुझे लज्जा व शर्म से बचा लिया था। और इस घटना के बाद कभी भी आपने अपने व्यवहार से मुझे यह नही लगने दिया कि मैंने एक गलत कार्य किया था। आपने बिना कुछ कहे मुझे क्षमा भी कर दिया और दूसरे बच्चे मुझे चोर कहते इससे भी बचा लिया था।ये सुनकर टीचर बोली, मुझे भी नही पता था बेटा कि वो घड़ी किसने चुराई थी। वो व्यक्ति बोला, नहीं टीचर, ये कैसे संभव है? आपने स्वयं अपने हाथों से चोरी की गई घड़ी मेरे जेब से निकाली थी।

टीचर बोलीः बेटा मैं जब सबके पॉकेट चेक कर रही थी, उस समय मैने कहा था कि सब अपनी आंखे बंद रखेंगे, और वही मैंने भी किया, मैंने स्वयं भी अपनी आंखें बंद रखी थी। ऐसे ही होने चाहिए गुरु, ऐसे ही होने चाहिए घर के बुजुर्ग, गांव के मुखिया। जो सबको बैलेंस करें, कमियों को दूर करें, खूबियों को निखारें।

# क्या राष्ट्रहित से ऊपर है राजनीति?

**आज जब भारत विश्व मंच पर एक उभरती हुई महाशक्ति के रूप में अपनी पहचान बना रहा है, तब देश को मजबूत सामरिक ढांचा, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और वैश्विक व्यापारिक क्षमता की भी आवश्यकता है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच भारत को अपने समुद्री हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करना समय की मांग है। ऐसे समय में ग्रेट निकोबार परियोजना भारत के सामरिक, आर्थिक और वैश्विक भविष्य की आधारशिला है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस इस परियोजना का लगातार विरोध कर रही है। वस्तुतः कभी पर्यावरण के नाम पर, कभी आदिवासी हितों के नाम पर और अब राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर प्रश्न उठाकर कांग्रेस एक ऐसे प्रोजेक्ट को रोकने की कोशिश कर रही है, जोकि भविष्य में भारत को समुद्री शक्ति, व्यापारिक आत्मनिर्भरता और सामरिक मजबूती प्रदान करने का कारण बनेगा।**

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

सवाल यह है कि क्या वास्तव में कांग्रेस को पर्यावरण और जनजातीय समाज की इतनी चिंता है या फिर यह मोदी सरकार का विरोध करने की योजनाबद्ध मानसिकता है? कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने अब हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर ग्रेट निकोबार परियोजना के मौजूदा स्वरूप पर पुनर्विचार की मांग की है। उनका तर्क है कि ट्रांसशिपमेंट पोर्ट और टाउनशिप जैसी योजनाएं सैन्य क्षमता नहीं बढ़ातीं और पर्यावरण तथा आदिवासी समुदायों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। ऐसे में यहां स्वाभाविक प्रश्न उभरता है कि यदि कांग्रेस को विकास परियोजनाओं से इतना ही परहेज है, तब अपने दशकों लंबे शासनकाल में उसने देशभर में हजारों बड़े बांध, बंदरगाह, औद्योगिक कॉरिडोर, राजमार्ग और शहरी परियोजनाएं क्यों शुरू कीं? क्या तब पर्यावरण और जनजातीय हित याद नहीं आए? क्या उस समय पर्यावरण का नुकसान नहीं हो रहा था? असल सच्चाई यह है कि कांग्रेस का यह विरोध सिद्धांत आधारित न होकर सिर्फ राजनीति से प्रेरित है। यदि यही परियोजना कांग्रेस सरकार लेकर आती, तो वही नेता इसे 'भारत के भविष्य का द्वार' बताते। वस्तुतः यह सभी समझें कि ग्रेट निकोबार द्वीप की स्थिति हिंद महासागर क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पूर्व-पश्चिम अंतरराष्ट्रीय शिपिंग मार्ग से मात्र लगभग 40 नॉटिकल मील की दूरी पर स्थित है। दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री व्यापारिक मार्गों में से एक के इतना निकट होना भारत के लिए रणनीतिक दृष्टि से अमूल्य अवसर है। आज भारत का बड़ा हिस्सा विदेशी ट्रांसशिपमेंट बंदरगाहों, जैसे कोलंबो, सिंगापुर और क्लांग पर निर्भर है। इसका सीधा अर्थ है कि भारत का व्यापारिक और सामरिक हित दूसरे देशों की बंदरगाह नीतियों पर निर्भर रहता है। ग्रेट निकोबार परियोजना इस निर्भरता को समाप्त करने की दिशा में निर्णायक कदम है। हमें समझना होगा कि 14.2 मिलियन टीईयू क्षमता वाला इंटरनेशनल कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल भारत को समुद्री व्यापार में आत्मनिर्भर बनाएगा। यह आर्थिक परियोजना होने के साथ चीन की बढ़ती समुद्री आक्रामकता के सामने भारत की रणनीतिक उपस्थिति को मजबूत करने वाला कदम है।

क्या कांग्रेस को दिखाई नहीं देता कि भारत के पड़ौसी देश अपनी सामरिक शक्ति एवं अन्य शक्तियां बढ़ाने के लिए क्या कर रहे हैं? जब चीन हिंद महासागर क्षेत्र में लगातार अपने बंदरगाह नेटवर्क का विस्तार कर रहा है, तब भारत यदि अपनी सामरिक क्षमता बढ़ाता है, तो कांग्रेस को इसमें समस्या क्यों दिखाई देती है? कांग्रेस का कहना है कि केवल आईएनएस बाज या अन्य सैन्य परिसंपत्तियों के विस्तार से काम चल सकता है। लेकिन क्या भारत जैसे विशाल और उभरते हुए राष्ट्र को केवल 'काम चलाने' वाली मानसिकता के साथ आगे बढ़ना चाहिए? उम्मीद से अधिक नहीं, किंतु यह तो कांग्रेस समझ ही सकती है? कि 150 करोड़ की जनसंख्या वाले भारत को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता है। यदि भारत को वैश्विक व्यापार, नौसैनिक शक्ति और समुद्री रणनीति में अग्रणी बनना है, तो उसे विश्वस्तरीय बंदरगाह, एयरपोर्ट और आधुनिक शहरी ढांचे की आवश्यकता होगी। कांग्रेस शायद यह भूल रही है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सैन्य अड्डों के साथ ही मजबूत आर्थिक और लॉजिस्टिक क्षमता से भी सुनिश्चित होती है। ट्रांसशिपमेंट पोर्ट, एयरपोर्ट और टाउनशिप, ये सभी मिलकर भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थायी रणनीतिक बढ़त दिलाएंगे। कांग्रेस लगातार यह प्रचारित करने की कोशिश कर रही है कि इस परियोजना से बड़े स्तर पर पर्यावरण को नुकसान होगा, किंतु वास्तविकता इससे भिन्न है।यह परियोजना ईआईए अधिसूचना 2006 और आईसीआरजेड अधिसूचना 2019 के तहत सभी आवश्यक पर्यावरणीय मंजूरियां प्राप्त कर चुकी है। इसके लिए विस्तृत पर्यावरण प्रभाव आकलन किया गया है, जिसमें भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, भारतीय विज्ञान संस्थान, वन्यजीव संस्थान और सैकॉन जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों ने अध्ययन किया है। परियोजना के अंतर्गत 42 अनिवार्य पर्यावरणीय शर्तें लागू की गई हैं। द्वीप के केवल 1.82 प्रतिशत वन क्षेत्र का उपयोग किया जाएगा और इसके बदले 97.30 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में क्षतिपूर्ति वनीकरण किया जाएगा। इतना ही नहीं, 65.99 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को ग्रीन जोन के रूप में संरक्षित रखा जाएगा, जहां एक भी पेड़ नहीं काटा जाएगा। क्या कांग्रेस यह बताना चाहेगी कि उसके शासनकाल में बनी परियोजनाओं में इतने व्यापक पर्यावरणीय सुरक्षा प्रावधान कितनी बार देखने को मिले थे? कांग्रेस यह आरोप लगा रही है कि परियोजना से शोंपेन और निकोबारी समुदाय प्रभावित होंगे, किंतु सही तथ्य यह है कि परियोजना में किसी भी जनजातीय समुदाय के विस्थापन का प्रस्ताव नहीं है। परियोजना के अंतर्गत जनजातीय आरक्षित क्षेत्र में शुद्ध वृद्धि सुनिश्चित की जा रही है। 73.07 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को डी-नोटिफाई करने के बदले 76.98 वर्ग किलोमीटर नई भूमि को पुनः जनजातीय आरक्षित क्षेत्र घोषित किया जा रहा है। यानी कुल आरक्षित क्षेत्र में वृद्धि होगी।

इसके अतिरिक्त, जनजातीय हितों की निगरानी के लिए स्वतंत्र समितियां गठित की गई हैं और जनजातीय कार्य मंत्रालय, एएजेवीएस तथा भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण जैसे संस्थानों से विस्तृत परामर्श किया गया है। यदि वास्तव में सरकार आदिवासी विरोधी होती, तब क्या इतनी संवेदनशील और निगरानी आधारित व्यवस्था तैयार की जाती? आज विश्व तेजी से बदल रहा है। समुद्री व्यापार, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और सामरिक समुद्री मार्ग आने वाले दशकों की शक्ति का निर्धारण करेंगे। भारत यदि इस दिशा में निर्णायक कदम उठा रहा है तो उसका स्वागत होना चाहिए, न कि राजनीतिक विरोध। मोदी सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है कि भारत को आत्मनिर्भर, सामरिक रूप से मजबूत और आर्थिक रूप से शक्तिशाली बनाना है। कहना होगा कि ग्रेट निकोबार परियोजना उसी दृष्टि का हिस्सा है।

वस्तुतः आज ग्रेट निकोबार परियोजना यह सिद्ध करती है कि विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक मूल्यांकन और चरणबद्ध विकास के माध्यम से दोनों के बीच संतुलन स्थापित किया जा सकता है। गैस और सौर ऊर्जा आधारित हाइब्रिड पावर प्लांट, पर्यावरण प्रबंधन योजना, आपदा प्रबंधन ढांचा और जैव विविधता संरक्षण उपाय यह दर्शाते हैं कि सरकार दीर्घकालिक सतत विकास की सोच के साथ आगे बढ़ रही है। ऐसे में कहना यही होगा कि ग्रेट निकोबार परियोजना भारत के भविष्य की परियोजना है। यह सिर्फ एक बंदरगाह या एयरपोर्ट का निर्माण नहीं, हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की शक्ति, प्रतिष्ठा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। कांग्रेस यदि वास्तव में राष्ट्रहित की राजनीति करना चाहती है, तो उसे हर राष्ट्रीय परियोजना का अंधा विरोध बंद कर देना चाहिए। ध्यान रहे- आलोचना होनी चाहिए, सुझाव भी दिए जाने चाहिए, पर विकास को रोकने और देश को कमजोर करने वाली मानसिकता किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं हो सकती। भारत अब 20वीं सदी की सोच से आगे निकल चुका है। यह नया भारत है, जो पर्यावरण का संरक्षण भी करना जानता है, आदिवासी हितों का सम्मान भी करता है और साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता भी देता है। अब स्वभाविक है कि ग्रेट निकोबार परियोजना इसी नए भारत की महत्वाकांक्षा, क्षमता और आत्मविश्वास का प्रतीक है, जिसे हर हाल में पूरा होना ही चाहिए, इसी में हम सभी भारतीयों का हित निहित है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

आपको किसी पर भी अधिक निर्भर रहना ठीक नहीं है। घर का माहौल अच्छा रहेगा। हालाँकि फिर भी कड़वी भाषा का प्रयोग करना उचित नहीं है।

**वृषभ**

आप जो भी काम हाथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे। व्यापार में अत्यधिक व्यस्तता रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपके प्रदर्शन की प्रशंसा होगी।

**मिथुन**

आर्थिक मामलों को लेकर आप थोड़े परेशान रहेंगे। अपना मन सदैव शान्त रखें। घरेलू खर्च को लेकर आपका बजट गड़बड़ा सकता है।

**कर्क**

आज दिन की शुरुआत किसी शुभ समाचार से होगी। व्यवसाय में आपको अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। प्रेम सम्बन्धों को पर्याप्त समय देंगे।

**सिंह**

मन में सन्तुष्टि का भाव रहेगा। कारोबार में बड़ा ऑर्डर आपको मिल सकता है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों का मन काम में नहीं लगेगा।

**कन्या**

धर्म-कर्म के प्रति नीरसता की भावना महसूस होगी। पिता के किसी निर्णय से आप नाराज हो सकते हैं। अनर्गल कार्यों में अधिक ध्यान न लगायें।

**तुला**

आपको धन की कमी महसूस होगी। लोगों से अधिक सलाह न लें, अन्यथा अनावश्यक भ्रमित हो जायेंगे। महिलाओं को अपना व्यवहार संयमित रखना चाहिये।

**वृश्चिक**

नयी तकनीक के प्रति जिज्ञासु रहेंगे। परिश्रम का बेहतरीन परिणाम प्राप्त होगा। आपके रुके हुये कार्य गतिशील होने की सम्भावना है।

**धनु**

आपकी सलाह से लोगों को अत्यधिक लाभ मिलेगा। अचल सम्पत्ति की खरीदी का विचार मन में आयेगा। घर का वातावरण सुखद रहेगा। पुराना कर्ज वापस लौटाने की कोशिश कर सकते हैं।

**मकर**

कार्यक्षेत्र में आपको सुधार करने पड़ेगा। आपकी दिनचर्या अव्यवस्थित रहने वाली है। दोपहर के बाद का समय आपके लिये अत्यन्त सुखद रहने वाला है। लम्बी दूरी की यात्रा आप कर सकते हैं।

**कुंभ**

अपनी कमियों को लेकर थोड़े कुण्ठित हो सकते हैं। अहंकारी व्यवहार के कारण स्वजन आपसे नाराज हो सकते हैं। अधिकारी वर्ग से अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मीन**

मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। प्रियजनों के साथ आप काफी अच्छा समय बितायेंगे। मीडिया समूह से जुड़े लोगों को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जीरो डोज अभियान को सफल बनाने के लिए बैठक

**पालीगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय पालीगंज स्थित सभागार में बुधवार को जीरो डोज अभियान की सफलता को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सुशील कुमार एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बिपिन कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में ग्राम पंचायत भेड़रिया सियारामपुर, माधवां मखमिलपुर एवं नदहरी कोदहरी के सभी विकास मित्र एवं टोला सेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर बीडीओ सुशील कुमार ने कहा कि जीरो डोज अभियान का मुख्य उद्देश्य नवजात बच्चों को समय पर टीकाकरण से जोड़ना तथा समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। उन्होंने उपस्थित सभी विकास मित्रों एवं टोला सेवकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में टीकाकरण से वंचित बच्चों की पहचान करें और उन्हें स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने में सक्रिय सहयोग दें। कार्यक्रम के दौरान पीसीआई के जिला समन्वयक संस्कृति भारद्वाज, प्रखंड समन्वयक आलोक गुंजन एवं हरि जी ने अभियान की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए इसके महत्व एवं कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। बैठक में अभियान को सफल बनाने के लिए सभी से समन्वय बनाकर कार्य करने का आह्वान किया गया।



### घर में घुसकर साढे तीन लाख नकदी समेत लाखों की चोरी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना के श्यामनगर मोहल्ले में एक घर में घुसकर देर रात को बक्से में रखे हुए साढे तीन लाख पर नगदी एवं लाखों रुपए के जेवरात को चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पिडित भारत प्रसाद पिता स्व मलिक प्रसाद ने मसौढी थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई हैं। आवेदन में पीड़ित भारत प्रसाद ने लिखा है कि बीते 19 मई की देर रात को तकरीबन 11:40 में जब नींद खुली और उठे तो देखें कि हमारे घर में से बक्सा गायब हैं बक्से में तिन लाख पचास हजार रुपए नगदी रखे हुए थे जो कोयल व्यापारी से कोयला लाने के लिए रखे थे। इसके अलावा कई आभूषण भी गायब थे कुल 5 लाख रुपए की कीमत की चोरी हुई है, मुझे आशंका है की कोई बाहर से घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हैं।

### धनरूआ स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण और एनीमिया पर प्रशिक्षण

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनरूआ में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की अध्यक्षता में गुरुवार को नियमित टीकाकरण एवं एनीमिया रोकथाम को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नियमित टीकाकरण से संबंधित डिजिटल माइक्रो प्लान रिव्यू पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही मातृ एनीमिया के प्रबंधन को लेकर भी जानकारी साझा की गई। प्रशिक्षण में डॉ. गिरिराज शारदा, डॉ. कुमुद रंजन, हल्ड के रटड बीएचएम रामनारायण प्रसाद, मॉनिटर हो फूलबाबू सिंह, ढउक मीनू कुमारी और केंद्र की सभी एएनएम शामिल रहीं।उल्उ धनरूआ में पदस्थापित स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. श्वेता सिंह ने उपस्थित सभी एएनएम को मैटरनल एनीमिया के कारण, पहचान और बचाव के बारे में प्रशिक्षित किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य जमीनी स्तर पर टीकाकरण को मजबूत करना और गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की दर घटाना है। इससे शिशु व मातृ मृत्यु दर में कमी लाने में मदद मिलेगी।



### प्रचंड गर्मी में पसीने से तरबतर पढ़ने को विवश

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ प्रखंड के वीर पंचायत स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय नौरंगाबाद में बीते 9 महीने से बिजली आपूर्ति ठप है। नतीजन इस प्रचंड गर्मी में बच्चे और शिक्षक पसीने से तरबतर होकर पढ़ने-पढ़ाने को मजबूर हैं। क्लासरूम में पंखे बंद पड़े हैं और रोज कोई न कोई बच्चा गश्त खाकर बेहोश हो रहा है।प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि असामाजिक तत्व पूरे इलाके में बिजली तार काटकर चोरी कर ले रहे हैं। स्कूल को आने वाली लाइन कटने से आपूर्ति पूरी तरह बंद है। तार चोरी से न सिर्फ स्कूल बल्कि आसपास के खेतों में किसानों की सिंचाई भी ठप हो गई है। बिजली न होने से क्लासरूम भट्ठी बने हुए हैं।इसके अलावा शिक्षक-शिक्षिका और रसोइया भी गर्मी से बेहाल हैं। स्कूल में पढ़ाई का माहौल पूरी तरह चौपट हो गया है। स्थानीय जितेंद्र राम, शशि रंजन कुमार समेत ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जल्द बिजली बहाल नहीं हुई तो किसान, अभिभावक और ग्रामीण सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। 9 महीने से बिजली आपूर्ति बाधित है और गर्मी में पढ़ने को मजबूर हैं, लेकिन विभाग और प्रशासन बेखबर बना है।



### बहादुरपुर में नीरा विक्रय केंद्र का शुभारंभ

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत बहादुरपुर पंचायत के बहादुरपुर स्टेशन रोड में टेपर बिनोद चौधरी द्वारा नीरा विक्रय केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों एवं जीविका से जुड़े सदस्यों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम के दौरान नीरा के स्वास्थ्यवर्धक एवं प्राकृतिक पेय होने की जानकारी दी गई।बताया गया कि नीरा ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार एवं आय बढ़ाने का एक अच्छा माध्यम बन रहा है।प्रखंड परियोजना प्रबंधक (बीपीएम) स्वाति श्रीवास्तव ने बताया कि जीविका के माध्यम से नीरा को बढ़ावा देकर पारंपरिक ताड़ी टैपिंग कार्य को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।नीरा विक्रय केंद्र खुलने से स्थानीय लोगों को शुद्ध एवं ताजा नीरा उपलब्ध हो सकेगा तथा ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा।इसमें कोई दो राय नहीं कि नीरा आजीविका का महत्वपूर्ण साधन बन सकता है। लेकिन इसके लिए समय दर समय इसकी निगरानी और निरीक्षण करने की जरूरत है। ताकि योजना महज मजाक बन कर न रह जाए।



### नाला निर्माण से सड़क बाधित लोग परेशान

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुलाब बाग दुर्गा मंदिर के पास से मच्छरहट्टा चौक के पास जाने वाली मुख्य सड़क पर नाला निर्माण के नाम पर संवेदक के द्वारा बीच सड़क पर गड्ढा कर छोड़ देने के चलते राहगीर एवं दोपहिया और चार पहिया वाहनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संवेदक की मनमानी के चलते आसपास के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। वहीं बीच सड़क पर मालवा निकाल कर छोड़ देने के चलते साइकिल का भी सड़क से होकर जाना मुश्किल हो गया है। संवेदक से लोगों ने मलवा हटाने की बात की तो कोई सार्थक जवाब नहीं दिया।

### कार्यपालक अभियंता ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के ग्रामीण कार्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता भगवान राय ने टेंडर में फर्जी कागजात समर्पित करने के आरोप में मोकामा निवासी ठेकेदार आलोक कुमार पर केस दर्ज कराया है। कार्यपालक अभियंता का कहना है कि निविदा संख्या 1444 58 में निविदा कार सहिष्णु कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के प्रोपराइटर आलोक कुमार द्वारा गलत वार्षिक टर्नओवर का कागजात समर्पित किया गया था ।ऑनलाइन किए गए आवेदन में दस्तावेज की जांच पड़ताल की गई जिसे गलत पाया गया। पीएमजीएसवाई में आलोक कुमार द्वारा समर्पित गलत दस्तावेज को लेकर कार्यपालक अभियंता के द्वारा कई बार स्पष्टीकरण मांगा गया। लेकिन जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद इस निविदा को अयोग्य घोषित करते हुए फेक जानकारी देने के आरोप में विभाग द्वारा केस दर्ज कराया गया है।

# पैक्स चुनाव: नामांकन के अंतिम दिन कुल चार पैक्स अध्यक्ष समेत 34 उम्मीदवारों ने भरे नामांकन पर्चे

## तीन जून को होनी है वोटिंग



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के भदौरा पैक्स के लिए चुनाव का बिगुल बजते ही एक बार फिर से भदौरा में सरगर्मी बढ़ गई है। आगामी 3 जून को वोटिंग होनी है। ऐसे में गुरुवार को नामांकन के अंतर दिन कुल चार अध्यक्ष पद समेत 34 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए नागेश्वर सिंह पिता स्व. चंद्रिका शर्मा, रामदयाल सिंह पिता स्व. रामभगवान सिंह और लक्ष्मण पांडे पिता आदित्य नारायण पांडे एवं पवन कुमार पिता रामदयाल सिंह, समेत 34 कार्यकारिणी सदस्यों ने अपना नामकंन पर्चा दाखिल कराया है।इसके अलावा सामान्य कोटी में कुल 15 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है, जिसमें 9 पुरुष 6 महिला, एसी में 6 उम्मीदवार जिसमें तिन पुरुष तीन महिला उम्मीदवार,बीसी कोटि मे आठ जिसमें महिला पांच पुरूष तिन उम्मीदवार और ईबीसी में पांच उम्मीदवार जिसमें महिला दो पुरुष तिन उम्मीदवार ने नामकंन पर्चा दाखिल किया है। ऐसें कुल 34 उम्मीदवार में कुल 14 महिला उम्मीदवार एवं 20 पुरूष उम्मीदवार चुनावी मैदान मे अपना नामकंन कराया है।बहरहाल संवीक्षा का कार्य 22 और 23 मई को होगा, वहीं प्रतीक आवंटन 26 मई को होना है। एवं मतदान 3 जून को होना है जो सुबह 7:00 से 4:30 तक होगा है। भदौरा पैक्स को लेकर चार मतदान केंद्र बनाए गए हैं 2672 मतदाता एक बार फिर से अपना मनपसंद उम्मीदवार को चुनेंगे।

# मसौढ़ी अनुमंडल अस्पताल में शुरू होगी डायलिसिस की सुविधा, किडनी मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल अस्पताल में जल्द ही डायलिसिस की सुविधा शुरू होने जा रही है। इससे क्षेत्र के किडनी मरीजों को अब पटना या निजी अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अस्पताल उपाधीक्षक ने बताया कि सरकार की योजना के तहत ढढढ मोड पर डायलिसिस यूनिट स्थापित की जा रही है। इसके लिए मशीनें और टेक्नीशियन की व्यवस्था अंतिम चरण में है। यूनिट में 3 से 4 बेड की व्यवस्था होगी और शुरूआती दौर में रोज 10 से 12 मरीजों का डायलिसिस हो सकेगा।अभी मसौढ़ी, धनरुआ, पुनपुन और आसपास के प्रखंडों के किडनी मरीजों को डायलिसिस के लिए 40-50 किमी दूर पटना जाना पड़ता है। हर डायलिसिस पर 2000 से 3000 रुपये खर्च होते हैं। अस्पताल में यह सुविधा शुरू होने पर आयुष्मान कार्ड और बीपीएल मरीजों को निःशुल्क डायलिसिस मिलेगा। अन्य मरीजों के लिए भी सरकारी दर पर काफी सस्ती सुविधा उपलब्ध होगी।अस्पताल प्रशासन के मुताबिक अगलै महिने तक यूनिट चालू करने का लक्ष्य है। मशीन इंस्टॉलेशन का काम अगले 15 दिन में पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद टेक्नीशियन की ट्रेनिंग और ट्रायल रन होगा। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ नलिनी सिंह ने बताया कि डायलिसिस यूनिट शुरू होने से पूरे अनुमंडल के मरीजों को राहत मिलेगी। गरीब मरीज अब आर्थिक तंगी के कारण इलाज से वंचित नहीं रहेंगे।

# टी.पी.एस. कॉलेज में 'बौद्धिक संपदा अधिकार एवं नवाचार' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टीपीएस कॉलेज पटना के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा आज कौटिल्य सभागार में 'बौद्धिक संपदा अधिकार एवं नवाचार : एक अवलोकन' विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में बौद्धिक संपदा अधिकार की जानकारी विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नवाचार एवं सृजनात्मक कार्यों की सुरक्षा से ही ज्ञान आधारित समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम की संयोजिका एवं आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. (डॉ.) रूपम ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि विद्यार्थियों में नवाचार, अनुसंधान एवं सृजनात्मक सोच को विकसित करने के उद्देश्य से इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। मुख्य वक्ता सुश्री सुगंधा सिन्हा, विधि संकाय, चाणक्या नेशनल लॉ यूनिर्वसिटी ने अपने व्याख्यान में कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क एवं डिजाइन अधिकार जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. शशि भूषण चौधरी ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार न केवल शोध एवं नवाचार को संरक्षण प्रदान करता है, बल्कि यह विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं अनुसंधान की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। प्रो. शाइस्ता नूरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज के वैश्विक युग में रचनात्मकता एवं नवाचार को उचित पहचान दिलाने में बौद्धिक संपदा अधिकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। मीडिया समन्वयक डॉ. मुकुंद कुमार ने बताया कि कॉलेज में विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं बौद्धिक विकास के लिए समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# होली मिशन में टॉपर्स सम्मानित



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होली मिशन सेकंडरी स्कूल में दसवीं और बारहवीं के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पटना में टॉप आए आदित्य राज जिन्हें 99% मार्क्स आए थे एवं शशांक सेठ जिन्हें 98% मार्क्स आए थे उसके अलावा 71 विद्यार्थी जिन्हें 90% से अधिक मार्क्स आए हैं उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि बच्चों ने अपने कड़ी मेहनत एवं लगन के बल पर सफलता प्राप्त किया हैं तथा अपने परिवार और विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के पटना के टॉपर आदित्य राज , विद्यालय के सेकेंड टॉपर शशांक सेठ एवं कमर्स टॉपर आकृति राज ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के अनुभवी शिक्षकों के देते हुए अपनी स्टडी स्ट्रेटजी भी बताई। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं में प्रीवियस ईयर के सवाल तथा NCERT किताबों का विस्तृत अध्ययन अच्छे नंबर स्कोर करने में सर्वाधिक सहायक होते हैं। अन्य बच्चों ने भी NCERT के नियमित अध्ययन को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों को अपनी सफलता का श्रेय देते हुए बताया कि शिक्षकों के मार्गदर्शन के फलस्वरूप ही ये सफलता उनके हिस्से आई है। 97% अंक लाने वाले हर्षित कृष्णा ने भी प्रैक्टिस पेपर सॉल्व करने पर जोर दिया। इस अवसर पर चेयरमैन राजेश श्रीवास्तव ने भी बच्चों की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा शिक्षकों के योगदान को भी सराहा। उन्होंने दसवीं बोर्ड के ३ङ्कस्स्री१२ का भी अभिनंदन करते हुए बताया कि जो विद्यार्थी इँ की बोर्ड परीक्षा में 95% से अधिक अंक प्राप्त किये हैं उनको इस विद्यालय में क्इँ और क्क्इँ की पढ़ाई निःशुल्क कराई जायेगी। वहीं जिन विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये हैं उनको एडमिशन फीस पर 100% तथा ट्यूशन फीस पर 90% की छूट दी जाएगी। इस वर्ष भी होली मिशन सेकेंडरी विद्यालय से 71 विद्यार्थी क्क्इँ की बोर्ड परीक्षा में 90% से अधिक अंक प्राप्त किये हैं।

# मसौढ़ी के बुनियाद केंद्र में दिव्यांगों के बैट्री ट्राइसाइकिल की मुफ्त मरम्मत

## 30 लोगों को मिला लाभ



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, पटना द्वारा बुनियाद केंद्र मसौढ़ी में गुरुवार को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल की तकनीकी मरम्मती शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में "संबल" योजना के तहत दिव्यांगजनों को वितरित की गई बैटरी चालित ट्राइसाइकिलों में आई खराबी को दूर किया गया। खराब बैटरी, चार्जर और अन्य तकनीकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस शिविर में कुल 30 दिव्यांगजनों की ट्राइसाइकिल की मरम्मत की गई। शिविर से दिव्यांगजनों को बड़ी राहत मिली और उनकी आवाजाही फिर से सुगम हो गई। आयोजकों ने बताया कि दिव्यांगजनों को सुविधा देने के लिए ऐसे शिविर आगे भी लगाए जाएंगे, ताकि उन्हें मरम्मत के लिए पटना न जाना पड़े। शिविर में एलिम्को के तकनीशियन राहुल कुमार द्वारा बैटरी चालित ट्राइसाइकिल के मरमत का कार्य किया गया, जबकि शिविर के सफल आयोजन में बुनियाद केंद्र की प्रबंधक श्रद्धा सिंहा एवं अन्य बुनियाद कर्मी अनिल कुमार,अनुपमा,सिमरन,प्रियांशु, कुमार राकेश, रौशन, बिनानजंय, विनोद आदि शामली रहे।

### युवा सूखा नशा की चपेट में, बच्चों का हो रहा भविष्य खराब

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इन दिनों सुखा नशा का प्रचलन बड़े पैमाने पर हो रहा है हालत यह है कि हर चौक चौराहा गली मोहल्ला में सूखा नशा के माफिया कुंडली मारते हुए किशोर और युवा वर्ग को अपनी चपेट में ले लिया है। इसका कारोबार सरेआम हो रहा है। हालत यह है कि शाम ढलते ही माफिया सुखा नशा का बाजार लगा देते हैं और खड़े-खड़े कारोबार भी कर लेते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि₹350 में एक छोटा सा कागज का पुड़िया मिलता है जिसमें सुखा नशा रहता है कई जगह तो इसे गूमती में भी बेचा जाता है और माफिया ऑर्डर करने पर बाइक से भी पहुंचा देता है। जिसके चलते इलाके में पारिवारिक कलह के साथ-साथ युवा पीढ़ी अपने करियर को चौपट करते हुए राह भटक गया है। स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी होने के बाद भी इस गंभीर समस्या पर कुछ भी उपाय नहीं कर पा रही है।

# सांप काटने से तीन महिलाएं अस्पताल पहुंची, एक को रेफर किया गया

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्र के तीन महिला गुरुवार के दिन सर्प काटने के चलते अस्पताल पहुंची पहली घटना अथमल गोला क्षेत्र के नीरपुर गांव की है जहां 60 वर्षीय नीलम देवी के घर का दिवाला गिर गया और महिला वहीं पर थी। दीवाल गिरने से दीवाल के अंदर से एक गेहूमन सांप निकला और महिला को काट लिया। हालांकि परिजनों ने सांप देखते ही उसे पर हमला बोल दिया और मार गिराया और फोटो खींचकर अस्पताल डॉक्टर के पास पहुंचा जहां डॉक्टर को सांप दिखाकर इलाज करवाना शुरू कर दिया। हालांकि करीब 2 घंटे बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए पटना भेज दिया गया। दूसरी घटना एनटीपीसी थाना क्षेत्र के सहनौरा गांव की है जहां 30 वर्षीय मधु देवी नामक महिला को बिस्तर के ऊपर करैत सांप ने काट लिया इसके बाद महिला को भी अस्पताल में भर्ती कराया जिसका इलाज चल रहा है। वही खेत में घास काटने गई बाढ़ थाना क्षेत्र की 18 वर्षीय ममता कुमारी को किसी जहरीले जंतु ने काट लिया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन बार-बार लड़की तरह-तरह की बातें कर रही थी कभी खुले में शौच जाने की बात तो कभी भूत के द्वारा पटक दिए जाने की बात सब डॉक्टर परेशान दिखे बाद में लड़की को पटना रेफर कर दिया गया।

# बुलेट सवार युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, पीएमसीएच में मौत

## मसौढ़ी के बीरांची मोड़ पर हुआ हादसा



मृतक का फाइल फोटो।

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बीरांची मोड़ के पास एनएच-22 पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक अपनी शादी के सिलसिले में पुनपुन रिश्तेदार से मिलने जा रहा था।मृतक की पहचान गौतम कुमार, पिता स्व लालदेव मिस्त्री, निवासी जगपुरा, थाना मसौढ़ी के रूप में हुई है। 20 मई 2026 को करीब 4 बजे शाम गौतम बुलेट मोटरसाइकिल से घर से पुनपुन के लिए निकला था। बीरंची मोड़ के पास पहुंचते ही किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गौतम सड़क पर बुरी तरह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। सूचना मिलते ही मसौढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मसौढ़ी ले गई। हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। लेकिन इलाज के दौरान पीएमसीएच में गौतम ने दम तोड़ दिया। गौतम की जल्द शादी होने वाली थी। उसी सिलसिले में वह मुलाकात करने जा रहा था। हादसे की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गुलाब बाग चौक से माउंट लिट्रा तक सड़क नो एंट्री एरिया घोषित

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ नगर में भीषण जाम को लेकर अनुमंडल प्रशासन के द्वारा गुलाबबाग चौक से माउंट लिटरा जी स्कूल तक के मुख्य सडक क्षेत्र को दिन में 9:00 बजे से रात्रि 9:00 तक नो एंट्री एरिया घोषित किया गया है जिसमें व्यावसायिक वाहन और भारी मालवाहक वाहन का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह ने बताया कि पथ निर्माण विभाग के द्वारा पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है। इसको लेकर डायवर्सन बनाया गया है । बड़े वाहनों के प्रवेश से यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है। इसके कारण स्कूली वाहन, एंबुलेंस एवं अन्य जरूरी सेवा वाले वाहनों के परिचालन में कठिनाई हो रही है ।इसको लेकर नो एंट्री जोन घोषित किया गया है ।एसडीएम और एसडीपीओ का संयुक्त आदेश जारी होने के बाद इस एरिया में प्रवेश करने पर भारी वाहनों पर जुमार्ना लगाया जाएगा।

# डालमिया भारत सीमेंट ने पूर्वोत्तर भारत के बाजारों में उतारा सुपर-प्रीमियम उत्पाद 'वेदर 365'

## उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को लक्ष्य बनाते हुए पेश किया वॉटर रिपेलेंट सीमेंट

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत की अग्रणी सीमेंट निमार्ता कंपनियों में से एक, डालमिया भारत सीमेंट ने आज एक नया सुपर-प्रीमियम वॉटर रिपेलेंट सीमेंट ब्रांड 'वेदर 365' लॉन्च करने की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य पूर्वी भारत में टिकाऊ और मौसम-अनुकूल निर्माण सामग्री के लिए उपभोक्ताओं की बढ़ती माँग को पूरा करना है। इस उत्पाद को उन उपभोक्ताओं के लिए एक उच्च-प्रदर्शन वाले विकल्प के रूप में पेश किया गया है, जो अपने घरों को सीलन, नमी और पानी से होने वाले नुकसान से लंबी अवधि तक सुरक्षा देना चाहते हैं। यह लॉन्च डालमिया भारत सीमेंट की तेजी से बढ़ते प्रीमियम सीमेंट क्षेत्र में एक रणनीतिक बढ़त को दशार्ता है, जहां उपभोक्ताओं की पसंद अब केवल कीमत तक सीमित न रहकर विशिष्ट और प्रदर्शन-आधारित निर्माण सामग्री की ओर बढ़ रही है। अपनी सुपर-प्रीमियम स्थिति को और मजबूत करने के लिए, यह उत्पाद प्रीमियम-गुणवत्ता वाली वॉटर-रेसिस्टेंट और टैंपर प्रूफ बीओपीपी पैकेजिंग में उपलब्ध होगा। 'वेदर 365' को पश्चिम बंगाल और बिहार के रिटेल बाजारों में पेश किया जाएगा। उत्पाद की शुरूआत के साथ-साथ, कंपनी अपनी इंजीनियरिंग और तकनीकी सेवा सहायता भी प्रदान करेगी, ताकि ग्राहकों को निर्माण के सर्वोत्तम तरीकों के बारे में मार्गदर्शन दिया जा सके।

### कोर्ट में एसडीएम के साथ दुर्व्यवहार, अधिवक्ता पर केस दर्ज

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के एसडीएम के साथ कोर्ट में मुकदमे की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता ने कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया। इस मामले में एसडीएम के प्रतिवेदन पर अधिवक्ता कुमार अभिनव पर प्राथमिकी दर्ज की गई है ।मिली जानकारी के अनुसार एसडीएम गरिमा लोहिया के द्वारा 18 मई की दोपहर 1:40 में कोर्ट में मुकदमों का संचालन किया जा रहा था। इसी दौरान वाद संख्या 7/26 भरण पोषण अधिनियम धारा 4 के तहत विचाराधीन मुकदमे की सुनवाई को लेकर पहुंचे अधिवक्ता कुमार अभिनव न्यायालय में बैठे हुए थे। उनकी कथित अमर्यादित गतिविधि पर उन्हें एसडीएम द्वारा नाराजगी जताते हुए अनुशासन बनाए रखने का निर्देश दिया गया। आरोप है कि इसके बाद अधिवक्ता उत्तेजित हो गए और अपमानजनक व्यवहार किया।

# तार चोर गिरोह का भंडाफोड़, टेंपो से 40 किलो तांबा-10 किलो एल्युमिनियम बरामद, तीन गिरफ्तार



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए रेडबीघा मोड़ के पास से चोरी के तार के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक उठाॠ टेंपो से करीब 40 किलो तांबा का तार और 10 किलो एल्युमिनियम का तार बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 1. अमरजीत कुमार पिता बिंदा बिंद, 2. कालेज कुमार पिता जय बिंद और 3. कुमार विजय पिता बेचन बिंद के रूप में हुई है। तीनों नसरतपुर, थाना धनरूआ, के रहने वाले हैं। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया की गुप्त सूचना मिली थी कि उठाॠटेंपो से चोरी का तार ले जाया जा रहा है। सूचना पर रेडबीघा मोड़ के पास घेराबंदी कर वाहन की तलाशी ली गई। टेंपो से भारी मात्रा में तांबा और एल्युमिनियम के कटे हुए तार मिले। मौके से तीनों को हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में पता चला कि ये तार बिजली लाइन और खेतों से काटकर चुराए गए थे। इलाके में लगातार तार चोरी की घटनाओं से स्कूल और किसानों की बिजली आपूर्ति ठप हो रही थी,धनरूआ थानाध्यक्ष ने बताया कि तार को चोरी करने के बाद इसे गला कर बाजार में बेचते थे जप्त किए तार की कीमत 30 हजार में बताई जा रही है,बहरहाल तीनों के खिलाफ कांड दर्ज कर लिया गया है। बरामद तार को जब्त कर आगे विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

## संक्षिप्त समाचार

### मगध विवि के परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल प्रतिबंधित

**पटना/गया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मगध विश्वविद्यालय के सभी कॉलेज के परीक्षा केंद्रो पर मोबाइल, ईयर फोन एवम अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस आशय का कार्यालय आदेश निर्गत करते हुए मगध विश्व विद्यालय के कुलसचिव डॉ बी के मंगलम ने कुलपति के आदेशानुसार एवम बिहार राज्य विश्व विद्यालय अधिनियम 1976 के निदेशानुसार से दंडनीय माना गया है। ऐसे में सभी केंद्र अधिक्षकों एवम प्राचार्यो को निदेशित किया गया है कि वे परीक्षा में होने वाले किसी भी कदाचार को रोकना सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि हाल के वर्षों मे विधार्थियों द्वारा पढाई के लिए मोबाइल पर बढ़ती निर्भरता ने उन्हें प्रकाशन की पुस्तकों से दूर कर दिया है जिसका असर उनके समग्र विषय की समझ पर पड़ रहा है। अच्छे शिक्षकों की हमेशा छात्रों को सलाह रहती है कि परीक्षा की बेसिक तैयारी करते समय वे मोबाइल से दूर रहें और बेसिक पुस्तकों से ही अपनी तैयारी करें।

### झपटमार लंगड़ा गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे सुरक्षा बल की तत्परता से बुधवार देर रात राजेन्द्र पुल रेलवे स्टेशन पर एक बड़ी घटना को अंजाम देने के बाद भाग रहा झपटमार पकड़ा गया। आरोपी बरौनी क्षेत्र में सक्रिय कुख्यात 'लंगड़ा गिरोह' का सदस्य बताया जा रहा है।मुंबई से छपरा जा रही स्पेशल ट्रेन संख्या 05096 राजेन्द्र पुल स्टेशन पर रुकी थी। इसी दौरान एक महिला यात्री का पर्स झपटकर एक युवक प्लेटफॉर्म से भागने लगा। महिला के शोर मचाने पर वहां तैनात मोकामा आरपीएफ पोस्ट के जवानों ने तुरंत कार्रवाई की। जवानों ने झपटमार का पीछा कर उसे खदेड़कर धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोनू कुमार के रूप में हुई है, जो बेगूसराय जिले के फुलवरिया थाना क्षेत्र का निवासी है।गिरफ्तारी के बाद जब आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से महिला यात्री का लेडीज पर्स बरामद हुआ। पर्स में एक मोबाइल फोन, आधार कार्ड और 1910 रुपये नकद मिले।आरपीएफ निरिक्षक रविन्द्र कुमार यादव ने बताया गिरफ्तार सोनू कुमार बरौनी और आसपास के रेलवे क्षेत्रों में सक्रिय कुख्यात 'लंगड़ा गिरोह' का सदस्य है। यह गिरोह अक्सर चलती-रुकती ट्रेनों में यात्रियों का सामान, मोबाइल और पर्स झपटने की घटनाओं को अंजाम देता है।गिरफ्तार झपटमार को बरौनी जीआरपी को सुपुर्द कर दिया गया है।

### बाढ़ पूर्व तैयारियों का जिलाधिकारी ने लिया जायजा

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री बिहार सरकार द्वारा बाढ़ और सुखाड़ से बचाव हेतु पूर्व तैयारियों की समीक्षा के दौरान दिए गए निदेश के आलोक में जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण द्वारा आपदा प्रबंधन शाखा के समाहरणालय स्थित गोदाम का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गोदाम में रखे प्लास्टिक सीट्स, इंफ्टेबलेट्स मोटर, लाइफ जैकेट, राहत बचाव में उपयोग आने वाले स्ट्रेचर, ओबियम मशीन आदि के स्थिति को जांचा परखा गया। सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला आपदा गोदाम में कुल 436 लाइफ जैकेट, 7 परिचालन योग्य ओबियम मशीन, 4 सैटेलाइट फोन तथा लगभग 20 हजार पॉलीथिन शीट्स उपलब्ध हैं।जिलाधिकारी के द्वारा सभी समानों के उचित रख - रखाव तथा समय - समय पर ओबियम मशीन के परीक्षण के लिए निर्देशित किया ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में तीव्र गति से राहत बचाव कार्यो को अंजाम दिया जा सके। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी निशांत सिहारा, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अखिलेश कुमार और जिला आपदा कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।



### दत्तकग्रहण संस्थान से 5 माह के बालिका को उसके भावी माता- पिता को सौंपा

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाईपास रोड स्थित विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान में दत्तकग्रहण समारोह के आयोजन के अवसर पर एक बालिका रागनी (काल्पनिक नाम), उम्र-5 माह लगभग को श्री अक्षय कुमार, सहायक निदेशक महोदय, जिला बाल संरक्षण इकाई, पूर्वी चंपारण के द्वारा भावी दत्तक माता-पिता को सौंपा गया। बालिका के भावी दत्तक माता-पिता तमिलनाडु के रहने वाली हैं। बालिका के पिता मर्चेंट नेवी में कार्य करते हैं। इस विशिष्ट अवसर पर बाल संरक्षण पदाधिकारी, बाल संरक्षण इकाई, एवं विशिष्ट दत्तकग्रहण स्स्थान के कर्मीगण उपस्थित थे। इस वर्ष का यह चौथा बच्चा है, जिसे दत्तकग्रहण हेतु सौंपा गया। वर्तमान में 0-6 वर्ष के आयु वर्ग के 02 शिशु विशिष्ट दत्तकग्रहण स्स्थान, मोतिहारी में आवासित हैं। दत्तकग्रहण हेतु इच्छुक कोई भी दंपति केन्द्रीय दतकग्रहण संसाधन प्राधिकरण के पोर्टल पर अपना निबंधन कराकर बच्चा गोद ले सकता है। केन्द्रीय दतकग्रहण संसाधन प्राधिकरण भारत सरकार अन्तर्गत देशीय एवं अन्तदेर्शीय सभी प्रकार के गोद लेने की प्रक्रिया का अनुश्रवण हेतु नामित संस्था है, जिसके देख-रेख में दतकग्रहण की प्रक्रिया जिला स्तर पर विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान एवं जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा पूर्ण की जाती है ।



### 23 मई को एकदिवसीय जॉब कैम्प का होगा आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला नियोजनालय के कैंपस में 23.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे एक दिवसीय जॉब कैंप - सह कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है ' इस जॉब कैम्प में '3 जेनरेशन लिमिटेड' द्वारा भाग लिया जाएगा और अभ्यर्थियों का चयन स्विंग मशीन ऑपरेटर/मोल्डिंग मशीन ऑपरेटर/ पावर प्रेस ऑपरेटर / हेल्पर पद के लिए किया जाएगा। विभिन्न पदों के लिए योग्यता 10 वीं /12 वीं /आई टी आई / डिप्लोमा पास आवश्यक है, उम्र पुरुष 18 - 32 वर्ष निर्धारित है। जॉब का कार्यस्थल नोएडा, उत्तरप्रदेश में होगा और मानदेय 15000 से 17000 निर्धारित किया गया है। साथ ही साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी ' जैसे इंसेंटिव, पीएफ, मेडिकल इस जॉब कैंप मे कुल - 150 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। अभ्यर्थी अपने रिज्यूम बॉयोडाटा, मूल प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो के साथ जिला नियोजनालय के कैंपस में रोजगार कैम्प में प्रातः 11:00 उपस्थित हो सकते हैं ।

### नौ दिवसीय रामकथा को ले कलश यात्रा निकाली

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा प्रखंड के मसाढ़ी गांव में आयोजित नौ दिवसीय राम कथा के लिए गुरुवार को मसाढ़ी से भव्य कलशयात्रा निकाली गई. बैंड-बाजे के साथ निकली इस कलशयात्रा में शामिल सैकड़ों की संख्या में शामिल महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने करीब आठ किलोमीटर पैदल चलकर फतुहा के दरियापुर स्थित गंगा कटैयाघाट पर पूजा अर्चना कर कलश में जलभरकर पुनः मसाढी गाँव स्थित बाबा पार्क में राम कथा स्थल तक पहुंचे. पूजा समिति के श्यामसुंदर कुमार उर्फ मोनी सिंह ने बताया कि नौ दिवसीय इस अनुष्ठान के दौरान वृंदावन के श्याम शुभम जी महाराज जी के द्वारा प्रतिदिन संध्या 6 बजे से रात 11 बजे तक राम कथा की जाएगी. आगामी 30 मई को हवन, प्रसाद वितरण एवं भंडारे के साथ इस आयोजन का समापन होगा.इस आयोजन के दौरान महिला-पुरुष श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया.मौके पर अभिषेक कुमार, राजीव कुमार, गोरख सिंह, सुनील सिंह, अमन सिंह, पिंकू सिंह, राजू कुमार, रंजीत सिंह, लल्लू सिंह, रौशन कुमार, जटहू कुमार, अजीत कुमार सहित सैकड़ों महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे।



### सांप काटने से वृद्ध महिला की मौत

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के देवनारायणपुर निवासी एक वृद्ध महिला की सर्प दंश से मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत महिला घरेलू कार्य निबटाने के क्रम में गुरुवार की शाम विषैले सर्प के दंश का शिकार हो गई। परिजनों ने तत्काल चिकित्सा उपलब्ध कराने का प्रयास किया। लेकिन तबतक उनकी मौत हो गई। मृतका की पहचान 64 वर्षीया नीलम देवी पति कृष्ण देव शर्मा के रूप में हुई है।इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि घर का काम निबटाने के क्रम में महिला को सर्प ने काट लिया। जिसकी तत्काल मौत होने की सूचना मिलते ही थाना पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए बाढ़ अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। जिसके उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# पूरे राज्य में 68 जगहों पर छापेमारी, 34 बाल श्रमिक मुक्त, 15 पर प्राथमिकी दर्ज

## बेतिया में बाल श्रम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, लौकरिया चौक से दो बाल श्रमिक मुक्त



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा बाल श्रम के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 20 और 21 मई 2026 को राज्यभर में 68 स्थानों पर छापेमारी की गई, जिसमें 34 बाल एवं किशोर श्रमिकों को मुक्त कराया गया तथा 15 मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई। गोपालगंज, बेगूसराय, औरंगाबाद, सिवान, गया सहित बेतिया जिले में भी सघन अभियान चलाया गया। बेतिया में श्रम अधीक्षक विजय कुमार ठाकुर के नेतृत्व में चनपटिया प्रखंड के विभिन्न दुकानों और प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान गोपालपुर थाना क्षेत्र के लौकरिया चौक स्थित एक मीट दुकान से दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। दोनों बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें बाल गृह भेज दिया गया। संबंधित नियोजक के खिलाफ बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अभियान का नेतृत्व श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी लौकेश कुमार झा ने किया। श्रम अधीक्षक विजय कुमार ठाकुर ने कहा कि बाल श्रमिकों से काम कराना कानूनन अपराध है। दोषियों पर 20 हजार से 50 हजार रुपये तक जुमार्ना और दो वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार प्रत्येक बाल श्रमिक के मामले में अलग से 20 हजार रुपये वसूले जाएंगे, जो जिला बाल श्रमिक पुनर्वास-सह-कल्याण कोष में जमा होंगे। धावा दल में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी विभेश कुमार सिंह, भीम कुमार, प्रयास संस्था, चाइल्ड लाइन, ग्राम नियोजन केंद्र तथा गोपालपुर थाना की टीम शामिल रही। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बाल श्रम के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## चिरैया में बाल श्रम विभाग की छापेमारी, चार नाबालिग बच्चों को कराया गया मुक्त



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में बाल श्रम विभाग की टीम ने गुरुवार को विभिन्न होटल एवं फैक्ट्री में छापेमारी कर चार नाबालिग बच्चों को मुक्त कराया। विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र के व्यवसायियों में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ प्रतिष्ठानों में नाबालिग बच्चों से मजदूरी कराई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद टीम ने दीपही चौक स्थित सनया लेदर बैग फैक्ट्री एवं हाई लाईट लेदर बैग फैक्ट्री तथा चिरैया शांति चौक स्थित बाबा ग्लास तथा एक होटल में छापेमारी की। जांच के दौरान चार नाबालिग बच्चे काम करते पाए गए, जिन्हें तत्काल मुक्त कराया गया। मुक्त कराए गए सभी बच्चों को आगे की प्रक्रिया के लिए जिला बाल कल्याण समिति को सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस संबंध में एलईओ संतोष कुमार ने बताया कि विभाग को लगातार शिकायत मिल रही थी कि क्षेत्र के कुछ होटल और फैक्ट्री में बाल श्रम कराया जा रहा है। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद छापेमारी अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि बाल श्रम कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही व्यवसायियों को चेतावनी दी गई कि किसी भी प्रतिष्ठान में बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है। छापेमारी दल में एलईओ दिवाकर प्रसाद, अप्पु कुमार, सरफराज अहमद सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे। विभाग की इस कार्रवाई की क्षेत्र में व्यापक चर्चा हो रही है।

## एयरटेल टावर पर युवक का शव मिलने से सनसनी, प्रेम प्रसंग में आत्महत्या की आशंका



**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के वीरता चौक स्थित एयरटेल टावर से बुधवार की अहले सुबह एक युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई.युवक का शव करीब 80 फीट ऊंचाई पर काले रंग के गमछे के सहारे फंदे से लटका हुआ मिला.घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई.मृतक की पहचान नेपाल के बारा जिला अंतर्गत सिमरौनगढ़ थाना क्षेत्र के परसा गांव निवासी मुजाहिद अंसारी के 26 वर्षीय पुत्र हैदर अंसारी के रूप में हुई है.काफी मशक्कत के बाद पुलिस एवं स्थानीय लोगों की सहायता से शव को टावर से नीचे उतारा गया.इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी.पुलिस को युवक के बाएं हाथ पर स्केच से ह्वआरएच लवह्व लिखा मिला है.वहीं उसकी जेब से दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं.घटना को लेकर इलाके में तरह-तरह की चचार्एं हो रही हैं.थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार ने बताया कि परिजनों के अनुसार युवक मानसिक रूप से अर्धविक्षिप्त था और बुधवार की अहले सुबह करीब तीन बजे घर से निकला था.प्रथम दृष्ट्या मामला प्रेम प्रसंग में आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है.हालांकि हत्या अथवा आत्महत्या की गुत्थी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी.पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दे दी है और मामले की जांच में जुट गई है।

## तपसी परसौना में भव्य महाविष्णु यज्ञ कलश यात्रा

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तपसी परसौना में महाविष्णु यज्ञ सह कलश यात्रा का भव्य शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के माहौल में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी रामबाबू यादव ने आचार्य सत्येंद्र बाबा सहित अन्य गणमान्य लोगों के साथ संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर गांव और आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में महिलाएं एवं युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल हुईं।

## फतुहा में युवक के साथ मारपीट, हथियार के बल पर 25 हजार रुपये छीनने का आरोप



**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा थाना क्षेत्र के नायका रोड स्थित एक होटल के पास बुधवार सुबह एक युवक के साथ मारपीट कर एवं रुपये छीनने का मामला प्रकाश में आया है. इस संबंध में पीड़ित विजय कुमार ने फतुहा थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है.थाना में दिए गए आवेदन के अनुसार, विजय कुमार 21 मई की सुबह करीब 8:40 बजे अपनी हाईवा गाड़ी सड़क किनारे लगा कर खड़ा था कि इसी दौरान एक दोपहिया वाहन पर सवार दो युवक वहां पहुंचे और गाड़ी हटाने को लेकर गाली-गलौज करने लगे.विरोध करने पर दोनों ने मारपीट शुरू कर दी. आरोप है कि इसी दौरान एक युवक ने कमर से देसी कट्टा निकालकर विजय कुमार की गर्दन पर वार कर दिया, जिससे वह घायल होकर गिर पड़े. पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान दोनों युवकों ने उनकी जेब से 25 हजार रुपये निकाल लिए और मौके से फरार हो गए. शोर सुनकर आसपास के लोग जुटे और घायल को इलाज के लिए फतुहा सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से बेहतर इलाज के लिए एनएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया. फतुहा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना पुलिस ने नवनिर्मित भारतमाला सड़क स्थित टोल प्लाजा के समीप वाहन जांच अभियान के दौरान चोरी की अपाचे बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष गोपाल कुमार ने बताया कि वाहन जांच के दौरान काले रंग की अपाचे बाइक (बीआर 07-एई 4795) को रोका गया। कागजात मांगने पर बाइक सवार युवक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद एच.एच.डी मशीन से जांच में बाइक सीतामढ़ी जिले के सुरसंड निवासी मो. तनवीर खान के नाम से पंजीकृत पाई गई। बाइक मालिक से संपर्क करने पर उसने बताया कि उसका एक दोस्त बाइक लेकर नेपाल गया था, जहां बाइक चोरी हो गई थी। इस संबंध में नेपाल के जलेश्वर में मेरे दोस्त रंजीत कुमार के द्वारा सनहा भी दर्ज कराया गया था। इधर पुलिस पूछताछ में युवक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। जिसके बाद युवक को गिरफ्तार कर बाइक जब्त कर लिया गया।

## तपिंदु इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज, दानापुर के प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं को किया सम्मानित



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर स्थित तपिंदु इंस्टीट्यूट ऑफ हाइयर स्टडीज के बी.एड. प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं का विद्यालय अवलोकन कार्यक्रम पीएम श्री बालिगा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षुओं ने विद्यालयी वातावरण, शिक्षण प्रक्रिया, कक्षा प्रबंधन, सह-शैक्षणिक गतिविधियों तथा विद्यार्थियों के व्यवहार का सूक्ष्म अध्ययन किया।विद्यालय अवलोकन का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को वास्तविक शिक्षण परिस्थितियों से परिचित कराना तथा उनमें व्यावसायिक दक्षता का विकास करना था। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने शिक्षकों से संवाद स्थापित कर शिक्षण विधियों, मूल्यांकन प्रक्रिया एवं विद्यालय प्रशासन संबंधी जानकारी प्राप्त की।संस्थान के निदेशक अबिनेश्वर सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम प्रशिक्षुओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें एक कुशल एवं संवेदनशील शिक्षक बनने के लिए प्रेरित करते हैं।कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्थान की प्राचार्या डॉ. अमोला कुमारी ने कहा कि विद्यालय अवलोकन प्रशिक्षु शिक्षकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अनुभव है, जिससे उनमें शिक्षण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण एवं व्यावहारिक समझ विकसित होती है। वहीं विद्यालय की प्राचार्या मेहर दरखवा ने प्रशिक्षुओं को विद्यालयी गतिविधियों से अवगत कराते हुए उन्हें अनुशासन, समर्पण एवं शिक्षण कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्थान के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्रशिक्षुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रशिक्षुओं ने इस अनुभव को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताया। इस अवसर प्रधानाचार्य मोहन पासवान , धर्मेंद्र कुमार, लाल कृष्ण कुमार, श्वेता सुमन चंदू प्रिन्स, सहित बालिगा मध्य विद्यालय, दानापुर ने तपिंदु इंस्टीट्यूट ऑफ हाइयर स्टडीज दानापुर तथा सभी प्रशिक्षुओं का विशेष आभार व्यक्त किया।

## दनियावां के सरथुआ में शहीद विजय प्रीमियर लीग -4 में पटना और खगड़िया की क्रिकेट टीम की धमाकेदार जीत



**दनियावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सरथुआ गांव स्थित रेलवे के मैदान में आयोजित शाहिद विजय प्रिमियर लीग सीजन-4 डे नाइट टूनार्मेंट के तहत खेले गए दो रोमांचक मुकाबलों में सुमित इलेवन, पटना और आरिस इलेवन, खगड़िया की क्रिकेट टीम ने शानदार जीत दर्ज की। टूनार्मेंट को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। पहले मुकाबले में सुमित इलेवन, पटना और न्यू स्टार इलेवन, बाढ़ के बीच मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यू स्टार इलेवन की टीम निर्धारित आठ ओवर में मात्र 42 रन ही बना सकी। जवाब में सुमित इलेवन की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 4.2 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और छह विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। वहीं दूसरे मुकाबले में आरिस इलेवन, खगड़िया और हथला क्रिकेट क्लब आमने-सामने हुए। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरिस इलेवन की टीम ने धमाकेदार आठ ओवर में 140 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हथला क्रिकेट क्लब की टीम आरिस इलेवन के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 7.2 ओवर में 69 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह आरिस इलेवन ने शानदार जीत दर्ज कर टूनार्मेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की।

## विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान अधिग्रहित वाहनों के भुगतान में भारी देरी, चालक भी पारिश्रमिक के इंतजार में



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा चुनाव 2025 की चुनावी प्रक्रिया संपन्न हुए लगभग सात माह से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सेवाएं देने वाले वाहन मालिकों और चालकों को अब तक उनके मेहनताना का भुगतान नहीं मिल सका है। चुनाव ड्यूटी में लगाए गए निजी वाहनों के भाड़े और चालकों के पारिश्रमिक के भुगतान में हो रही देरी को लेकर क्षेत्र में असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार, विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा बड़ी संख्या में निजी बस, बोलेरो, स्कॉर्पियो समेत अन्य छोटे-बड़े वाहनों का अधिग्रहण किया गया था। उस समय वाहन मालिकों को शीघ्र भुगतान का आश्वासन देकर वाहनों को अंचल कार्यालय के सुपुर्द कराया गया था। चुनाव समाप्त होने के बाद नियमानुसार तय समय सीमा के भीतर किराया एवं ईंधन मद की राशि का भुगतान किया जाना था, लेकिन अब तक अधिकांश वाहन मालिकों के खातों में राशि नहीं पहुंच सकी है।वाहन मालिकों का कहना है कि वे कई सप्ताह से अंचल कार्यालय और संबंधित विभागों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिल रहा है। कई लोगों ने बैंक से कर्ज लेकर वाहन खरीदे हैं और समय पर भुगतान नहीं होने से मासिक ईएमआई चुकाना भी कठिन होता जा रहा है।वहीं, चुनावी ड्यूटी में दिन-रात कार्य करने वाले चालकों को भी अब तक पारिश्रमिक नहीं मिलने से उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। वाहन मालिकों का आरोप है कि चुनाव के समय प्रशासन दबाव बनाकर वाहनों का अधिग्रहण कर लेता है, लेकिन भुगतान के समय फाइलें दफ्तरों में धूल फांकती रहती हैं।भुगतान में हो रही इस देरी से क्षेत्र के लोगों में प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में सभी योजनाओं की समीक्षा बैठक




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता डॉ. राधाकृष्णन भवन, मोतिहारी में जल संसाधन विभाग के सभी प्रक्षेत्र के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता तथा कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा कनीय अभियंता मनरेगा, पंचायत तकनीकी सहायक मनरेगा के साथ मनरेगा योजना एवं जल संसाधन के अभिसरण से जल संसाधन के तहत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई ।समीक्षा के क्रम में मनरेगा के तहत प्रखंड वार /पंचायत वार मानव दिवस सृजन की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि 197 पंचायतों में मानव दिवस सृजन 50 से कम हुआ है और 116 पंचायतों में मानव दिवस सृजन 50 से 100 हुआ है। सिर्फ 81 पंचायतों में ही मानव दिवस सृजन 100 से अधिक हुआ है। इसके कारण मानव दिवस सृजन में पूर्वी चंपारण राज्य में सबसे निचले पायदान पर है। इस पर उप विकास आयुक्त के द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा और तकनीकी टीम से स्पष्टीकरण करते हुए मानव दिवस सृजन में अपेक्षित प्रगति होने तक अगले आदेश तक वेतन / मानदेय स्थगित किया गया है और सभी कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि कार्य में लापरवाह पंचायत रोजगार सेवक के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रतिवेदित करें। साथ ही सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा को निर्देश दिया गया कि ढटअ -ऋ लाभुकों को मनरेगा से मानव दिवस सृजन कर 90 दिन का मजदूरी भुगतान करें , मनरेगा मजदूरों का ई-केवाईसी करने , मनरेगा योजना कार्य की पूर्णता का निर्देश दिया गया।।समीक्षा के क्रम में जिला के औसत से कम मानव दिवस सृजन करने वाले प्रखंड के कार्यक्रम पदाधिकारी को 25 .5.2026 तक प्रखंडों के लिए मानव दिवस सृजन के लक्ष्य का कम से कम 80% लक्ष्य की प्राप्ति करनी हेतु निदेश दिया गया ' जल संसाधन एवं मनरेगा अभिसरण के तहत जल संसाधन विभाग के द्वारा क्रियान्वित योजना कार्य को कनिय अभियंता के माध्यम से शत प्रतिशत योजना कार्य की एंट्री कराने, योजना कार्य को पंचायत रोजगार सेवक मनरेगा के माध्यम से जियो टैग कराते हुए कार्य आरंभ करने का निर्देश दिया गया ।सभी कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जल संसाधन के तहत वैसी योजना कार्य जिनका जियो टैग किया जा चुका है उस पर तुरंत टफ निकालकर संबंधित जल संसाधन विभाग के कनिय अभियंता को हस्तगत कराने का निदेश दिया गया। सभी कनिय अभियंता जल संसाधन टफ प्राप्त होने के पश्चात योजना कार्य त्वरित प्रारंभ कराएंगे । सभी कार्यपालक अभियंता / सहायक अभियंता जल संसाधन को निर्देश दिया गया कि प्रशासनिक स्वीकृति प्रदत्त सभी 614 योजनाओं को 25 .05.2026 तक अपने-अपने अनुश्रवण / पर्यवेक्षण में प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया । चुकी यह कार्य विभागीय प्राथमिकता श्रेणी में है, और इसकी सतत समीक्षा विभागीय स्तर से की जा रही है समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कुल 294 योजना कार्य को एंट्री कर जिओ टैग की प्रक्रिया में भेजा जा चुका है जिस पर टफ निर्गत करने का निर्देश कार्यक्रम पदाधिकारी को दिया गया साथ ही सभी कनिय अभियंता, जल संसाधन को निर्देश दिया गया कि आप संबंधित प्रखंड के कार्यक्रम पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर टफ प्राप्त कर योजना कार्य को अनिवार्य रूप से प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया ।

# राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर औरंगाबाद पुलिस ने ली आतंकवाद विरोध की शपथ




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** "राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस" के अवसर पर गुरुवार को औरंगाबाद जिले के सभी थानों, पुलिस कार्यालयों तथा पुलिस केंद्र औरंगाबाद में आतंकवाद विरोधी शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले में कार्यरत पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और शांति बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने शपथ लेते हुए कहा कि वे देश की अहिंसा एवं सहिष्णुता की परंपरा में अटूट विश्वास रखते हैं तथा सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। साथ ही समाज में शांति, सामाजिक सद्भाव एवं आपसी भाईचारे को मजबूत बनाने तथा मानवता के विरुद्ध कार्य करने वाली विघटनकारी शक्तियों के खिलाफ निरंतर संघर्षरत रहने का संकल्प भी लिया गया। जिले के विभिन्न थानों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने जवानों को आतंकवाद के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव सतर्क रहने का संदेश दिया। पुलिस विभाग की ओर से कहा गया कि आतंकवाद देश और समाज के लिए गंभीर खतरा है तथा इससे निपटने के लिए आम लोगों की जागरूकता और सहयोग भी बेहद जरूरी है। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से शांति, सद्भाव और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के मौके पर जिलेभर में आयोजित इस शपथ कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस प्रशासन ने आतंकवाद एवं हिंसा के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का संदेश दिया।

# कुंदन यादव हत्याकांड में गिरफ्तारी की मांग

**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** प्रखंड के केसराडी टोला भुइयां बिगहा निवासी 50 वर्षीय कुंदन यादव की हत्या के मामले की निष्पक्ष, गहन एवं त्वरित जांच करते हुए अविलंब अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग विधायक डॉ. प्रकाशचंद्र ने की है। इन्होंने पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की। कहा कि इस हृदयविदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य वारदात से हर व्यक्ति स्तब्ध, मर्माहत और आक्रोशित है। क्षेत्र में भय एवं असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। उन्होंने कहा कि यह दुःख केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज की पीड़ा है और न्याय की इस लड़ाई में हम पूरी मजबूती से परिवार के साथ खड़े हैं। प्रशासन एवं पुलिस विभाग से स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस जघन्य हत्याकांड की निष्पक्ष, गहन एवं त्वरित जांच करते हुए अविलंब अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही स्पीडी ट्रायल चलाकर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और समाज में कानून



के प्रति विश्वास बना रहे। कहा कि जांच के नाम पर किसी भी निर्दोष व्यक्ति को प्रताड़ित या झूठे मामले में फंसाया न जाए। न्याय केवल पीड़ित को ही नहीं, बल्कि निर्दोषों की सुरक्षा को भी सुनिश्चित करने वाला होना चाहिए। पीड़ित परिवार के समक्ष ही प्रशासन से वार्ता कर चार दिनों का स्पष्ट अल्टीमेटम दिया। कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। यदि प्रशासन इस मामले में विफल रहता है, तो न्याय की मांग को लेकर सड़क से लेकर सदन तक जोरदार आवाज बुलंद की जाएगी तथा जनआंदोलन के माध्यम से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

## एक नजर

### पूर्व विधायक ने की हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पूर्व विधायक ऋषि कुमार ने कुंदन यादव की हत्या के बाद उचित कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। पुलिस पदाधिकारियों के साथ इस संवेदनशील मुद्दे पर घंटों विस्तार से बातचीत की। स्पष्ट शब्दों में कहा कि ओबरा क्षेत्र की सुख-शांति, अमन-चैन और आपसी सौहार्द को बिगाड़ने वाले अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, इस पूरी घटना के पीछे जितने भी साजिशकर्ता शामिल हैं, उनकी शिनाख्त कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। उन्होंने इस संबंध में मगध क्षेत्र के आईजी विकास वैभव से भी दूरभाष पर बात की। बताया कि आईजी ने पूर्णतः आश्वस्त किया है कि बहुत जल्द अपराधियों को चिह्नित कर उन्हें उनके किए की सख्त सजा दिलाई जाएगी। कहा कि ओबरा विधानसभा जैसे भाईचारे और सर्वसमाज की एकजुटता वाले क्षेत्र में घृणा और अशांति फैलाने वाली तथा खुशहाल परिवारों को दुःख पहुंचाने वाली संकुचित और कुंठित सोच की ताकतों के खिलाफ पूरी मजबूती के साथ खड़े हैं। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के साथ-साथ ओबरा में शांति कायम रखने के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

### बीस सूत्री अध्यक्ष ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष दीपक पटेल ने कई आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। वहां की कमी को उजागर किया। नगर परिषद क्षेत्र स्थित एक आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आने के बाद उन्होंने नाराजगी जताई। पटना फाटक के समीप संचालित एक केंद्र का औचक निरीक्षण बीस सूत्री समिति के अन्य सदस्यों के साथ किया। केंद्र पर बच्चों की उपस्थिति बेहद कम मिली। बताया गया कि मात्र 13 बच्चे ही मौजूद थे। पोषण आहार वितरण पंजी संधारण और बच्चों की देखभाल से संबंधित व्यवस्थाओं में भी खामियां दिखाई दीं। केंद्र परिसर में साफ-सफाई का अभाव रहने से सदस्यों ने चिंता व्यक्त की। दीपक पटेल ने कहा कि सरकार बच्चों और गर्भवती महिलाओं के बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य के लिए कई योजनाएं चला रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर लापरवाही के कारण लाभुकों को योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने संबंधित विभाग से पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि आगे से पोषण सामग्री और अन्य लाभों के वितरण के समय बीस सूत्री समिति के सदस्य मौजूद रहेंगे, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। साथ ही सीडीपीओ से आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्था में सुधार सुनिश्चित करने की मांग की है।

### पंचायत समिति की बैठक में छाया रहा पेयजल का मुद्दा

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड सभागार भवन में पंचायत समिति की सामान्य बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख गीता सिंह ने की, जबकि संचालन बीडीओ कुमार अश्वनी द्वारा किया गया। बैठक में सबसे अधिक पेयजल संकट का मुद्दा छाया रहा। पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जलापूर्ति की समस्या, खराब पड़े चापाकलों तथा पेयजल व्यवस्था में सुधार की मांग को प्रमुखता से उठाया। कई सदस्यों ने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ ग्रामीण इलाकों में पेयजल की समस्या गंभीर होती जा रही है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं पर भी चर्चा की गई। पंचायत प्रतिनिधियों ने अनियमित बिजली आपूर्ति, लो वोल्टेज एवं खराब ट्रांसफार्मरों की समस्या उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। बीडीओ कुमार अश्वनी ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया तथा जनसमस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बीईओ अमर कुमार, उप प्रमुख रजन्ती देवी, पंचायत समिति सदस्य हस्सान सिद्दीकी, उपेंद्र यादव, बसंती देवी सहित मुखिया सरिता देवी, गुडिया देवी, विदाई देवी एवं अन्य पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में विकास कार्यों को गति देने एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्राथमिकता के साथ कार्य करने पर जोर दिया गया।

### बेटे-बेटी में भेदभाव न करें, अवश्य बेटी को पढ़ाएं

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पुराना शहर स्थित ज्ञान ज्योति शिक्षण केन्द्र में गुरुवार को कक्षा इन्टर के छात्राओं को चिलचिलाती धूप के प्रभाव से बचने के लिए संस्था के निदेशक सह सम्पूर्णानंद एजुकेशनल एन्ड सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट के सचिव डा.चंचल कुमार ने छाता उपलब्ध कराया। उन्होंने कहा कि जिन छात्राओं के अंदर पढ़ने का जुनून हो उसे संस्था हमेशा मदद करती है। ये बच्चियां हमारे समाज की बेटी हैं। इन्हें सुरक्षित रखना मेरा परम कर्तव्य है। भीषण गर्मी में घर से बाहर निकलना, खास कर महिला वर्ग के लिए परेशानी का सामना करना है। परंतु पढ़ाई तो जरुरी है और सभी को शिक्षित होना अतिआवश्यक है। हौसला के आगे धूप कम पड़ जाती है। छात्राओं को यह छाता धूप से बचने में सहायक होगा। वे आराम से पढ़ाई करने आ सकते हैं। सरकार भी चाहती है कि बेटियां खुब पढ़ें और बढ़ें।

# उत्तर कोयल नहर के पानी के लिए 491वें दिन भी धरना जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में उत्तर कोयल नहर परियोजना के अधूरे कार्य को पूरा करवाने,किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने की मांग को लेकर किसानों का धरना 491वें दिन भी जारी रहा। लंबे समय से चल रहे इस आंदोलन में क्षेत्र के किसान लगातार अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं। धरना स्थल पर किसानों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लड्डू खान ने की, जबकि संचालन पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव द्वारा किया गया। सत्येंद्र यादव ने कहा1कि इतने लंबे दिनों से किसान धरना पर हैं।लेकिन आज तक एक भी प्रशाशनिक अधिकारी एवं सम्बंधित विभाग के पदाधिकारी देखने तक नहीं आये। कुछ दिनों पूर्व धरना 15 जनवरी 2025 से लगातार यहां जारी है। धरना देने के कुछ दिनों पूर्व जानकारी मिली कि नहर के अंगरा, कोटवारा,चेंई नवादा ब्रांच के अधूरे कार्य को पूरा कराने के लिए टेंडर हो गया है।इस बीच धरनार्थी किसानो द्वारा उक्त ब्रांचों का निरीक्षण किया गया। किंतु कहीं भी काम नहीं लगाया गया है। अगर ओर प्रशाशनिक अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं तो आगे हम किसान उग्र आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे। इसके लिए औरंगाबाद, गया जिला के सभी किसान से मशवरा लिया जा रहा है। उग्र आंदोलन में सड़क जाम, रेल चक्का जाम किया जा सकता है। बैठक में उपस्थित किसानों ने एक स्वर में कहा कि जब तक उत्तर कोयल नहर के कुटकु मंडल डैम में फाटक नहीं लगाया जाता और अंगरा, कोटवारा तथा चेई नावादा ब्रांच नहरों में कार्य शुरू नहीं होता, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। किसानों ने आगे बताया कि आंदोलन को और तेज करने के लिए आने वाले दिनों में पुनः बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें नहर की मांग के लिए कड़ा कदम उठाया जायेगा। ताकि सरकार का ध्यान इस महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर आकर्षित किया जा सके।

# पंडित राजकुमार शुक्ल को मिले भारत रत्न : राजेश भट्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के सत्येंद्र नगर में चंपारण सत्याग्रह के सूत्रधार एवं महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित राजकुमार शुक्ल की 97वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू राय ने की, जबकि संचालन सूरज कुमार राय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंडित राजकुमार शुक्ल स्मृति संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश भट्ट शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पंडित राजकुमार शुक्ल के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके भागीरथ प्रयासों के कारण ही महात्मा गांधी चंपारण आए और उनके नेतृत्व में नील आंदोलन के खिलाफ ऐतिहासिक सत्याग्रह शुरू हुआ। राजेश भट्ट ने कहा कि



चंपारण सत्याग्रह के माध्यम से करीब 19 लाख किसानों को तिनकठिया प्रथा के आर्थिक शोषण और सामाजिक उत्पीड़न से मुक्ति मिली। राजेश भट्ट ने कहा कि बिहार सरकार ने वर्ष 2018 में पंडित राजकुमार शुक्ल को भारत रत्न देने के लिए केंद्र सरकार को अनुशंसा भेजी थी, जिसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने केंद्र सरकार से बिना विलंब किए पंडित राजकुमार शुक्ल को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की। कार्यक्रम में देव मंदिर के सचिव गुड्डू राय, शिक्षक अशोक राय, अधिवक्ता अवधेश राय, लोक गायक टिंकू टाइगर, संजय राय, विभाष राय, विजय राय, कृष्णा राय, सरोज राय, विकास राय, विनोद राय, प्रभु राय, अरुण राय, कौशल राय, लालमोहन राय, नवनीत, रूपेश, राजेंद्र, राजा समेत बड़ी संख्या में समाजसेवी, साहित्यकार, इतिहासकार एवं ब्रह्म भट्ट समाज के लोग उपस्थित रहे।

# मिड डे मील गुणवतापूर्ण नहीं मिला तो बच्चों ने खाना खाने से किया इंकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय, भेटनिया में मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर छात्रों, अभिभावकों और ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। विद्यालय में कक्षा एक से आठवीं तक करीब 300 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, लेकिन उनके बैठने के लिए मात्र 20 बेंच उपलब्ध हैं। ऐसे में अधिकांश बच्चे फर्श पर बैठकर पढ़ाई करने को विवश हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में शौचालय की पर्याप्त और उपयोगी व्यवस्था नहीं है, जिससे बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं रसोईघर की स्थिति भी बदहाल बताई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि मिड डे मील में चावल और दाल की मात्रा कम दी जाती है तथा हरी सब्जियां नहीं बनाई जाती हैं। इधर, रसोईया ने आरोप लगाया कि खराब व्यवस्था और संसाधनों की कमी के खिलाफ आवाज उठाने पर प्रधानाध्यापिका आराधना मिश्रा द्वारा उन्हें पद से हटाने का दबाव बनाया जा रहा है। हालांकि प्रधानाध्यापिका आराधना मिश्रा ने सभी आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में छात्रों के लिए चार शौचालय उपलब्ध हैं तथा कुछ लोग जानबूझकर उन्हें परेशान कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ ग्रामीण गलत तरीके से टीसी की मांग करते हैं और विरोध करने पर लगातार दबाव बनाया जाता है। वहीं मध्याह्न भोजन प्रभारी अभिषेक कुमार ठाकुर ने रसोईया पर मसाले चोरी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि रसोईया पूर्व में भी कई बार चोरी करते पकड़ी जा चुकी हैं, जिससे भोजन की गुणवत्ता प्रभावित होती है। मामले को लेकर विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक बुलाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि बेंच की कमी को लेकर पूर्व में ही वरीय अधिकारियों को आवेदन दिया जा चुका है।

# एसडीपीओ 2 ने रफीगंज थाना का किया निरीक्षण

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** औरंगाबाद सदर 2 एसडीपीओ आदित्य कुमार ने रफीगंज थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना के पूर्व एवं वर्तमान लंबित कांडों की समीक्षा किया गया। लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन हेतु थानाध्यक्ष एवं अनुसंधानकर्ता पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि रफीगंज थाना का समीक्षा किया गया। केश के निष्पादन एवं कोर्ट से निर्गत वारंट के



आलोक में गिरफ्तारी में तेजी लाने का आदेश दिया गया है। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। साथ ही क्षेत्र में समय समय पर वाहन चेकिंग, शराब के विरुद्ध तेजी से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर विनय कृष्ण, थानाध्यक्ष शंभु कुमार, एसआई ध्रुव कुमार, एसआई गीतांजलि कुमारी, एसआई रविकांत सिंह यादव, शमा प्रवीण, पीएसआई सुधांशु चंदन, एसआई उमेश कुमार, पप्पू कुमार, आकाश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 'मां' कहलाने की चाह ने बना दिया अपहरणकर्ता चार साल तक छुपाकर पाला मासूम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** जिले के ओबरा थाना क्षेत्र से एक ऐसी हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। यह कहानी सिर्फ एक अपहरण की नहीं, बल्कि समाज के तानों, मानसिक पीड़ा और मां बनने की अधूरी चाह में अपराध की राह पर चली एक महिला की भी है। चार वर्षों तक चोरी कर लाए गए बच्चे को अपना बेटा बनाकर पालने वाली महिला ने एक बार फिर वट सावित्री पूजा के दौरान दूसरे बच्चे का अपहरण कर लिया। लेकिन इस बार उसकी कहानी ज्यादा दिनों तक छिप नहीं सकी और आईजी विकास वैभव, दाउदनगर एसडीपीओ एवं ओबरा पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा कर दिया। घटना के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है। हर जुबान पर यही सवाल है कि आखिर कोई महिला मां कहलाने की चाह में इतना बड़ा कदम कैसे उठा सकती है।



**वट सावित्री पूजा के दौरान उठा ले गई मासूम**

जानकारी के अनुसार, देवी मंदिर के समीप वट सावित्री पूजा के दौरान ओबरा निवासी सधीर प्रसाद का चार वर्षीय पुत्र आदविक अचानक गायब हो गया। पूजा स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन रोते-बिलखते बच्चे की तलाश में जुट गए। सूचना मिलते ही ओबरा थाना पुलिस सक्रिय हुई और थानाध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में जांच शुरू की गई। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाई और तकनीकी जांच के आधार पर कुछ संदिग्धों तक पहुंची। इसी क्रम में पुलिस ने रंजू देवी नामक महिला को हिरासत में लिया। पूछताछ शुरू हुई तो एक के बाद एक चौंकाने वाले खुलासे सामने आने लगे।

**"लोग मुझे बांझ कहते थे"**

पलिस पूछताछ में रंजू देवी ने जो कहानी सुनाई, उसे सुनकर पुलिसकर्मी भी कुछ देर के लिए भावुक हो उठे। उसने बताया कि वह निस्संतान थी। बच्चा नहीं होने के कारण समाज और रिश्तेदार उसे तिरस्कार की नजर से देखते थे। लोग उसे "बांझ" कहकर पुकारते थे। धीरे-धीरे उसने लोगों से मिलना-जुलना तक कम कर दिया था। रंजू देवी ने स्वीकार किया कि इसी मानसिक पीड़ा के कारण उसने चार वर्ष पूर्व अनूप पांडेय के पुत्र शिवम पांडेय का अपहरण किया था। उसने बच्चे को अपने बेटे की तरह पाला-पोसा। उसे स्कूल भेजने और सामान्य जीवन देने की भी कोशिश की, ताकि समाज में वह "मां" कहलाए और सम्मान पा सके।

**बेटी समझकर उठा लाई बच्चा, निकला बेटा**

रंजू देवी ने पुलिस को बताया कि समय के साथ उसे एक बेटी की भी चाह होने लगी। वट सावित्री पूजा के दिन वह देवी मंदिर के समीप पहुंची और वहां खेल रहे एक छोटे बच्चे को उठा लाई। बच्चे के लंबे बाल देखकर उसे लगा कि वह लड़की है। लेकिन घर पहुंचने पर पता चला कि वह लड़का है। इसके बावजूद उसने उसे अपने पास रखने का निर्णय लिया। उसने पुलिस से कहा कि अब वह दो बच्चों की मां कहलाना चाहती थी और इसी सोच में उसने यह कदम उठाया।

**बहन और पति भी निकले शामिल**

जांच में यह भी सामने आया कि रंजू देवी अकेले इस पूरे खेल को अंजाम नहीं दे रही थी। उसका पति रविंद्र प्रसाद और बहन मंजू देवी भी इसमें सहयोग कर रहे थे। रंजू देवी कोच थाना क्षेत्र के मजाठी गांव की रहने वाली है, जबकि उसकी बहन मंजू देवी पौथू थाना क्षेत्र के झिंगुरी गांव की निवासी बताई गई है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय भेज दिया। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि कहीं इस तरह के और मामले तो नहीं जुड़े हैं। स्थानीय लोगों ने ओबरा थानाध्यक्ष नीतीश कुमार और उनकी टीम की जमकर सराहना की। लोगों का कहना था कि अगर पुलिस समय पर सक्रिय नहीं होती तो शायद दूसरा बच्चा भी वर्षों तक अपने परिवार से दूर रहता।

**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं.: 32_2026-27, दिनांक** 18.05.2026 मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 (**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के क्षेत्रधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा और वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय एवं लाइन/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में ठेकेदारों के मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के साथ साइट पर 60 केजी/52 केजी (90 यूटीएस/72 यूटीएस, आर-260) (नई/एसएच/एसआर/एसडब्ल्यूआर/एलडब्ल्यूआर) रेल की फ्लैश बट बेल्डिंग। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,29,47,345.43, **बयाना राशि:** रु. 4,59,000/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 01.06.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-88/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# पगडंडी के सहारे आवागमन करते हैं ग्रामीण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के बनिया रविदास टोला में अबतक सड़क का निर्माण नहीं होना प्रशासन की उदासीनता को बयां कर रहा है। सड़क न होने के कारण यहां की एक हजार से अधिक की आबादी खेतों के बीच बनी संकरी पगडंडी से आवागमन करने को मजबूर है। बता दें कि बनिया रविदास टोला में सड़क की मांग को लेकर कई बार जिलाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और कनीय अभियंता को लिखित रूप से अवगत कराया गया था बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

**पूर्व रेलवे**

मुख्य सामग्री प्रबंधक/सेल्स, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा **वर्ष 2026 के जून माह के लिए पूर्व रेलवे का ई-नीलामी कार्यक्रम** आमंत्रित किया जाता है।

सं.: एस.4/एस/डीएपी/2026-27 — दिनांक 18.05.2026

| क्र.सं. | डिपो/मंडल | कार्यक्षेत्र | तिथि | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बेलुड़ स्क्रैप यार्ड डिपो | बेलुड़ स्क्रैप यार्ड डिपो, लिलुआ वर्कशॉप | 05.06.2026 | 17.06.2026 | 24.06.2026 |
| 2 | हालिशहर डिपो | हालिशहर डिपो, काँचरापाड़ा वर्कशॉप | 09.06.2026 | 16.06.2026 | 30.06.2026 |
| 3 | जमालपुर डिपो | जमालपुर डिपो, जमालपुर वर्कशॉप | 04.06.2026 | 12.06.2026 | 25.06.2026 |
| 4 | हावड़ा मंडल | हावड़ा मंडल | 12.06.2026 | 19.06.2026 | 30.06.2026 |
| 5 | आसनसोल मंडल | आसनसोल मंडल | 08.06.2026 | 16.06.2026 | 25.06.2026 |
| 6 | सियालदह मंडल | सियालदह मंडल | 10.06.2026 | 18.06.2026 | 29.06.2026 |
| 7 | मालदा टाउन मंडल | मालदा टाउन मंडल | 05.06.2026 | 15.06.2026 | 23.06.2026 |

STORES-11/2026-27

मुख्य सामग्री प्रबंधक/सेल्स

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**कार्यालय, नगर परिषद, औरंगाबाद**

Govt. of Bihar

**RFP for Selection of an Agency for the Implementation of Animal Birth Control (ABC) Program in Nagar Parishad Aurangabad, Aurangabad District of Bihar**

File No.—17

Nagar Parishad Aurangabad, Aurangabad
Address: Block More, Aurangabad Bihar, PIN-824101
Phone No:9431471353, Email: municipalcouncil.aurangabad1@gmail.com

1. {Executive Officer Nagar Parishad Aurangabad }, invites proposals from eligible firms for "Selection of an Agency for the Implementation of Animal Birth Control (ABC) Program in Aurangabad District of Bihar".
2. Interested Consultancy Firms may download the complete Request for Proposals (RFP) Document, from website: https://state.bihar.gov.in/urban

| - | PARTICULARS | |
|---|---|---|
| 1 | Website for submission of bid/proposal | Not applicable<br>Separate bids to be submitted to the respective ULBs HQ at each district.<br>(A bidder may choose to bid for multiple districts . For each district separate bids, Tender fee, Bid Security has to be submitted) |
| 2 | Mode of Submission | Proposals/bids to be submitted in **hard copies only** to the **respective Nagar Parishad Aurangabad, Bihar, PIN-824101** (as per Annexure 3) . A bidder is allowed to submit bids in more than one district subject to submission of separate tender processing fee and EMD / Bid Security for each district applied.<br>Submission of Tender fee, Bid Security, payment proof, original copy of affidavit, declaration regarding Blacklisting and Power of Attorney as per RFP document along with the bid hard copies |
| 3 | Bid Start Date | 26-05-2026 by 10:00 AM |
| 4 | Last date and time for Submission of hard copies of Technical Bid/proposal along with financial bid/proposal in separate sealed envelopes inside one envelop. | 03/06/2026 up to 05:00 PM |
| 5 | Date and time of Pre bid meeting | 27/05/2026 by 2:00 PM<br>Officer of Nagar Parishad Aurangabad (Bihar) |
| 6 | Submission of bids through eproc portal | **Not applicable** |
| 7 | Date and time of opening of Technical Bids | 04/06/2026 at 03:30 PM at respective district ULB HQ Nagar Parishad Aurangabad |
| 8 | Date and time of opening of Financial Bids | Will be intimated later to successful bidders by the respective district ULB HQ |
| 9 | Method of Selection | Least cost (rate per unit) selection method |

3. Agencies/ Firms may download the complete Request for Proposal (RFP) Document, from

**Executive Officer of the Nagar Parishad Aurangabad**

PR- 003910 (B & C) 2026-27

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# विश्व पर्यावरण दिवस के पूर्व निकाली गई साइकिल रैली

## 15 मई से 5 जून तक रेलवे में चल रहा विशेष अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमालपुर (मुंगेर)।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 15 मई से 5 जून 2026 तक रेलवे में विशेष अभियान मनाया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में मालदा मंडल द्वारा पूरे मंडल में विभिन्न पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं।अभियान के छठे दिन लोको शेड जमालपुर परिसर में एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता डीजल कृष्ण कुमार दास के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। रैली लोको शेड के मुख्य द्वार से प्रारम्भ होकर शेड परिसर में ही सम्पन्न हुई। रैली में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सहित अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा ईंधन संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा हेतु सप्ताह में कम-से-कम एक दिन साइकिल से कार्यालय आने का संकल्प लिया। इस अवसर पर, सीएमपीई द्वारा निष्प्रयोज्य विद्युत इंजनों से प्राप्त सामग्रियों के उपयोग से विकसित एक नवीन कंप्रेसर यूनिट तथा हिताची स्टेटर्स के वोल्टेज ड्रॉप परीक्षण हेतु करंट इंजेक्शन मशीन का भी उद्घाटन किया गया। मंडल में नवाचार एवं संसाधनों के प्रभावी उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है। मालदा मंडल प्रत्येक यात्री को स्वच्छ, सुरक्षित एवं अधिक आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

# श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर सीएम ने वीसी के माध्यम से की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मुंगेर।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले की तैयारी की समीक्षा बैठक मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अध्यक्षता में वीसी के माध्यम की गयी। बैठक में श्रावणी मेला को लेकर जिले में की जा रही तैयारियों की बिंदुवार चर्चा की गयी। बैठक में मुंगेर जिला में पड़ने वाले 26 किलोमीटर कांवरिया क्षेत्र में चल रही तैयारियों की जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, नगर आयुक्त पार्थ गुप्ता, अपर समाहर्ता आपदा संजय कुमार सिन्हा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 30 जुलाई से प्रारंभ होने वाला है, इसके लिए सभी जिलों के जिलाधिकारी अभी से ही सारी तैयारियां पूर्ण कर लें। मुंगेर, भागलपुर एवं बांका को विशेष निदेश देते हुए उन्होंने कहा कि मेले के दौरान संपूर्ण 26 किलोमीटर कांवरिया पथ में सभी छोटी बड़ी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उसे शीघ्र दूर करते हुए तैयारियां प्रारंभ कर दें। मेले के दौरान कांवरिया पथ में भोजन आदि की गुणवत्ता, शुद्ध पेयजल, भू-जल की बर्बादी पर रोक पर आवश्यक निदेश दिए। साथ ही कांवरिया पथ में पुलिस प्रशासन की सक्रिय भूमिका के तहत सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था का संधारण, याताया प्रबंधन आदि के लिए पुलिस अधीक्षक को सक्रियता एवं सजगता के साथ कार्रवाई के निदेश दिए। साथ ही कांवरिया पथ के अलावे अन्य जिलों में शिव मंदिरों में लगने वाले मेले में भीड़ के सुरक्षार्थ क्या तैयारियां की जा रही है उसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निदेश दिए गए। कांवरिया पथ अथवा मेला परिसर में साफ-सफाई, शौचालय, जलापूर्ति आदि की व्यवस्था के भी निदेश दिए गए।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन से लोगों को मिलेगा लाभ

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के समसा पंचायत के वार्ड संख्या 13 में नवसृजित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का विधिवत शुरुआत गुरूवार को किया गया। इसका उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी, रोगी कल्याण समिति सदस्य रानी गोस्वामी, पंचायत समिति सदस्य गौतम गोस्वामी, सरपंच बाबू साहेब कुवर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। डा चौधरीने कहा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की शुरुआत हो जाने से आसपास के क्षेत्र के लोगों की स्वास्थ्य की देखभाल में सहुलियत होगी। इसके लिए डा नियमित रूप से कार्य करेंगे एवं एएनएम भी यहां पर सेवा देगी। सभी प्रकार का दवा उपलब्ध रहेगी। अब लोगों को अपना इलाज कराने के लिए नावकोठी एवं देवपुरा जाने से छुटकारा मिल जाएगा। मौके पर डा सुमंत, डा अमित कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधकं आनंद ईश्वर, पंचायत समिति सदस्य रंजीत महंत,उप मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार महतो, आशा कंचन देवी, फुलपरी सुनैना, रामानंद चौधरी, अजीत कुमार, मिन्टु कुमार, अरविंद कुमार, मुकेश कुमार, विनोद कुमार, नीतिश कुमार ,कपूर चंद आदि मौजूद थे।

# पुलिस ने दो वारंटियों तथा नशेड़ी को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** नावकोठी पुलिस ने विभिन्न गांवों से दो वारंटी तथा दो नशेड़ियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी हसनपुर बागर पंचायत के कल्पू तांती का पुत्र श्रवण कुमार तथा समसा के हरिलाल तांती का पुत्र लक्ष्मी तांती तथा नशेड़ी नावकोठी के वार्ड संख्या 12 के मो सगीर का पुत्र मो महमूद उर्फ पोषणा, मो करीम का पुत्र मो जाहिद है। श्रवण कुमार थाना कांड संख्या 144/15 तथा लक्ष्मी तांती थाना कांड संख्या 157/20 का प्राथमिकी नामजद था। लंबे समय से न्यायालय में अपनी हाजिरी नहीं लगा रहा था। न्यायालय ने उनके विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। वही नशेड़ी मो महमूद तथा मो जाहिद यूको बैंक चौक पर शराब के नशे में राहगीरों के साथ मारपीट तथा बदसलूकी कर रहा था। इसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर एस आई मो इसमाइल, मिथिलेश कुमार दलबल के साथ सूचना स्थल पर पहुँच कर नशेड़ी को दबोच लिया। ब्रेथ एनालाइजर से जांच के बाद शराब पीने की पुष्टि हुई। उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत सूचना दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु न्यायालय भेज दिया है। इधर नशेड़ियों की गिरफ्तारी से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

# तेज रफ्तार बाइक ने युवक को मारा ठोकर, मौत

## सड़क पर बिखर गया मां-बाप के सपनों का सहारा

**लोगों ने खदेड़ कर बाइक सवार को पकड़ा**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र अंतर्गत सन्हा-पंचवीर बाजार के बीच बुधवार की सड़क हादसा में एक युवक की मौत हो गई। उसकी मौत से पूरे इलाके की मायूसी छा गई है। गरीब परिवार का होनहार बेटा, जो अपने संघर्ष और मेहनत के दम पर जिंदगी बदलने का सपना देख रहा था। सड़क पर बिखर गया। तेज रफ्तार बाइक की टक्कर ने एक मां की गोद सूनी कर दी और पिता के बुढ़ापे का सहारा हमेशा के लिए छीन लिया। मृतक की पहचान खगड़िया जिले के चौथम थाना क्षेत्र के रुपणी करुआ मोड़ निवासी अजय प्रसाद गुप्ता के 23 वर्षीय पुत्र राजू रंजन के रूप में हुई है। राजू पिछले कई वर्षों से साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के सन्हा पश्चिम वार्ड संख्या-8 में अपनी बहन के यहां रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं थी, लेकिन राजू के हौसले बड़े थे। वह खुद की छोटी सी लाइब्रेरी चलाकर अपनी पढ़ाई का खर्च निकालता था और दिन-रात मेहनत कर अपने सपनों को पूरा करने में जुटा रहता था। वह बलिया ग्राउंड में फिजिकल की तैयारी भी करता था और उसके मन में देश सेवा का सपना पल रहा था। कई प्रतियोगी परीक्षाओं में उसने प्रयास किया, कई बार सफलता के करीब पहुंचा, लेकिन अंतिम मंजिल नहीं मिल सकी। इसके बावजूद उसने कभी हार नहीं मानी। शायद उसे क्या पता था कि मंजिल तक पहुंचने से पहले ही मौत उसका रास्ता रोक देगी। बताया जा रहा है कि बुधवार की शाम करीब छह बजे राजू पंचवीर बाजार से खरीदारी कर साइकिल से वापस सन्हा लौट रहा था। इसी दौरान सन्हा-पंचवीर बाजार के बीच तेज रफ्तार बाइक पर सवार दो युवकों ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक सवार युवक कथित तौर पर नशे की हालत में थे और काफी तेज गति से बाइक चला रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि राजू ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सड़क पर उसका खून और टूटी साइकिल देखकर लोगों की आंखें भर आईं। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। युवक की मौत से गुस्साए ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। लोगों ने बाइक सवार युवकों का पीछा किया, जिसमें एक युवक को पकड़ लिया गया, जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। भीड़ का गुस्सा इतना ज्यादा था कि हादसे में शामिल बाइक को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया। कुछ लोग बाइक में आग लगाने की बात भी कह रहे थे। सूचना मिलते ही साहेबपुर कमाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने हिरासत में लिए गए युवक को अपने कब्जे में लेकर थाना भेज दिया, जबकि दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया गया है। फरार युवक की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# अखिल भारतीय पान महासंघ का अभिनंदन समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** अखिल भारतीय पान महासंघ के बैनर तले अभिनंदन सह सम्मान समारोह का आयोजन द्वारिका पैलेस नावकोठी में गुरूवार को आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता राजकुमार तांती तथा संचालन आर के राजू ने किया। आईआईपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सहरसा विधायक ई आईपी गुप्ता ने कहा कि पान, ततवा अपने खोये मान, सम्मान तथा आरक्षण के लिए सदैव आंदोलनरत रहा है। हमसे केन्द्र की भाजपा सरकार ने आरक्षण छीनने का काम किया है। देश की आज़ादी में इस समाज की भूमिका अग्रणी रही है। कई अपनी प्राणों की आहुति भी दी, पर उन शहीदों का किसी भी सूची में नाम दर्ज नहीं है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के तन ढकने के लिए वस्त्र देने का काम किया गया। संविधान में पान जाति का दर्ज़ा दिया गया है। इसे विभिन्न उपजातियों में बांटकर इनके आरक्षण के आंदोलन को कमजोर करने की साजिश की गई है। आरक्षण वापस दिलाकर आपका सम्मान वापस दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता है। आरक्षण वापस करने तक आंदोलन जारी रखने का आह्वान किया। केन्द्र और राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अपराधियों के मंसूबे बढ़ा हुआ है। प्रधानमंत्री के कथनी तथा करनी में फर्क है। सभा को विनोद तांती, सोहित तांती, सत्य नारायण दास, बालेश्वर तांती, राम कृपाल तांती, शोभा देवी आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर देवेंद्र दास, आकाश कुमार, राम बालक दास, हरेराम दास, लाल बाबू तांती, पंकज कुमार, साहेब ताती, राजेश कुमार सहित काफी संख्या में पान समाज के सदस्य मौजूद थे।

# विद्यालयी शिक्षा में कला शिक्षा की भूमिका पर विचार गोष्ठी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेगूसराय।** गंगा ग्लोबल इंस्टीच्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन के दिनकर सभागार में दो दिवसीय विचार गोष्ठी- विद्यालयी शिक्षा में कला शिक्षा की भूमिका : सृजनात्मक अधिगम से समग्र विकास तक। सह ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह में गंगा ग्लोबल के निदेशक व बिहार विधानपरिषद सदस्य सर्वेश कुमार, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी, वरिष्ठ गायिका व संगीत शिक्षिका किशोरी मिश्रा, रंगकर्मी डॉ अमित रौशन, फिल्म अभिनेता अमीय कश्यप तथा प्राचार्य डॉ नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन किशोरी मिश्रा ने हुनरमंद बनने और धैर्य रखने को कहा वहीं श्याम कुमार सहनी ने कला को अभिव्यक्ति का तरीक़ा बताया। डॉ अमित रौशन ने व्यक्तित्व निर्माण में कला का महत्व बताया। अमीय कश्यप ने संप्रेषण कौशल और डिक्शन को समृद्ध करने की बात कही। डॉ नीरज कुमार ने जहां शिक्षा और संस्कृति के महत्व को समझाया वहीं प्रो विपिन कुमार ने प्रदर्शनकारी कला का महत्व बताया। डॉ सुधाकर पांडेय ने शिक्षा में कला के सैद्धांतिक पक्ष की ओर इशारा किया। कार्यक्रम का संयोजन व मंच संचालन प्रो परवेज़ यूसुफ़ ने किया। कार्यक्रम में प्रथम वर्ष की प्रशिक्षु अनुकृति कुमारी ने सत्यम शिवम सुंदरम... गीत गाकर मंत्र मुग्ध कर दिया। उक्त अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा नाटकों एवं गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।शिक्षा को केवल ज्ञानार्जन तक सीमित न मानकर विद्यार्थियों के समग्र विकास का माध्यम मानती है। इस दृष्टि से विद्यालयी शिक्षा में कला शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि कला केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति, संवेदनशीलता, कल्पनाशीलता, सृजनात्मकता और व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। विद्यालयी जीवन में कला शिक्षा–जैसे संगीत, नृत्य, नाटक, चित्रकला, लोककला एवं सृजनात्मक गतिविधियाँ–विद्यार्थियों को केवल कौशल नहीं सिखाती, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, संवाद कौशल, सहयोग, अनुशासन, भावनात्मक संतुलन तथा आलोचनात्मक चिंतन का भी विकास करती है। कला आधारित अधिगम बच्चों को सीखने की प्रक्रिया से जोड़ता है, जिससे शिक्षा रोचक, अनुभवात्मक और जीवनोपयोगी बनती है।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने कला को शिक्षा की मुख्यधारा में सम्मिलित करते हुए इसे बहुविषयी और अनुभवात्मक अधिगम का महत्वपूर्ण आधार माना है। नीति का उद्देश्य विद्यार्थियों में केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि सृजनात्मक सोच, सांस्कृतिक चेतना, नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है। इसी परिप्रेक्ष्य में ल्विद्यालयी शिक्षा में कला शिक्षा की भूमिका : सृजनात्मक अधिगम से समग्र विकास तक विषय पर यह विचार गोष्ठी आयोजित की गई।उक्त अवसर पर डॉ अंजली, प्रो अमर कुमार, डॉ कामायनी, डॉ अविनाश कुमार, डॉ अनीता एस, प्रो कुंदन कुमार, प्रो पिंटू कुमार व आलोक कुमार के साथ प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु उपस्थित थे।

# प्रखंड प्रमुख ने किया विद्यालय का निरीक्षण

## विद्यालय में पाई गई गंदगी, विकास फंड में गड़बड़ी की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** प्रखंड प्रमुख शिवचंद्र पासवान ने गुरुवार को मोहनपुर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेमनपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, साफ-सफाई, मध्याह्न भोजन तथा विद्यालय विकास फंड से जुड़े अभिलेखों की जांच-पड़ताल की गई।

प्रखंड प्रमुख ने वर्ग कक्ष में पहुंचकर बच्चों से पढ़ाई-लिखाई एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब पाई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि विद्यालय में स्वच्छता की कोई व्यवस्था नहीं है। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार महतो के विद्यालय से साइकिल लेकर निकल जाने को भी उन्होंने प्रोटोकॉल का उल्लंघन बताया। निरीक्षण में कई वर्ग कक्षों के सामने पान एवं गुटखा के दाग पाए गए। शौचालय में गंदगी भरी हुई थी तथा एक शौचालय में ताला बंद मिला। विद्यालय विकास फंड से जुड़े बिल-वाउचर एवं अन्य अभिलेख मांगने पर प्रधानाध्यापक द्वारा कोई स्पष्ट दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया।

प्रखंड प्रमुख ने बताया कि जर्जर विद्यालय भवन को लेकर पिछले महीने हुई बैठक का प्रस्ताव भी वरीय पदाधिकारियों को नहीं भेजा गया, जिससे अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों में नाराजगी है। उपस्थिति पंजी की जांच में भारी मात्रा में ओवरराइटिंग भी पाई गई। उन्होंने कहा कि यह गंभीर अनियमितता की ओर संकेत करता है तथा विकास फंड में गड़बड़ी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच के लिए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी को पत्र लिखा जाएगा। वहीं प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार महतो ने सफाई देते हुए कहा कि तकनीकी कारणों से शौचालय में ताला लगा था तथा जल्द ही बिल-वाउचर एवं अन्य कागजात उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

निरीक्षण के दौरान उप मुखिया महेश सदा, विद्यालय सचिव पिंकू कुमारी सहित कई स्थानीय अभिभावक मौजूद रहे।

# हीट वेव को लेकर अलर्ट : 11 बजे के बाद शिक्षण कार्य पर प्रतिबंध

**डीएम ने जारी किया निर्देश**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान एवं भीषण गर्मी की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जिला दण्डाधिकारी बेगूसराय श्रीकांत शास्त्री द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 8वीं तक की शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन संबंधी समय में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अंतर्गत अत्यधिक गर्मी एवं लू की स्थिति बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए जिले के अंतर्गत संचालित सभी प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र तथा सरकारी एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 8वीं तक पूर्वाह्न 11 बजे के बाद सभी प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश 22 से 25 मई तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि में विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि वे अपने विद्यालयों की समय-सारिणी का पुनर्निर्धारण करते हुए आदेश के अनुरूप ही शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित करें।जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तथा जिले के सभी थानाध्यक्षों को इसका अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया है।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश की अवहेलना की स्थिति में संबंधित संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन से अपील की है कि बच्चों को भीषण गर्मी एवं लू के प्रभाव से सुरक्षित रखने हेतु जारी निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें।

# शिविर में गर्भवतियों की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गुरूवार को पीएचसी नावकोठी में विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में कुल 36 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें 11 एनीमिक तथा 1 हेपटाइटिस पाँजीटिव महिला पाई गई। इन्हें नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी गई। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा महिलाओं का वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन सहित अन्य आवश्यक जांच की गई। जांच के क्रम में एक गर्भवती महिला एनीमिया से ग्रसित पाई गई, जिसे चिकित्सकों ने आवश्यक दवा उपलब्ध कराते हुए विशेष रूप से पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव रंजन चौधरी ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है। इससे मां और गर्भ में पल रहे शिशु के स्वास्थ्य की स्थिति का सही आकलन किया जा सकता है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को प्रतिमाह स्वास्थ्य जांच कराने, चिकित्सकों द्वारा दी गई दवाओं का नियमित सेवन करने तथा संतुलित एवं पौष्टिक भोजन लेने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियां, दाल, दूध, फल, अंडा तथा आयरन व प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए, जिससे शरीर में खून की कमी न हो और मां तथा शिशु दोनों स्वस्थ रह सकें। साथ ही समय-समय पर टीकाकरण कराने और स्वास्थ्यकर्मियों के संपर्क में रहने की भी सलाह दी। पैथोलॉजिकल जांच एलटी पंकज जोशी ने किया। इस मौके पर डॉ. चंदन मिश्रा, डा योगिता रानी, एएनएम शालिनी, रीणा, बेबी, विभा, विश्व भारती, रूपम, मंचन सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# बच्चों की प्रतिभा को निखारने को लेकर जमालपुर में आयोजित हुआ समर कैंप

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रीना कला केंद्र द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु समर कैंप का आयोजन दुर्गा मंदिर 6 नंबर गेट जमालपुर एवं रीना कला केंद्र दौलतपुर में किया गया।समर कैंप में बच्चों का उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में बच्चे पूरे जोश और खुशी के साथ कैंप में भाग लिए तथा अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में ड्रॉइंग, डांस, योग एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों को सीखने में व्यस्त दिखे। बच्चों में नई कला सीखने और अपनी प्रतिभा निखारने को लेकर काफी उत्साह भी देखा गया। 1 महीने तक चलने वाले इस समर कैंप में बच्चों के मानसिक, शारीरिक एवं रचनात्मक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आयोजक शिक्षक निशांत कुमार ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों को इस समर कैंप से जोड़कर उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहयोग करें।

# सर्प दंश से मासूम की मौत

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड के पहसारा पूर्वी पंचायत में सर्पदंश से पीड़ित मासूम के परिजनों ने झाड़फूंक के चक्कर में छह वर्षीय बालक की मौत हो गई। गुरुवार को सर्पदंश का मामला पहसारा पूर्वी पंचायत के वार्ड संख्या 10 ररिऔना की है। मृतक राजा मल्लिक का छह वर्षीय पुत्र प्रियांशु कुमार है। घटना के संबंध में मृतक के पिता राजा ने बताया कि वह घर के अंदर ही चापाकल पर पानी पीने गया था। उसके बायें पैर में सर्प ने डंस लिया। इसके बाद वह इस संबंध में बताया। झाड़फूंक के लिए बगल के भगवती स्थान पर ले गया। झाड़फूंक के क्रम में उसकी स्थिति बिगड़ने लगी। जब उसकी स्थिति काफी बिगड़ गई तो उसके बाद इलाज के पीएचसी, नावकोठी लाया गया। यहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इस 6 वर्षीय मासूम की मौत से गांव में सन्नाटा छाया हुआ है। झाड़-फूंक के चक्कर में एक मासूम ने अपनी जान गंवा दिया।

## पृष्ठ एक का शेष

### आप ड्यूटी कीजिए...

सचिवालय के संवाद सभागार में श्रावणी मेले की तैयारियों पर अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने संभावित बाढ़-सूखे की स्थिति को लेकर विस्तृत समीक्षात्मक बैठक भी की। बैठक में श्रद्धालु कांवरियों एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा ना हो, इसे लेकर विशेष तैयारी करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए। साथ ही आपदा प्रबंधन विभाग के पदाधिकारीगण के साथ संभावित बाढ़ एवं सूखा प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविर, दवाइयों, स्वच्छता, फसल क्षति आकलन एवं राहत राशि वितरण की तैयारियां समय से पूर्व ही पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### ग्रामीण पुलों के निर्माण...

किया गया है। ग्रामीण कार्य विभाग बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में बारहमासी सड़क संपर्कता सुनिश्चित करने के साथ-साथ ग्रामीण सड़कों से जुड़ी शिकायतों के निष्पादन को लेकर भी गंभीर है। इस दिशा में विभाग द्वारा संचालित हमारा बिहार हमारी सड़क ऐप अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहा है। इस डिजिटल पहल के माध्यम से ग्रामीण जनता अब सीधे तौर पर अपने क्षेत्रों की ग्रामीण सड़कों से संबंधित समस्याओं की जानकारी विभाग तक पहुंचा रही है। इन शिकायतों का विभाग द्वारा त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। ग्रामीण कार्य विभाग ने यह भी कहा है कि राज्यभर में हमारा बिहार हमारी सड़क ऐप के माध्यम से ग्रामीण सड़कों की 3,213 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें 3,102 शिकायतों का निष्पादन किया जा चुका है। इन शिकायतों के तहत संबंधित ग्रामीण सड़कों की मरम्मत, सतह सुधार, गड्ढा भराई तथा अन्य कार्य सुनिश्चित किया गया है।

**लोजपा आर के नेताओं ने पीड़ित परिवार से की भेंट : पकरीबरावां।** धमौल के चौकीदार जितेंद्र पासवान की हत्या मामले की जानकारी लेने लोजपा आर की टीम मृतक के गांव तुर्कवन पहुंचीं। वहां उन्होंने पीड़ित परिवार से भेंट की। टीम का नेतृत्व लोजपा आर के प्रदेश सचिव डॉ.विष्णुदेव पासवान कर रहे थे।

# अररिया में गैस संकट बरकरार, एजेंसी के बाहर लगी लंबी कतारें

## महीनों से नहीं मिला सिलेंडर, उपभोक्ता परेशान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** अररिया में एलपीजी गैस को लेकर लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। शहर से लेकर आसपास के इलाकों तक उपभोक्ता गैस सिलेंडर के लिए परेशान हैं। हालात ऐसे हैं कि एजेंसियों के बाहर सुबह से ही लंबी कतारें लग रही हैं और लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। बुधवार सुबह करीब 11:35 बजे शहर के शिवपुरी स्थित स्टार गैस एजेंसी के बाहर भारी भीड़ देखने को मिली। एजेंसी परिसर से निकलकर कतार नेशनल हाईवे 327 ई के सर्विस रोड तक पहुंच गई। सिलेंडर लेकर लाइन में खड़े लोग गुस्से और चिंता में नजर आए। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि बुकिंग के बावजूद समय पर डिलीवरी नहीं मिल रही है। इस्लामनगर वार्ड संख्या 27 निवासी मोहम्मद मुमताज ने बताया



कि उन्होंने करीब 15 दिन पहले गैस बुकिंग कराई थी। मोबाइल पर डीएससी नंबर आने के बावजूद सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हुई। एजेंसी में संपर्क करने पर बताया गया कि गैस की गाड़ी नहीं पहुंची है। उन्होंने कहा कि सुबह से कई घंटे लाइन में खड़े रहने के बाद भी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है।

वहीं ओम नगर वार्ड संख्या 8 के विनोद कुमार साह ने कहा कि पिछले महीने 13 तारीख को गैस बुकिंग कराने के बाद भी अब तक सिलेंडर नहीं मिला। मजबूरी में खुद एजेंसी पहुंचना पड़ा। उन्होंने बताया कि गैस की किल्लत से घर का पूरा कामकाज प्रभावित हो रहा है।

हालांकि स्टार गैस एजेंसी के मैनेजर प्रभाकर कुमार ने जिले में गैस आपूर्ति की स्थिति को सामान्य बताया। उनके अनुसार पिछले दो-तीन दिनों से सप्लाई वाहन नहीं पहुंच पाने के कारण बैकलॉग बढ़ गया है। एजेंसी अब तीन-चार दिनों के लंबित वितरण को जल्द पूरा करने में जुटी है। इधर जिला प्रशासन लगातार दावा कर रहा है कि जिले में गैस आपूर्ति सुचारू रूप से चल रही है और किसी बड़े संकट की स्थिति नहीं है। इसके बावजूद जमीनी हालात अलग तस्वीर पेश कर रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि कई दिनों से इंतजार के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा, जिससे लोगों में डर और नाराजगी दोनों बढ़ रही है।

स्थानीय लोगों का मानना है कि खाड़ी देशों में जारी तनाव और युद्ध का असर अंतरराष्ट्रीय गैस आपूर्ति पर पड़ा है, जिसका प्रभाव अब छोटे शहरों और जिलों तक महसूस किया जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बैकलॉग जल्द खत्म किया जाए और डिलीवरी व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए, ताकि आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

# उपराज्यपाल ने कटरा में अक्षय पात्र के केंद्रीकृत मध्यान्ह भोजन रसोई घर का किया शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो/पसूका**

**कटरा।** उपराज्यपाल ने युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए सरकार और सामाजिक संगठनों के बीच अधिक मज़बूत सहयोग का आह्वान किया। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्कूली बच्चों को संतुलित और पौष्टिक भोजन मिले। प्रत्येक बच्चे को स्वस्थ भोजन प्राप्त करने का अधिकार है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि

**कोई भी बच्चा पीछे न रह जाए: उपराज्यपाल**

उपराज्यपाल ने कहा कि सामान्य जीवन में हमारी विरासत तीन प्रश्नों पर आधारित होती है – हम क्या सृजित कर रहे हैं, हम क्या संरक्षित कर रहे हैं, और हम आने वाली पीढ़ियों को क्या सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि हमें इस सूची में एक और प्रश्न जोड़ना चाहिए – हम अपने बच्चों को क्या खिला रहे हैं।

**हमारी युवा पीढ़ी का पोषण ही हमारे भविष्य को आकार देगा : उपराज्यपाल**

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कटरा में अक्षय पात्र फाउंडेशन के केंद्रीकृत रसोईघर सुविधा का शिलान्यास किया। यह रसोईघर शुरू होने के बाद प्रतिदिन 5000 स्कूली बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में अक्षय पात्र की



भविष्य की परियोजनाओं, जिसमें जम्मू में प्रस्तावित केंद्रीकृत रसोईघर भी शामिल है, के बारे में भी जानकारी दी। उपराज्यपाल ने कहा, ्लमैंने युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए सरकार और सामाजिक संगठनों के बीच अधिक मज़बूत सहयोग का आग्रह किया है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्कूली बच्चों को संतुलित और पौष्टिक भोजन मिले। प्रत्येक बच्चे को स्वस्थ भोजन प्राप्त करने का अधिकार है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा पीछे न रह जाए। उन्होंने कहा, जो बच्चे संतुलित और पौष्टिक भोजन ग्रहण करते हैं, वे बेहतर ध्यान केंद्रित करते हैं, जानकारी को अधिक प्रभावी ढंग से याद रखते हैं और कक्षा में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। प्रोटीन, विटामिन और संतुलित आहार बच्चे की सोचने और समझने की क्षमता के लिए आवश्यक ऊर्जा प्रदान करते हैं। मैं चाहता हूँ कि जम्मू-कश्मीर का प्रत्येक विद्यालय यह याद रखे कि जब हम स्कूलों में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराते हैं, तो हम केवल पेट नहीं भर रहे होते, बल्कि भविष्य की सोच को आकार दे रहे होते हैं। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने स्कूली बच्चों को स्वयं भोजन भी परोसा। कार्यक्रम में भरतर्षभ दास (राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ट्रस्टी, अक्षय पात्र) ने कहा, 'अक्षय पात्र का उद्देश्य तकनीक और सेवा भाव के माध्यम से अधिक से अधिक बच्चों तक पौष्टिक भोजन पहुँचाना है, ताकि वे स्वस्थ रहकर बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकें। प्रस्तावित केंद्रीकृत रसोईघर अत्याधुनिक एवं अर्ध-स्वचालित तकनीक से सुसज्जित होगा, जिसमें उच्च क्षमता वाली रोटी बनाने की मशीन और बड़े पैमाने पर भोजन पकाने की सुविधा उपलब्ध होगी। यह रसोईघर स्वच्छता और गुणवत्ता के उच्चतम मानकों का पालन करते हुए हजारों बच्चों के लिए प्रतिदिन भोजन तैयार करेगा। यह पहल जम्मू-कश्मीर में बच्चों के पोषण स्तर को सुदृढ़ करने और शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। समारोह में अक्षय पात्र फाउंडेशन के कलस्टर हेड गोविंद दत्त दास, माता वैष्णो देवी से विधायक श्री बलदेव राज शर्मा, रियासी से विधायक श्री कुलदीप राज दुबे, उपराज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. मंदीप के. भंडारी, स्कूल शिक्षा विभाग के आयुक्त/सचिव राम निवास शर्मा, आईजीपी कश्मीर भीम सेन टूटी; संभागीय आयुक्त जम्मू रमेश कुमार, डीआईजी उधमपुर-रियासी रेंज शिव कुमार शर्मा, उपायुक्त रियासी कुमार अभिषेक, सविता ऑयल टेक्नोलॉजीज से उदय सी. रेगे, वरिष्ठ अधिकारी, अक्षय पात्र फाउंडेशन के सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

# राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि (बलिदान दिवस) के अवसर पर बुधवार को अररिया स्थित कंग्रेस कार्यालय गांधी आश्रम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कंग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मासूम रेज़ा ने की।

सभा को संबोधित करते हुए जिला कंग्रेस अध्यक्ष मासूम रेज़ा ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने देश को आधुनिक सोच, तकनीकी क्रांति और युवाओं की नई ऊर्ज़ा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने भारत को 21वीं सदी की ओर अग्रसर करने का विज़न दिया। पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने, युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मतदान का अधिकार दिलाने तथा सूचना एवं कंप्यूटर




क्रांति की शुरुआत को उन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी का जीवन देश की एकता, लोकतंत्र और जनसेवा के प्रति समर्पित रहा, जिससे आज भी करोड़ों लोग प्रेरणा लेते हैं। वहीं अररिया विधायक आबिदुर रहमान ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया। उनका सपना आत्मनिर्भर और मजबूत भारत का निर्माण था। उन्होंने हमेशा भाईचारे, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास की राजनीति को आगे बढ़ाया। देश उनके योगदान और बलिदान को कभी नहीं भूल सकता। इस अवसर पर बिहार कंग्रेस द्वारा नियुक्त जिला पर्यवेक्षक नैयर मसूद, युवा कंग्रेस जिला अध्यक्ष आफताब उर रहमान, महिला कंग्रेस जिला अध्यक्ष गुलशन आरा, महिला कंग्रेस प्रदेश महासचिव अफसाना हसन, इकबाल अहमद, अशरफ पिंटू, मो. कलाम, मो. सलाम, प्रखंड अध्यक्ष अलीमुद्दीन, मौलाना आफाक सहित बड़ी संख्या में कंग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने राजीव गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# रुंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट का स्थापना दिवस समारोह संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**फारबिसगंज (अररिया)।** रुंगटा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, फारबिसगंज द्वारा अपने तृतीय स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं प्रेरणादायी समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन सीमांचल क्षेत्र में शिक्षा, तकनीकी विकास एवं युवाओं के सशक्तिकरण की दिशा में संस्थान की निरंतर प्रगति का प्रतीक बना।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें संस्थान के निदेशक मंडल एवं विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक स्वागत नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रेरणादायक गीतों पर आधारित भावपूर्ण नृत्य कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. रशीद हुसैन, उप निदेशक एस. बी. कुमार, मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के निदेशक डॉ. संजय प्रधान एवं मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के प्राचार्य डॉ. पाराशर त्यागी उपस्थित रहे। इन्होंने संस्थान की आगामी योजनाओं, आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण के रूप में रुंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के



उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी विवेक श्रीवास्तव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए करियर काउंसलिंग, ज्ञान एवं कौशल विकास पर प्रेरणादायक वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा केवल डिग्री प्राप्त करना या परीक्षा पास करना ही सफलता नहीं है, बल्कि वास्तविक ज्ञान, व्यवहारिक कौशल एवं व्यक्तित्व विकास ही जीवन में आगे बढ़ने की सबसे बड़ी शक्ति है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित ट्रस्ट सदस्य कृपा शंकर द्विवेदी, ट्रस्ट सदस्य प्रो. राम सिंहासन सिंह, मारवाड़ी युवा मंच के युवा नेता आयुष अग्रवाल एवं इंजीनियर आलोक आनंद मेहता ने संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि रुंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट संस्थान सीमांचल के विद्यार्थियों के लिए आधुनिक एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षाविदों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की भी उपस्थिति रही। सभी ने संस्थान की पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि रुंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट संस्थान सीमांचल के युवाओं को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संस्थान के चेयरमैन महाबीर प्रसाद रुंगटा ने अपने संदेश में कहा आरआईटीएम का उद्देश्य सीमांचल के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि वे आधुनिक युग की चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या : 20–एसडीएसटीई–एएसएन–2026–27, दिनांक 20.05.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल–आसनसोल मंडल के तहत मेल/एक्सप्रेस के ठहराव वाले विभिन्न स्टेशनों पर आईपीआईएस आधारित टीआईबीसीआईबी डिस्प्ले सिस्टम का प्रावधान"। **निविदा मूल्य:** रु. 6,76,56,771.35, **बयाना राशि:** रु. 13,53,100/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 12.06.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www. ireps.gov.in/**

ASN-103/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं.:** 41_2026-27, **दिनांक** 18.05.2026, मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 (**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के क्षेत्रधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में निम्नलिखित स्थानों पर सेस मरम्मत कार्य हावड़ा–बाली कॉर्ड: डाउन कॉर्ड 9.470–10.000=668 घनमी, अप कॉर्ड 4.090–4.570=608 घनमी, 5.100 – 5.980 =1349 घनमी, 7.000–8.000=1575 घनमी, 9.000–10.000=1680 घनमी, हावड़ा–बाली डीजल इनकमिंग लाइन 0.750–1.150=635 घनमी, डीजल शेड इंजन बहार लाइन 0–0.488 =956 घनमी, डाउन 7.000–8.000=1610 घनमी, रिसीविंग लाइन 10–0.784 = 1435 घनमी, अप एवीडीजी लाइन 2.150–2.750= 1377 घनमी बाली–बैण्डेल: डाउन 10.000 –14.000=4410 घनमी, अप 10.000–12.000 =2100 घनमी, 16.000–19.000=4410 घनमी, सेवड़ाफुली–गोघाट: डाउन 13.500–17.650=20750 घनमी, 13.728–14.875=5162 घनमी, एसएल 38.500–38.563 = 284 घनमी, 39.033–41.366=10500 घनमी, 41.895–47.514 =20800 घनमी, 48.150–48.324=783 घनमी, 51.548–58.610=31780 घनमी, 60.194–62.031=9100 घनमी, 62.493–62.790=1470 घनमी, 62.830–63.230 =1980 घनमी, 63.500–64.100 = 2970 घनमी, 64.180–64,600=2079 घनमी, 64.800–68.550=18560 घनमी, अप 4.472 –4.786=848 घनमी, 13.500–17.650=20750 घनमी, बैण्डेल–शक्तिगढ़: डाउन 56.000 –58.000=9772 घनमी, 67.500–69.000 =7500 घनमी, 73.000 – 73.800 = 4000 घनमी, 79.320–80.690=6703 घनमी, 82.530–84.370=8110 घनमी, 84.780–87.000=11100 घनमी, 88.795 – 90.800 = 9641 घनमी, अप 57.165–58.720=5738 घनमी, 59.430–59.640=794 घनमी, 61.635 –62.550=3459 घनमी, 73.160–74.210 = 3875 घनमी, 82.790–83.265=1838 घनमी, 88.160–88.530=1499 घनमी। **अनुमानित मूल्य :** रु. 8,01,00,134.23, **बयाना राशि:** रु. 16,02,000/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 08.06.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-89/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# आम आदमी को अराजकता में झोंक रही राज्य सरकार : सपा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** बढ़ती महंगाई शहर मे पेयजल एवं विद्युत संकट प्रशासनिक भ्रष्टाचार सहित सांगठनिक ढांचा को मजबूत करने को लेकर समाजवादी पार्टी नगर इकाई जमालपुर के प्रमुख साथियों की एक आवश्यक बैठक नगर उपाध्यक्ष डॉ सुधीर गुप्ता के अध्यक्षता में नया गांव में आयोजित की गई।बैठक में बतौर मुख्य अतिथि लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकां झा एवं सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव मौजूद थे ।अध्यक्षता करते हुए डॉ सुधीर गुप्ता ने की शहर में बढ़ता पेयजल संकट विद्युत के अनियमित आपूर्ति नशा का बढता व्यापार पर शासन प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है



जिसे लेकर हम समाजवादी साथियों को आन्दोलन के लिए आगे आना चाहिए।जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रशासनिक भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के बजाय आम आदमी को अराजकता में झोंक रही है सरकार के जनविरोधी नितियों के कारण आम आदमी का जीना दूभर हो गया है वृद्धा विधवा विकलांग जैसे असहायों का पेंशन रोक कर्ज में डूबी सम्राट सरकार विकास कार्य का शब्जवाग दिखा रही है जिसके विरुद्ध जनता को बिना देर किए गोलबंद होना होगा क्योंकि जन समस्याओं से घिरे जनता के लिए संघर्ष ही एकमात्र सहारा है अन्यथा इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी महासचिव श्री झा ने कहा कि जमालपुर शहर में रेल और नगर परिषद के खेल में करोड़ों का एस्टीमेट घोटाले को अंजाम दिया जा रहा है घोटाला हो रहा है और ना खाऊंगा ना खाने दूंगा बालों की यह सरकार मुंह ताक रही है।अन्त में सर्वसम्मति से सरकार के आमजन विरोधी नीतियों के विरुद्ध आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया एवं पत्रकार दीपक कुमार के पिता गोपाल प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। बैठक में मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति, वरिष्ठ नेता नकुल यादव सचिव दिनेश साहू सत्यजीत पासवान सुरेन्द्र साह प्रमोद ठाकुर चन्दन साहू विकास यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# बेली ब्रिज के लोहे का चादर बिछाने का काम पूरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के बरारी घाट के पास क्षतिग्रस्त विक्रमशिला गंगा सेतु पर सीमा सड़क संगठन द्वारा आज एक ही दिन में निर्माणाधीन बेली ब्रिज के 170 फीट में लोहे का चादर बिछाने काम पूरा किया गया है। पूर्वी एवं उत्तरी बिहार को जोड़ने वाले विक्रमशिला गंगा सेतु के क्षतिग्रस्त वाले हिस्से पर बेली ब्रिज का निर्माण कार्य सीमा सड़क संगठन द्वारा किया जा रहा है। विगत 20 मई को संगठन के अपर महानिदेशक जितेंद्र प्रसाद के द्वारा जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर के साथ निरीक्षण किये जाने के बाद इस ब्रिज के निर्माण कार्य



में काफी तेजी आई है। ऐसे में गुरुवार को एक ही दिन में ब्रिज के एक सौ सत्तर फीट में लोहे का चादर बिछ जाने से बहुत जल्द लोगों और छोटे वाहनों के चलने की संभावना बन गई है। इधर जिलाधिकारी ने बताया कि बेली ब्रिज के निर्माण में लगे सीमा सड़क संगठन के अभियंताओं कर्मियों की टीम को जिला प्रशासन द्वारा हरसंभव सहयोग किया जा रहा है। निर्माण कार्य की तीव्रता को देखते हुए अगले जून माह के पहले सप्ताह में बेली ब्रिज के जरिए विक्रमशिला गंगा सेतु पर छोटे वाहनों का परिचालन आरंभ कर दिया जाएगा। जिससे भागलपुर और नवगछिया दोनों तरफ का सड़क संपर्क फिर से जुड़ जाएगा

# चिट्ठी ना कोई संदेश... गाकर कलाकारों ने दी संगीतज्ञ संजीव पाठक को श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमालपुर (मुंगेर)।** प्रखंड के इंदरुख निवासी एवं प्रसिद्ध गायक-संगीतज्ञ संजीव कुमार पाठक के आकस्मिक निधन पर स्थानीय मनोज जागरण ग्रुप परिसर में गुरुवार को भावपूर्ण शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जमालपुर, मुंगेर, लखीसराय सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे कलाकारों, संगीत प्रेमियों एवं सांस्कृतिक जगत से जुड़े लोगों ने दिवंगत संगीतज्ञ को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभा की अध्यक्षता जानिशा आर्ट एंड फिल्म स्टूडियो के निदेशक मो. ईशा उर्फ चंचल ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ संगीतज्ञ मनोज कुमार ने किया। शोक सभा की शुरुआत दिवंगत




संजीव कुमार पाठक के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने अपने गीतों के माध्यम से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जमालपुर के कलाकार उपेंद्र कुमार ने चिट्ठी ना कोई संदेश, जाने वो कौन सा देश...गीत प्रस्तुत कर माहौल को बेहद भावुक बना दिया। वहीं विकेश शास्त्री (मुंगेर) ने रघुवर चरणों में देना ठिकाना उन्हें, सुर साधिका भारती कुमारी ने ना रहें हम, महका करेंगे, लखीसराय की ऋचा रानी ने जरा धीरे-धीरे गाड़ी हांकों रे, नन्हें कलाकार हंसराज ने हमारे साथ श्रीरघुनाथ, किस बात की चिंता और मनोज कुमार ने ए मेरे दोस्त लौट के आजा गीत प्रस्तुत कर सभी की आंखें नम कर दीं। तबले पर पंकज कुमार ने संगत कर कार्यक्रम को संगीतमय बनाया। वहीं कंचन ने उनकी सादगी जीवन पर प्रकाश डाला। मौके पर मो. ईशा उर्फ चंचल ने कहा कि संजीव कुमार पाठक केवल जमालपुर या मुंगेर ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार के संगीत जगत की एक पहचान थे। उनके निधन से कला जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि संजीव पाठक ने वर्षों तक संगीत साधना के माध्यम से नई प्रतिभाओं को मंच देने का कार्य किया। गौरतलब है कि 57 वर्षीय संजीव कुमार पाठक वर्तमान में बांका जिले के करहरिया स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य थे तथा विद्या भारती संगठन में संगीत प्रमुख के पद पर भी कार्यरत थे। बीते सप्ताह राजगीर में आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान उन्हें अचानक हृदयाघात हुआ। पटना ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उनका निधन हो गया। शास्त्रीय संगीत, भजन, सुगम संगीत एवं ठुमरी गायन में उनकी विशेष पहचान थी। उनकी मधुर आवाज और संगीत साधना ने उन्हें पूरे क्षेत्र में लोकप्रिय बना दिया था।

# बिहार में सर्व सेफ फूड परियोजना का विस्तार

**मुजफ्फरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नेस्ले इंडिया ने बिहार स्वास्थ्य विभाग और एनएएसवीआई के सहयोग से राज्य में सर्व सेफ फूड परियोजना का विस्तार किया है। इसके तहत पटना, गया, नालंदा, वैशाली और मुजफ्फरपुर जिलों में 1,500 से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही प्रशिक्षित विक्रेताओं की कुल संख्या 10,000 से अधिक हो जाएगी। परियोजना के तहत विक्रेताओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षित खाद्य प्रबंधन, वेस्ट डिस्पोजल और एंटरप्रेन्योरशिप से जुड़ा प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने कहा कि बिहार तेजी से विकास कर रहा है और खाद्य सुरक्षा व स्वच्छता मानकों को मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने इस पहल के लिए नेस्ले इंडिया और एनएएसवीआई की सराहना की। नेस्ले इंडिया में सस्टेनेबिलिटी और सामाजिक पहलों के प्रमुख कुँवर हिममत सिंह ने कहा कि सर्व सेफ फूड परियोजना के माध्यम से स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उनके कौशल और जागरूकता को मजबूत किया जा रहा है। नेस्ले इंडिया ने वर्ष 2016 में सर्व सेफ फूड परियोजना की शुरुआत की थी। इस पहल के तहत 27 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में 92,800 से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

# बाढ़-सुखाड़ एवं हीट वेव से निपटने के लिए समय पर पूर्ण करें सभी तैयारियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा हेतु उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनआईसी सभा कक्ष से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) उपेंद्र पंडित, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. श्यामा किशोर, लघु सिंचाई प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अशोक कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी जुड़े रहे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा जिले में संभावित बाढ़, सुखाड़ एवं हीट वेव की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। विशेष रूप से सोन नदी तटवर्ती गांवों में बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने आवश्यकता पड़ने पर



गया एवं बिहटा से एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ टीमों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा एसओपी के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां समय पूर्व पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि जिले में बाढ़ राहत एवं अन्य सामग्रियों के दर निर्धारण हेतु निविदा प्रकाशित की गई है। पूर्वी सोन नहर प्रणाली, पटना मुख्य नहर एवं उत्तर कोयल नहर प्रणाली के माध्यम से किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने हेतु मरम्मति एवं जंगल सफाई कार्य कराया जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर तांती प्रणाली लागू कर सिंचाई सुविधा बहाल रखने की व्यवस्था की गई है। लघु सिंचाई प्रमंडल अंतर्गत कुल 1566 योजनाएं संचालित हैं जिनमें आहर, तालाब, चेकडैम, राजकीय नलकूप एवं मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजनाएं शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संभावित जलजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय टीम गठित की गई है। जिले में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस, आईवी फ्लूड, एंटी डायरियल दवाएं, हैलोजन टैबलेट, एंटी स्नेक वेनम एवं एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध हैं। जिले में कुल 364 प्रकार की मानव दवाएं उपलब्ध हैं। हर घर नल का जल योजना अंतर्गत 2949 योजनाओं में से 2937 योजनाएं पूर्ण की जा चुकी हैं। छूटे हुए टोलों में भी तेजी से कार्य कराया जा रहा है। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ संभावित बाढ़, सुखाड़ एवं हीट वेव से निपटने हेतु सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

# आतंकवाद विरोधी दिवस पर दिलाई गई शपथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** गृह विभाग (विशेष शाखा) के निर्देशानुसार आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस अवसर पर जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आतंकवाद एवं हिंसा के विरुद्ध सामूहिक शपथ ली। सभी ने भारत की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास व्यक्त करते हुए हर प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने का संकल्प लिया। शपथ के दौरान अधिकारियों एवं कर्मियों ने समाज में शांति, सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने तथा मानव जीवन मूल्यों को चुनौती देने वाली विघटनकारी




शक्तियों के खिलाफ संघर्षरत रहने का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) मोहम्मद सादुल हसन खां, जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उपसमाहर्ता बेबी प्रिया, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, डीपीओ आईसीडीएस विनीता कुमारी, सहायक योजना पदाधिकारी प्रियंका कुमारी एवं सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग महेशानंद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भी आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ लेकर आतंकवाद एवं हिंसा के विरुद्ध एकजुट रहने का संदेश दिया।

# इको-टूरिज्म एवं इको-स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित होगा उमंगेश्वरी तालाब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा मदनपुर प्रखंड अंतर्गत स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के उमंगेश्वरी तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण उक्त तालाब को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जाने की संभावनाओं के आकलन के उद्देश्य से किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा उमंगेश्वरी तालाब की वर्तमान भौतिक स्थिति, जल क्षेत्र का विस्तार, तालाब तक पहुंचने के लिए उपलब्ध संपर्क पथ, प्राकृतिक सौंदर्य तथा आसपास विद्यमान आधारभूत संरचनाओं का विस्तृत अवलोकन किया गया। साथ ही तालाब के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता व्यवस्था, पर्यटक सुविधाओं के विकास एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित पहलुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि उमंगेश्वरी तालाब क्षेत्र को इको-टूरिज्म एवं इको-स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाए ताकि प्राकृतिक वातावरण को संरक्षित रखते हुए यहां पर्यटकों एवं युवाओं के लिए आकर्षक गतिविधियों का विकास किया जा सके। इसके अंतर्गत नौकायन, प्रकृति भ्रमण, ओपन स्पेस गतिविधियां तथा पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन सुविधाओं के विकास की संभावनाओं पर भी विचार करने का निर्देश दिया गया।

# दो लोगों की हत्या मामले में पांच दोषियों को उम्रकैद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 में हुए दोहरे हत्याकांड में न्यायालय ने पांच अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला ओझा-डायन के आरोप में दो व्यक्तियों की पीट-पीटकर हत्या से जुड़ा था। जानकारी के अनुसार मदनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जमुआईन में 29 जून 2021 को कुछ लोगों ने अंधविश्वास और ओझा-डायन के आरोप में दो लोगों की हत्या कर दी थी। घटना के बाद मृतकों के परिजनों के आवेदन पर मदनपुर थाना कांड संख्या-154/21 दर्ज की गई थी। मामले में एपीपी प्रदीप कुमार सिंह द्वारा प्रभावी ढंग से पक्ष रखा गया। सुनवाई पूरी होने के बाद गुरुवार को एडीजे-08 मनीष कुमार जायसवाल की अदालत ने अभियोजन पक्ष के तर्कों और उपलब्ध साक्ष्यों को सही मानते हुए पांचों अभियुक्तों को दोषी करार दिया। दोषी ठहराए गए अभियुक्तों में लालमोहन भुइयां, तपेश्वर भुइयां, रामप्यारे भुइयां, अशरफी भुइयां एवं राजेश भुइयां शामिल हैं। सभी आरोपी मदनपुर थाना क्षेत्र के जमुआईन गांव के निवासी हैं। न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत पांचों अभियुक्तों को आजीवन कारावास तथा 10-10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। इसके अलावा धारा 148 के तहत दो-दो वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 147 के तहत एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास तथा धारा 448 के तहत भी एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।




# सीता थापा मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर किया स्थलीय निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा मदनपुर प्रखंड अंतर्गत स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के सीता थापा मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य सीता थापा के संरक्षण, सौंदर्यीकरण एवं समुचित जीर्णोद्धार हेतु आवश्यक कार्यों का आकलन करना था ताकि स्थानीय श्रद्धालुओं एवं आम जनमानस को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। साथ ही सीता थापा मंदिर परिसर का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए मंदिर के संरचनात्मक संरक्षण, परिसर विकास, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से संबंधित आवश्यकताओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि मंदिर के समग्र विकास एवं जीर्णोद्धार हेतु विस्तृत कार्ययोजना शीघ्र तैयार कर प्रस्ताव उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का संरक्षण न केवल सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए आवश्यक है बल्कि इससे स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को गति प्राप्त होगी। निरीक्षण के दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, प्रखंड विकास पदाधिकारी मदनपुर, अंचल अधिकारी मदनपुर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हत्या का प्रयास समेत दो मामलों में वांछित छह अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** फेसर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के दो अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे छह अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के बीच हड़कंप मच गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अनिल कुमार, शंभू कुमार, सुदर्शन कुमार, हरेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, तथा मुकेश कुमार शामिल हैं। सभी अभियुक्त फ़ेसर थाना क्षेत्र के रूप खाप गांव के निवासी बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार हत्या के प्रयास से जुड़े दो अलग-अलग कांडों में ये सभी अभियुक्त वांछित थे और लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहे थे। गुप्त सूचना एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर फ़ेसर थाना पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है तथा मामले से जुड़े अन्य बिंदुओं पर भी जांच जारी है।

# तीन वारंटी धराये

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिले के कासमा थाना पुलिस ने न्यायालय से निर्गत गैर जमानती वारंट के मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से फरार अभियुक्तों में हड़कंप मच गया है। गिरफ्तार वारंटियों में अपकी निवासी संतोष मेहता, चिरैला निवासी दुर्गा सिंह एवं तेतरिया निवासी स़रवन दास शामिल हैं। तीनों आरोपी कासमा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार तीनों के विरुद्ध न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी था जिसके बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर कासमा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। कासमा थाना की इस कार्रवाई को कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि फरार अभियुक्तों और वारंटियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।